खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24° C
न्यूनतम : 11° C

देहरादून, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## नौवां रोज़ा

### ज़कात का ज़ेवर है नौवां रोज़ा

इस्लाम मजहब में ज़कात की बड़ी अहमियत है। कुरआने-पाक के पहले पारे में अल्लाह का इरशाद है, और नमाज कायम रखो और ज़कात दो और रुकूअ करने वालों के साथ रुकूअ करो। ज़कात, दोस्ती का दस्तावेज तो है ही, रोज़े का ज़ेवर भी है। ज़कात का ज़ेवर रोज़े की ज़ेब-ओ-ज़ीनत बढ़ाता है। ज़कात में दिखावा नहीं होना चाहिए। ज़कात का दिखावा, 'दिखावे' की ज़कात बन जाएगा। दिखावा शैतानियत का निशान है, इंसानियत की पहचान नहीं। रोज़ा पाकीज़गी का परचम और इंसानियत का हमदम है। इसलिए इंसानियत भी। रूहानियत की ताकत है रोज़ा, रोज़े की ताकत है ज़कात। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फर्माया, रोज़ा रखते हुए शख्स को बुरी बात कहने से बचना चाहिए, यह भी ज़कात है।

# एनसीईआरटी की पुस्तक के पुनर्मुद्रण व डिजिटल प्रसार पर पूर्ण रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रचलन में मौजूद सामाजिक विज्ञान की किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की उस पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का संदर्भ दिया गया था।

न्यायालय ने प्रचलन में मौजूद किताबों की प्रतियों को तुरंत जब्त करने का निर्देश दिया और इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर अनुपालन रिपोर्ट मांगी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह एनसीईआरटी के निदेशक और उन सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, जहां यह किताब पहुंची है। उन्हें अपने परिसर में मौजूद किताब की सभी प्रतियों को तुरंत जब्त कर सील करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित पुस्तक के आधार पर छात्रों को कोई निर्देश या शिक्षा न दी जाए। सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को इस आदेश का पालन करने और दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों या बदले हुए शीर्षकों के जिरए इस आदेश का उल्लंघन करने की किसी भी कोशिश को अदालत की अवमानना और निर्देशों की सीधी अवहेलना माना जाएगा। इससे पहले बुधवार को मुख्य न्यायाधीश ने पुस्तक की सामग्री पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि वह किसी को भी संस्था को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका के खिलाफ एक गहरी साजिश करार दिया।



### एनसीईआरटी मामले में न्यायपालिका के आदेश का पालन किया जाएगा : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक विवाद पर कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों का पालन किया जाएगा। श्री प्रधान ने उच्चतम न्यायालय के एनसीईआरटी की कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक के पुनर्मुद्रण और डिजिटल प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश पर गुरूवार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम न्यायपालिका का पूरा सम्मान करते हैं। न्यायपालिका ने जो भी कहा है, हम उसका पूरा पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, उससे मैं दुखी हूं, और मैं इस पर अफसोस जताता हूं।

### युवा कांग्रेस ने संगठन के नेताओं की रिहाई के लिए किया सत्याग्रह

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब तथा संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को यहां शांतिपूर्ण सत्याग्रह किया। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने गुरुवार को बताया कि सत्याग्रह में देश भर से आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ता और राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य तथा युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। श्री पांडे ने बताया कि सत्याग्रह में कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आदि शामिल हुए।




### अजित पवार प्लेन क्रैश: भतीजे रोहित व योगेंद्र बारामती पहुंचे

**बारामती।** महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के प्लेन क्रैश मामले में अजित के दोनों भतीजे रोहित और योगेंद्र पवार गुरुवार सुबह बारामती पहुंचे। यहां दोनों ने बारामती ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचकर क्रैश मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयरक्राफ्ट कंपनी वीएसआर के खिलाफ एफआईआर की मांगी की। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एससीपी) के विधायक रोहित पवार ने थाने से बाहर आकर कहा कि हमारी पुलिस के साथ 2 घंटे बातचीत हुई, पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# इजरायल में भारतीय UPI चलेगा

## मोदी-नेतन्याहू की बैठक में समझौता, पीएम मोदी बोले: जल्द फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगे

**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री मोदी इजरायल दौरे के दूसरे दिन सबसे पहले यरूशलम के होलोकास्ट मेमोरियल 'याद वाशेम' पहुंचे। यहां उन्होंने हिटलर के नाजी शासन में मारे गए 60 लाख यहूदियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद इजरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात की। इस दौरान इसाक ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ी है, जो पूरी दुनिया का ध्यान खींच रही है।

वहीं, पीएम मोदी ने इजरायली राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया। फिर पीएम मोदी और इजरायली पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मीटिंग के बाद जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बताया गया है कि इजरायल में भी अब भारत का यूपीआई पेमेंट सिस्टम चलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द इजरायल के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) करेगा। मोदी बुधवार को इजरायल पहुंचे थे। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया था। इसके बाद पीएम मोदी ने इजरायली संसद नेसेट को भी संबोधित किया। उन्हें संसद का सर्वोच्च सम्मान 'स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल' दिया गया। मोदी नेसेट को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और वहां की जनता का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद दिया। नेसेट (इजरायली संसद) से मिले सम्मान को उन्होंने 140 करोड़ भारतीयों और भारत-इजरायल दोस्ती को समर्पित किया। कहा कि दोनों देशों के रिश्ते भरोसे, लोकतंत्र और इंसानी मूल्यों पर बने हैं। अब इस रिश्ते को स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला हुआ है। यह दोनों देशों के लोगों की उम्मीदों को दर्शाता है। दोनों देश व्यापार और निवेश बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। जल्द ही फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पूरा करने की कोशिश होगी। एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी और जरूरी खनिज जैसे क्षेत्रों में साथ काम होगा। इजरायल में यूपीआई इस्तेमाल के लिए समझौता हुआ है। रक्षा, अंतरिक्ष और ऊर्जा सहयोग- रक्षा क्षेत्र में दोनों दोशों का भरोसेमंद सहयोग है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। जाइंट डेवलपमेंट, प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर काम होगा। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ेगी। किसानों और गांवों के लिए नई पहल- कृषि क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग पहले से सफल रहा है। भारत में इजरायल की मदद से बने सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस की संख्या 100 तक बढ़ाई जाएगी। गांव-गांव तक नई खेती तकनीक पहुंचाने के लिए 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जाएंगे। इससे किसानों की आय और उत्पादन बढ़ेगा। भारतीय कामगारों ने इजरायल में मेहनत से भरोसा जीता है। अब सहयोग को कामर्स और सर्विस सेक्टर तक बढ़ाया जाएगा। युवाओं और रिसर्चर्स को जोड़ने के लिए इंडिया-इजरायल अकादमिक फोरम बनेगा। वैश्विक मुद्दों पर साझेदारी- दोनों देशों ने आईएमईसी कॉरिडोर और आई2यू2 ग्रुप जैसे प्रोजेक्ट आगे बढ़ाने पर चर्चा की।



- इजरायल आना मेरे लिए गर्व की बात: मोदी
- भारत और इजरायल के बीच 16 एमओयू हुए साइन
- फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत का पहला दौर पूरा

### पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फालोअर्स वाले पहले नेता


**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फालोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पालिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फालोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फालोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फालोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फालोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फालोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फालोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फालोअर्स हैं। पीएम मोदी ने बुधवार देर रात इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फालोअर्स का आंकड़ा छुआ। 2025 में पीएम मोदी के फालोअर्स 95 मिलियन हुए। इसकी के साथ उनका अकाउंट ग्लोबल इन्फ्लुएंसर्स अकाउंट्स की लिस्ट में जोड़ा गया। उनकी पोस्ट को लाखों-करोड़ों लाइक्स मिलना आम बात हुई।

# मियां मुसलमान विवाद पर असम सीएम को हाईकोर्ट का नोटिस

गुवाहाटी, वार्ता

**असम के मुख्यमंत्री** हिमंता बिस्वा सरमा के मियां मुसलमान वाले बयान पर गुवाहाटी हाइकोर्ट ने नोटिस जारी किया है। ये नोटिस राज्य में माइनॉरिटी कम्युनिटी के खिलाफ हेट स्पीच देने से रोकने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद जारी किया गया।

याचिका में कहा गया था कि सीएम सरमा के हेट स्पीच के वीडियो वायरल होने के बावजूद, असम पुलिस ने खुद से एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसमें दावा किया गया है कि सीएम के खिलाफ कार्रवाई न करने से सजा से बचने का माहौल और डरावना असर होता है। असमिया स्कॉलर डा. हिरेन गोहेन और दो अन्य लोगों ने इसे दायर किया था। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने पिटीशनर्स से कहा था कि वे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। मामले की सुनवाई के बाद, चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार और जस्टिस अरुण देव चौधरी की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार, असम सरकार, डीजीपी और मुख्यमंत्री को नोटिस जाकी किया। कोर्ट ने अंतरिम राहत की अर्जी पर भी नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस स्टेज पर भाजपा को नोटिस जारी करना जरूरी नहीं है। एक पिटीशनर की ओर से पेश हुए सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस व्यक्ति के काम की एक जैसी, लगातार और आदतन प्रकृति को देखिए। वह अपने पद की शपथ और आर्टिकल 14, 15 के हर जाने-माने नियम, प्रस्तावना के शब्दों, सेक्युलरिज्म और भाईचारे और बीएनएस के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। सिंघवी ने कहा कि जब कोई पब्लिक ऑफिस की शपथ लेता है, खासकर राज्य का सीएम, तो ऐसे मामले मंजूर नहीं हैं। सिंघवी ने 2023 में छत्तीसगढ़ में सरमा की एक कथित टिप्पणी का जिक्र किया।



**याचिका में हिमंता को हेट स्पीच देने से रोकने की मांग की गई थी, कोर्ट ने केंद्र और असम डीजीपी को भी नोटिस भेजा**

## दिल्ली हाईकोर्ट का सैनिकों के हक में फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन को सिर्फ यह कहकर नहीं रोका जा सकता कि बीमारी 'लाइफस्टाइल डिसऑर्डर' है या वह पीस एरिया में तैनाती के दौरान हुई।

हाईकोर्ट ने कहा कि गैर-ऑपरेशनल क्षेत्रों में भी सैन्य सेवा तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। बता दें कि सेना में 'पीस पोस्टिंग' का मतलब है कि सैनिक या अधिकारी की पोस्टिंग बॉर्डर पर नहीं बल्कि शांत और सुरक्षित शहरों या छावनियों में होती है। जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। वे हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में।

- कहा: लाइफस्टाइल डिसऑर्डर बताकर दिव्यांगता पेंशन नहीं रोक सकते, सैन्य सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण

## ईडी ने तीन करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति की कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक मामले में 3.35 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के नागपुर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके परिवार के सदस्यों की कुर्क की गई संपत्तियों में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 10.37 एकड़ है। पीएमएलए जांच नागपुर के धंतोली और सीताबल्डी पुलिस स्टेशनों में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनके सहयोगियों के खिलाफ उनकी कथित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के लिए दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी। जांच में यह खुलासा हुआ कि सचिन शत्रुघ्न पांडे और उनकी पत्नी श्रीमती खुशी सचिन पांडे ने नागपुर में दो संपत्तियों में कोई हिस्सेदारी न होने के बावजूद, उन संपत्तियों को 2.5 करोड़ रुपये में बेचने के लिए शिकायतकर्ता अमित कोठारी के साथ जानबूझकर समझौता किया और 2-2 करोड़ रुपये नकद प्राप्त किए। बाद में जब शिकायतकर्ता के पक्ष में संपत्तियों को स्थानांतरित करने वाला बिक्री विलेख (डीड) निष्पादित नहीं किया गया, तो आरोपियों ने समझौता किया।

- जब्त संपत्ति में तीन व्यावसायिक दुकानें और दो भूखंड शामिल

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177



## संक्षिप्त समाचार

### मानव सम्पदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण न देने वाले कर्मचारियों को 10 तक मौका

**लखनऊ।** मानव सम्पदा पोर्टल पर सम्पत्ति का विवरण न देने वाले 47 हजार 816 कर्मचारियों को राहत देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतिम मौका दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की तरफ से गुरुवार को सभी एसीएस और प्रमुख सचिवों सहित विभागा ध्यक्षों और मण्डलायुक्तों को आदेश जारी कर 10 मार्च तक अपलोड कराने के निर्देश दिया हैं। कर्मचारियों को 31 जनवरी तक सम्पत्ति का विवरण देना था। गोयल द्वारा जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि तक संपत्ति का विवरण दर्ज न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा, उन्हें एसीपी का लाभ नहीं मिलेगा तथा विदेश यात्रा और प्रतिनियुक्ति के लिए विजिलेंस क्लियरेंस भी नहीं दी जाएगी।

### उप्र के हर जिले में विकसित होंगे मॉडल तालाब

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने तालाबों के पर्यावरणीय और सामाजिक महत्व को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले में 100-100 तालाबों को 'मॉडल तालाब' के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण समुदाय के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन मॉडल तालाबों को ग्रे वाटर और प्लास्टिक अपशिष्ट से मुक्त बनाया जाएगा। इससे जल की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा मच्छरजनित रोगों में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब जल संचयन, भूजल रिचार्ज, सिंचाई, जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक गति. विधियों के केंद्र रहे हैं।

# मोदी ने किया इजरायल का खुला बचावः कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेल अबीव में इजराइल की संसद में बुधवार को दिए अपने भाषण पूरी तरह से इजरायल का बचाव किया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि इजरायल की संसद कनेसेट में मोदी में जो भी बात कही उसमें इजरायल का बचाव था।

कांग्रेस मांग करती रही है कि इजरायली संसद में मोदी गाजा में हुए नरसंहार का मुद्दा भी उठाएं। रमेश ने कहा ष्कल कनेसेट में दिए गए अपने संबोधन में-जो उनके मेजबान का खुला बचाव था। मोदी ने इस तथ्य पर ध्यान दिलाया कि जिस दिन उनका जन्म हुआ था, उसी दिन भारत ने इजरायल



को एक नए राष्ट्र के रूप में मान्यता दी थी। कांग्रेस नेता ने इजरायल की स्थापना को लेकर विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि 13 जून 1947 को अल्बर्ट आइंस्टीन ने इजरायल की स्थापना के विषय पर जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा था। एक महीने बाद नेहरू ने आइंस्टीन को उसका उत्तर दिया। 5 नवम्बर 1949 को दोनों की मुलाकात प्रिसटन स्थित आइंस्टीन के घर पर हुई थी। नवम्बर 1952 में आइंस्टीन को इजरायल के राष्ट्रपति पद का प्रस्ताव दिया गया था, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया।

### नेहरू ने देश के हितों के साथ कई बार किया था समझौता: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर देश के हितों के साथ कई बार समझौता करने का आरोप लगाया और कांग्रेस और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राहुल गांधी पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्री गांधी द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा कंप्रोमाइज्ड (समझौता) शब्द गलत है। असल में देश को कमजोर करने वाले फैसले नेहरू के शासन काल में लिए गए थे।

# कांशीराम के नाम पर राजनीति कर रही है सपाः मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी द्वारा बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर बहुजन समाज पार्टी द्धबसपात्र की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तंज कसते हुए कहा कि सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कांशीराम की जयंती पर 'पीडीए दिवस' मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनी. तिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है। सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है। उन्होंने 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि वह घटना बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सपा सरकारों ने



■ कांशीराम की जयंती को 'पीडीए दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा पर दी तीखी प्रतिक्रिया

कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए गए कई कार्यों को बदलने या समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार द्वारा कांशीराम नगर, संत रविदास नगर और कांशीराम के नाम पर स्थापित संस्थानों के नाम सपा सरकार ने बदल दिए, जो बहुजन समाज के साथ विश्वासघात है। मायावती ने यह भी आरोप लगाया कि सपा ने मुस्लिम समाज के साथ भी वादाखिलाफी की और अपने शासनकाल में साम्प्रदायिक दंगों को रोकने में असफल रही। उन्होंने कहा कि सपा और भाजपा एक-दूसरे की राजनीति को मजबूत करने का काम करती रही हैं, जिससे प्रदेश की जनता को नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सपा को यह जवाब देना चाहिए कि कांशीराम के निधन के बाद उन्हें उचित राजकीय सम्मान क्यों नहीं दिया गया।

### बसपा विधायक की कंपनी पर आयकर की छापामार कार्रवाई

**कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनी छात्रशक्ति इंफ्रा लिमिटेड के कार्यालय पर बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई कई घंटे तक चलती रही। सूत्रों के अनुसार सराय अकिल थाना क्षेत्र के जयंतीपुर गांव में उमाशंकर सिंह का गिट्टी और बालू मिक्सिग प्लांट संचालित है, जिसकी देखरेख प्रोजेक्ट मैनेजर वरुण सिंह करते हैं। बताया गया है कि कौशांबी बौद्ध स्थल तक 42 किलोमीटर सड़क निर्माण का टेंडर उनकी कंपनी को मिला हुआ है। बुधवार को आधा दर्जन वाहनों से पहुंचे आयकर विभाग के अधिकारियों ने जयंतीपुर स्थित प्लांट और संबंधित कार्यालय में गहन छानबीन की।

### जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द

**नई दिल्ली, वार्ता**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित 'नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी' विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविग लाइसेंस को लेकर सख्त



■ सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहेः नितिन गडकरी

रुख नियम बनाए जा रहे हैं। उनका कहना था कि शराब पीकर गाड़ी चलाने की घटनाएं ज्यादा होती हैं इसलिए इस नियम को ज्यादा सख्त किया जा रहा है और बार बार शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राइविग लाइसेंस को ग्रेड सिस्टम में बदला जा रहा है और बार बार गलती होने पर जैसे ही 12 ग्रेड पर पहुंचेगा लाइसेंस को निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि करीब पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हर साल होती हैं, जिनमें 1 लाख 80 हजार लोगों की मृत्यु होती है। इनमें 72 प्रतिशत युवा होते हैं जिनकी उम्र 18 से 45 साल के बीच होती है जबकि 18 वर्ष से कम आयु के 10,119 बच्चों की मौत होती है। हेलमेट न पहनने के कारण 54,122 और सीट बेल्ट का उपयोग न करने से 14,466 लोगों की मृत्यु का आंकड़ा है। इसके अलावा तेज गति भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है और इससे 1.2 लाख लोगों की मौत होती हैं। गलत दिशा में गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, वाहन चलाते समय मोबा. इल फोन का उपयोग करना जैसे कई कारण सड़क दुर्घटनाओं के हैं। सड़क दुर्घटनाओं के चार प्रमुख कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें रोड इंजीनियरिंग में डीपीआर की गुणवत्ता में कमी भी एक कारण है इसलिए इसमें बदलाव लाया गया है और ठेकेदारों और डीपीआर कंपनियों की रेटिग तय कर दी गई है। इसी तरह ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में भारत एनसीएपी स्टार रेटिग लागू की गई है और किफायती मॉडलों में भी छह एयरबैग अनिवार्य किए गए हैं। उनका कहना था कि भारत में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के मानक अब वैश्विक मानकों के बराबर हैं। इसके साथ ही बस बॉडी कोड को गत सितम्बर से लागू किया गया है और इसके तहत अब टाटा, अशोक लीलैंड और वोल्वो जैसी कंपनियां मानक के अनुसार बस बॉडी बनाएंगी।

### सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी

गडकरी ने कहा कि सड़क सुरक्षा कानून के पालन को सख्त करना जरूरी है। उनका कहना था कि कानून का डर रहेगा तो सड़क सुरक्षा बढ़ेगी। इसके तहत जुर्माना भी बढ़ाया गया है, लेकिन असली समस्या कानून का सम्मान और इसके प्रति डर की है। इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। साथ ही ड्राइविग लाइसेंस के लिए ग्रेडेड पॉइंट सिस्टम लाया जा रहा है, जिसमें 12 पॉइंट खत्म होने पर लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। बार-बार शराब पीकर ड्राइविग करने पर लाइसेंस स्थाई रूप से रद्द होगा। उन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए शिक्षा और जागरूकता को आवश्यक बताया और कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

# एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने की साजिश

**वाराणसी, वार्ता**

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ झूठा मामला उछालकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान भटकाने की साजिश की जा रही है।

गुरुवार को मीडिया से बात. चीत में उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य को बदनाम करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा जा रहा है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर यह सब क्यों किया जा रहा है और स्वयं ही उत्तर देते हुए कहा कि देश की जनता को 'शंकराचार्य विवाद' में उलझाकर दुनिया भर में चर्चा में रही 'एपस्टीन फाइल्स' से ध्यान हटाने का प्रयास किया जा रहा है। आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जांच रिपोर्ट सार्वजिनक किए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी कथित हिस्ट्रीशीटर द्वारा पुलिस जांच



रिपोर्ट साझा किया जाना गंभीर विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या उत्तर प्रदेश पुलिस ने उन्हें अपना प्रवक्ता बना दिया है। मठ परिसर में 'शीशमहल' होने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि यदि परिसर में शीशे लगे हैं तो इससे पारदर्शिता ही बढ़ती है और कोई भी अंदर की स्थिति देख सकता है। उन्होंने कहा कि मठ में कुछ भी छिपा नहीं है और यदि सरकार के अधिकारी देखना चाहें तो कभी भी आ सकते हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82225.92
निफ्टी 25424.65



सोना 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263917
प्रति किलो




# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव, ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली

**मुंबई, वार्ता**

ऑटो और फार्मा सेक्टरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को प्रमुख सूचकांकों में उतार.चढ़ाव देखा गया। बीएसई का सेंसेक्स सुबह के कारोबार में एक समय 303 अंक की बढ़त में था, लेकिन दोपहर बाद 305 अंक से ज्यादा उतर गया। अंत में यह 27. 46 अंक (0.03 प्रतिशत) टूटकर 82,248.61 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक उतार.चढ़ाव से होता हुआ अंत में 14. 05 अंक यानी 0.06 प्रतिशत ऊपर 25,496.55 अंक पर बंद होने में कामयाब रहा। मझौली कंपनियों में लिवाली का जोर रहा जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-50 सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑटो, सार्वजिनक बैंक, फार्मा, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में ज्यादा तेजी रही। एफएमसीजी, मीडिया और



वित्तीय कंपनियों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर करीब सवा दो प्रतिशत चढ़ गया। अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत मजबूत हुए। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, टाटा स्टील औरर आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी ऊपर रहे। ट्रेंट का डेढ़ प्रतिशत से अधिक टूट गया। इटरनल और पावरग्रिड के शेयर भी एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और आईटीसी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नीचे बंद हुए।

## दूरसंचार कंपनियों का तीसरी तिमाही का राजस्व 34 अरब डॉलर के पार: रिपोर्ट


**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में घरेलू दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की एक रिपोर्ट में भारतीय दूरसंचार प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के हवाले से कहा गया है कि तिमाही के दौरान भारती एयरटेल का राजस्व सालाना आधार पर नौ प्रतिशत और वोडाफोन आइडिया का दो प्रतिशत बढ़ा।

रिलायंस जियो के राजस्व में 11 प्रतिशत की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। देश के दूरसंचार क्षेत्र के कुल राजस्व में इन तीनों कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही। एक साल पहले के मुकाबले रिलायंस जियो की राजस्व हिस्सेदारी सबसे अधिक 123 आधार अंक (1. 23 प्रतिशत) बढ़कर 42.5 प्रतिशत हो गई। एयरटेल की राजस्व हिस्सेदारी (39 आधार अंक) बढ़कर 39-5 प्रतिशत पर पहुंच गई जबकि वोडाफोन आइडिया की हिस्सेदारी 83 आधार अंक घटकर 13-फीसदी रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूरसंचार क्षेत्र में रिलायंस जियो और एयरटेल का वर्चस्व आने वाले समय में और बढ़ेगा। क्षेत्र का राजस्व साल 2028 तक 3-7 लाख करोड़ रुपये (42 अरब डॉलर) पर पहुंचने की संभावना है।

# चावल, चीनी मजबूत, गेहूं के भाव टूटे, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी भी मजबूत हुई। गेहूं की कीमतों में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर 3,852 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव छह रुपये घटकर 2,838 रुपये प्रति क्विंटल रहा। आटा भी सात रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 28 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 17 रुपये और मूंग दाल 12 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 15 रुपये और उड़द दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 48 रिंगिट टूटकर 4,005 रिंगिट प्रति टन पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.84 प्रतिशत की गिरावट में 60.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में



मूंगफली तेल की औसत कीमत 70 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल भी 14 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल 42 रुपये और वनस्पति 16 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल आठ रुपये और सोया तेल चार रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। चीनी चार रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7773.94 रुपये, मसूर काली 8071.73 रुपये, मूंग दाल 10131.52 रुपये, उड़द दाल 10700.33 रुपये, तुअर दाल 11173.76 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2838.24 रुपये और चावल 3852.21 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3299.89 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
– HEALTH WITH CARE –
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना लोकतंत्र का मूल आधार : राधाकृष्णन

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

राधाकृष्णन ने गुरूवार को श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को भले ही बुनियादी ढांचे और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाना जाता हो, लेकिन उनकी सच्ची विरासत उनके स्नातकों के चरित्र और योगदान में झलकती है। उन्होंने 1948 में स्थापित कश्मीर विश्व. विद्यालय की गौरवशाली विरासत और बढ़ते अकादमिक प्रभाव की



सराहना की। उन्होंने छात्रों से निरंतर अनुकूलन करने, नए कौशल हासिल करने और नवाचार को अपनाने का आग्रह किया। भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवप्रवर्तक के रूप में उभरने पर जोर देते हुए उन्होंने युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वदेशी नवाचारों को आगे बढ़ाने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो जिनमें श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विस्तार और चेनाब रेल पुल जैसी महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाएं शामिल हैं, उन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल नए अवसर पैदा करती हैं और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रीनगर स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत देश का सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना अपनी भावनाओं का सम्मान करना, और इस तरह के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से नशे से दूर रहने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया।

# रेल यात्रियों को विवादों में दावा करने की होगी ऑनलाइन सुविधा: वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान हादसे, अनहोनी घटनाओं अथवा सामान के नुकसान या चोरी आदि के मामलों में क्षतिपूर्ति के दावों के लिए इलेक्ट्रानिक सुविधा मिलेगी जिससे कोई यात्री ऐसे किसी भी मामले में रेलवे दावा न्यायाधिकरण (आसीटी) के समक्ष कहीं से भी दावा कर सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को 52 सप्ताह में 52 सुधार के संकल्प की दिशा में दो नए सुधारों की घोषणा की जिसमें रेल यात्रियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित दावे और निपटान की इलेक्ट्रानिक रेलवे दावा न्यायाधिकरण (ई-आरसीटी) की सुविधा शामिल है। रेलमंत्री ने आज घोषित दूसरे सुधार के अंतर्गत स्टार्टअप और नवप्रवर्तो को रेलवे के समक्ष यात्री सुरक्षा, संरक्षा, रेल-ट्रैक निगरानी आदि किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर प्राद्योगिकी समाधान या विचार प्रस्तुत करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफार्म- 'रेलटेक डिजिटल' का अनावरण किया।



रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान घटना-दुर्घटना या रेलवे के साथ किराए अथवा अन्य विवाद के संबंध में कहीं से दावा करने की ई-आरसीटी सुविधा के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि आनलाइन दावे की सुविधा चरणबद्ध तरीके से 12 महीने में आरसीटी की सभी शाखाओं में लागू कर कर दिया जाएगा। इस प्रौद्योगिकी आधारित सुधार से आसीटी के देश भर में सभी 23 शाखाओं को दावों की प्रक्रिया और निस्तारण की डिजटलीकृत सुविधाएं कर दी जाएगी। इस अवसर पर आरसीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति कंवलजीत सिंह अहलुवालिया भी उपस्थित थे। उन्होंने इस पहल के लिए रेल मंत्री श्री वैष्णव को बधाई दी और कहा कि उनके पास सूचना प्रौद्योगिकी विभाग भी है जिसके चलते यह सुधार तेजी से होने जा रहा है । उनके नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए श्री अहलुवालिया ने कहा कि एआई आधारित ईआरसीटी प्रणाली से रेलवे में लंबित दवों का तेजी से सामाधान करने में बड़ी मदद मिलेगी। रेलवे का कहना है कि ई-आरसीटी चौबीसों घंटे ई-फाइलिग और स्वचालित चेतावी के साथ दावों में तेजी, पारदर्शिता और नागरिक-केंद्रित डिजिटल प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी। वैष्णव ने 'रेलटेक' डिटिटल प्लेटफार्म को को 'स्टार्ट द्वारा, स्टार्टअप के लिए खुला मंच बताते हुए कहा कि रेलटेक नीति का मसौदा स्टर्टअप इकाइयों ने ही बना कर दिया था। उन्होंने रेलटेक डिजिटल मंच को बटन दबा कर प्रारंभ करते हुए कहा कि यह सतत खुला रहेगा। इस वेबसाइट पर आप अपने विचार, प्रौद्योगिकी समाधार कभी भी प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले श्री वैष्णव ने 14 परवरी को देश के विभिन्न हिस्सों में 500 कार्गो टर्मिनल बनाने तथा बिना आरक्षण वाले डिब्बों में आरक्षित डिब्बों की तरह सफाई की व्यवस्था करने की घोषणा की थी। श्री वैष्णव ने संवाददाताओं से बात. चीत में कहा कि रेल टेक नीति के तहत एक रेल टेक वेबसाइट बनाई जाएगी, जहां कोई भी नवप्रवर्तक अपना आइडिया सीधे रेल मंत्रालय और सरकार के दो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह नीति रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और बायोटेक क्षेत्र की सफल नीतियों से सीख लेकर तैयार की गई है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और उपभोक्ताओं के अनुकूल होगी। अच्छे सुझावाओं पर रेलवे आगे के काम के लिए 50 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता देगा। वाणिज्य उपयोग के लिए रेलवे द्वारा चयनित तकनीकी समाधानों के लिए रेलवे बड़े आर्डर प्रस्तुत कर सकती है। इसके अलवा प्रौद्योगिकी विकासकरने वाली इकाइयां प्रौद्योगिकी-उत्पाद का निर्यात भी कर सकेंगी। रेल मंत्री ने कहा, ष्उदाहरण के लिए कोई इकाई हाथियों के ट्रैक पर आने के जोखिम की पूर्व सूचना देने वाला एआई आधारित तकनीकी उपाय प्रस्तुत कर सकती है तो कोई ट्रेन के डिब्बों में बिजली की तार गरम होने से आग के खतरे का एआई आधार अलर्ट विकसित कर सकती है। कोई हमें ड्रोन रेल लाइन में फैक्चर की निगरानी करने वाला समाधान दे सकता है। कुछ स्टार्टअप ऐसे समाधानों पर काम कर रहे हैं।

# नंदा गौरा योजना: 33 हजार बेटियों के खातों में 145.93 करोड़ ट्रांस्फर

## बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए सरकार संकल्पबद्ध: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को नंदा गौरा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेश की 33, 251 बालिकाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1,45,93.00 (एक अरब पैंतालीस करोड़ तिरान्नबे लाख रुपए) की धनराशि हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जन्म के समय बेटा- बेटी के बीच होने वाले भेदभाव को समाप्त करते हुए, कन्या जन्म को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश सरकार नंदा गौरा योजना संचालित कर रही है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपए और बेटी के 12वीं पास करने पर उच्च शिक्षा के लिए 51 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत अब तक 3,77,784 (तीन लाख सत्तर हजार सात सौ चौरासी) बालिकाओं को कुल 11,68,49.00 रुपए (ग्यारह अरब अडसठ करोड़ उनपचास लाख) की धनराशि जारी की जा चुकी है।



■ एक क्लिक के जरिए 1 अरब 45 करोड़ 93 लाख रुपए की धनराशि का हुआ हस्तातंरण

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन दे रही है, साथ ही शिक्षित होने के बाद रोजगार के लिए भी बेटियों को सरकारी सेवाओं में 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके बाद अब सरकारी सेवाओं में उत्तराखंड की महिलाओं की स्थिति मजबूत हुई है, इससे सरकारी कार्यालयों की कार्य संस्कृति ज्यादा बेहतर हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लखपति दीदी योजना के जरिए भी प्रदेश की आम महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नंदा गौरा योजना कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए, समाज में लैंगिक असमानता को दूर करने के लक्ष्य्द प्राप्त करने में सफल रही है। इस मौके पर विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि, इस वर्ष लाभांवित होने वाली बालिकाओं में 5913, नवजात हैं, जबकि शेष 27338 को 12वीं पास करने पर यह धनराशि मिली है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर सचिव चंद्रेश कुमार, विभागीय निदेशक बंसीलाल राणा, उपनिदेशक मोहित चौधरी, नोडल अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जितेंद्र कुमार, नीतू फुलेरा शिखा कंडवाल, शिवप्रसाद भट्ट, सुरेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक बेटियों के साथ खड़ी: रेखा आर्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी नंदा गौरा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश की 33,251 बालिकाओं को कुल 145.93 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजे जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार बेटियों के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि वर्ष 2017 से संचालित यह योजना बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने, बाल विवाह पर रोक लगाने तथा बेटियों की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी साबित हुई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बालिका के जन्म पर 11,000 रुपये तथा 12वीं उत्तीर्ण कर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने पर 51,000 रुपये की सहायता दी जाती है, जिससे बेटियां आत्मनिर्भर बन सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज में लैंगिक असमानता दूर करने और कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। नंदा गौरा योजना इसी सोच का परिणाम है, जो बेटियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही है।

### किस जिले में कितने लाभार्थी

| जनपद | जन्म पर लाभार्थी | 12वीं उत्तीर्ण लाभार्थी |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 643 | 2963 |
| बागेश्वर | 240 | 1167 |
| चमोली | 196 | 1761 |
| चम्पावत | 285 | 1410 |
| देहरादून | 678 | 2637 |
| नैनीताल | 1012 | 3196 |
| पौड़ी | 227 | 1990 |
| पिथौरागढ़ | 243 | 1936 |
| रुद्रप्रयाग | 172 | 1235 |
| टिहरी | 485 | 2775 |
| ऊधमसिंहनगर | 1372 | 4772 |
| उत्तरकाशी | 360 | 1496 |
| कुल योग | 5913 | 27338 |
| कुल लाभार्थी: | 33,251 | |

● कुल वितरित धनराशि: 145.93 करोड़ रुपए

# चम्बा के मेडिकल स्टोरों पर प्रशासन का छापा एक की बिक्री पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के सख्त निर्देशों के बाद चम्बा क्षेत्र में औषधि विभाग और पुलिस प्रशासन ने मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त रूप से सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस कार्रवाई से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। टीम ने विभिन्न स्टोरों पर पहुंचकर मादक और मनप्रभावी औषधियों के स्टॉक का बारीकी से सत्यापन किया। इसके साथ ही मेडिकल स्टोरों में लगे सीसीटीवी कैमरों और दवाओं की खरीद-फरोख्त से जुड़े सभी दस्तावेजों की भी गहनता से जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान एक मेडिकल स्टोर में गंभीर प्रकार की अनियमितताएं सामने आईं। स्थिति को देखते हुए विभागीय टीम ने



■ मादक दवाओं की बिक्री को लेकर औषधि और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई दो अन्य को थमाया गया नोटिस

त्वरित कार्रवाई की और मौके पर ही उक्त स्टोर से दवाओं की खरीद और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी। इसके अतिरिक्त दो अन्य मेडिकल स्टोरों में भी खामियां पाए जाने पर अधिकारियों ने उन्हें तत्काल प्रभाव से नोटिस जारी कर दिए हैं।छापेमारी के दौरान सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी पंजीकृत चिकित्सक के वैध पर्चे के बिना मादक और मनप्रभावी दवाओं की बिक्री किसी भी हाल में न की जाए। यदि भविष्य में इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस संयुक्त निरीक्षण अभियान में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक सी पी नेगी और औषधि निरीक्षक ऋषभ धामा मौजूद रहे।

### 24 गांवों को गैस सिलेंडर की मिली बड़ी राहत

चकराता। खत शैली क्षेत्र के 24 गांवों के ग्रामीणों को रसोई गैस सिलेंडर भरवाने के लिए अब दूर-दराज का सफर नहीं करना पड़ेगा। लंबे समय से यहां के लोगों को अपना जरूरी कामकाज छोड़कर चकराता और पुरोड़ी तक जाना पड़ता था। कई बार गैस वाहन समय पर नहीं पहुंच पाता था, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

इस समस्या को देखते हुए ग्रामीण प्रेम सिंह, महावीर सिंह, अमर सिंह, नरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने गैस वाहन संचालकों से आग्रह किया कि प्रत्येक माह कम से कम दो दिन गैस की गाड़ी खत शैली क्षेत्र में भेजी जाए, ताकि सभी 24 गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सके। ग्रामीणों के इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। गुरूवार को गैस सिलेंडर की गाड़ी खत शैली पहुंची, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली।

# स्थानीय निकायों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन, राज्य के छठे वित्त आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर एवं आयोग के सदस्यों द्वारा नगर निकायों (नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत) तथा जिला पंचायतों की वित्तीय आत्मनिर्भरता, प्रशासनिक सक्षमता तथा उन्हें अधिक सक्षम बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में प्रभावी योगदानकर्ता के रूप में उन्नत किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में स्थानीय निकायोंख्र नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जिला पंचायत द्वारा वर्तमान में फेस की जा रही चुनौतियों पर विचार करते हुए कहा गया कि वित्तीय आत्मनिर्भरता के अनेक अवसर उपलब्ध होने के बावजूद ये निकाय अपेक्षित स्तर तक आत्मनिर्भर नहीं हो पा रहे हैं।



■ बैठक में मुख्य सचिव, राज्य के छठे वित्त आयोग के अध्यक्ष एन रविशंकर एवं आयोग के सदस्य रहे मौजूद

इसके पीछे प्रशासनिक एवं नीतिगत प्रवृत्तियों में आवश्यक बदलाव की जरूरत बताई। सीमित स्थानीय राजस्व स्रोत, पारंपरिक सुस्त कार्यशैली, प्रभावी एवं स्पष्ट बायलॉज का अभाव, प्रभावी भूमि प्रबंधन का अभाव तथा अत्यधिक राजनीतिक सेंट्रिक जैसे कारणों के चलते अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। मुख्य सचिव ने राज्य वित्त आयोग से अपेक्षा की कि स्थानीय शहरी निकायों और जिला पंचायतों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने के लिए उनके स्वयं के संसाधनों, संभावनाओं और क्षमताओं में वृद्धि के लिए व्यावहारिक, समयोचित तथा क्रियान्वयन योग्य सुझाव प्रस्तुत किए जाएं। आयोग ने अवगत कराया कि शहरी निकायों के लिए भूमि प्रबंधन, राजस्व सृजन से संबंधित बायलॉज, कार्य संस्कृति में विशेषज्ञता, नवाचारों का अनुकूलन (एडॉप्टेशन) एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक सक्षम इंटरवेंशन की आवश्यकता है। साथ ही यह भी बताया गया कि वर्तमान में जिला योजना का आवंटन एलोकेशन आधारित है, जिसे आवश्यकता एवं परिणाम (नीड एवं आउटकम) आधारित बनाए जाने की जरूरत है। बैठक में आयोग के सदस्य पी. एस. जंगपांगी व एम. सी. जोशी, सचिव नितेश झा, दिलीप जावलकर एवं डॉ. आर. राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जोशी व आर्मी कमांडर ने किया सैन्यधाम का निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय सेना की मध्य कमान के आर्मी कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने गुरुवार को उत्तराखण्ड के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से उनके शासकीय आवास में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य में पूर्व सैनिकों के कल्याण, सैन्य परंपराओं के संरक्षण तथा नागरिक-सैन्य समन्वय से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान आर्मी कमाण्डर ने सैनिक कल्याण मंत्री को सूर्या कमाण्ड की पुस्तक ''द् वॉयेज ऑफ सूर्या कमाण्ड'' भेंट की।

भेंट के बाद सैनिक कल्याण मंत्री और आर्मी कमाण्डर ने देहरादून स्थित भव्य सैन्यधाम का संयुक्त निरीक्षण भी किया। उन्होंने सैन्यधाम में स्थापित शहीदों की स्मृति को समर्पित संरचनाओं, दीर्घाओं तथा विकसित की जा रही



■ सैनिक कल्याण मंत्री से मिले मध्य कमान के आर्मी कमाण्डर

सुविधाओं का अवलोकन किया और इसे देशभक्ति एवं सैन्य गौरव का प्रतीक बताया। आर्मी कमाण्डर ने राज्य सरकार द्वारा सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा सैन्यधाम के निर्माण एवं विकास को एक ऐतिहासिक पहल बताया। इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड "वीरों की भूमि" है और राज्य सरकार शहीद सैनिकों एवं उनके परिवारों के सम्मान और कल्याण के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। उन्होंने सैन्यधाम को आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि यह स्थान देश के वीरों के त्याग और बलिदान की गाथा को सदैव जीवंत रखेगा। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि आर्मी कमाण्डर द्वारा दिये गये सुझावों पर सैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएेगी और उनके दौरे के बाद अवश्य ही सैन्यधाम निर्माण की प्रगति को मजबूती मिलेगी।

इस दौरान उत्तराखण्ड सब एरिया के जीओसी मेजर जनरल एमपीएस गिल, डिप्टी जीओसी बिग्रेडियर आरएस थापा, पूर्व जीओसी मेजर जनरल शम्मी सभरवाल सहित सैनिक कल्याण विभाग, सेना एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### होली मिलन में शामिल हुए दिग्गज कांग्रेसी

**देहरादून।** भले ही रंगों का त्योहार होली को अभी एक हफ्ता बाकी हो, लेकिन देशभर में होली पर्व की धूम मच गई है।

इसी कड़ी में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस के टॉप लीडर्स शामिल रहे। खास बात ये रही कि इस होली मिलन समारोह में कांग्रेस के टॉप फाइव लीडर्स एक ही पोशाक में नजर आए।

एक ही पोशाक पहनकर 'एकजुटता' का दिया संदेश: दरअसल, उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों और खासकर जनजाति के लोग जो पोशाक यानी श्दोका पोशाकश पहनते हैं, उन्हीं पोशाक को पहने हुए प्रदेश कांग्रेस के यह टॉप लीडर्स नजर आए. एक ही तरह की पोशाक पहन कर कांग्रेस नेताओं ने 'एकजुटता' का बड़ा संदेश देने का काम किया।

# अपनी पोल खुलते ही गोदियाल कर रहे युधिष्ठर का चोला पहनने की कोशिश: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने डांस पार्टी विवाद पर कांग्रेस अध्यक्ष गोदियाल के बयान को सफेद झूठ तथा खुद की पोल खुलते ही धर्मराज युधिष्ठर का चोला ओढ़ने की कोशिश करार दिया है।

चौहान ने कांग्रेस अध्यक्ष की भट्ट को लेकर की गई टिप्पणी को झूठा बताते हुए कहा कि यह उनकी मामले को भाजपा की ओर मोड़कर कांग्रेस अध्यक्ष खुद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डांस पार्टी विवाद कांग्रेस पार्टी के काले अध्याय का हिस्सा रहा है। जनता भाजपा अध्यक्ष के संस्कार, व्यवहार, कार्यसंस्कृति और सार्वजनिक जीवन से जनता अच्छी तरह परिचित है। चौहान ने इसे व्यक्तिगत और विद्वेष की राजनीति



■ डांस पार्टी विवाद कांग्रेस का इतिहास, भाजपा को विवाद में घसीटना व्यर्थ

का परिणाम बताया है। खुद आरोप लगाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष श्री भट्ट को अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंदी बता भी रहे थे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, लंबे समय से जनता द्वारा ठुकराए जाने वाले और नकारात्मक राजनीति करने वाले कांग्रेस नेता इन दिनों पूरी फुर्सत से हैं। इसलिए वे व्यक्तिगत राजनीति की पराकाष्ठा करते हुए एक दूसरे को ठिकाने लगाने के लिए चरित्र हनन जैसे आरोपों से भी गुरेज नही कर रहे है। मुंबई डांस पार्टी विवाद की असल जड़ भी उनकी यही आपसी टकराहट है। चौहान ने कहा कि चरित्र हनन और षडयंत्र कांग्रेस की रीति नीति तथा परंपरा का हिस्सा रहा है। हालांकि इस तरह के आरोपों और दुष्प्रचार का भाजपा पर कोई फर्क नही पड़ता, लेकिन बात खुद की गले पड़ते ही दूसरी तरफ दोषारोपण बर्दाश्त नही किया जायेगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने जो कहा वह अपनी सुविधा के हिसाब से अर्ध सत्य है और शकुनि जैसे किरदार के बावजूद यह उनकी युधिष्ठिर बनने की कुचेष्ठा है। यह उनकी भाजपा अध्यक्ष की छवि पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर नुकसान पहुंचाने की साजिश है।

# मुख्यमंत्री ने घनसाली को दी 41.21 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को जनपद टिहरी के घनसाली में 41.21 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 13.43 करोड़ रूपए की 03 योजनाओं का लोकार्पण एवं 27.78 करोड़ रूपए की 05 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिलखी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उच्चीकरण किये जाने का भी शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल हेतु भूमि दान करने वाले कृष्णा गैरोला एवं उनके परिवार को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है उनका कार्य रुकना नहीं चाहिए और उनका शीघ्र लोकार्पण भी सुनिश्चित किया जाएगा। प्रदेश



■ सीएम धामी ने किया 8 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास ■ पिलखी पीएचसी का सीएचसी में किया गया उच्चीकरण

सरकार पहाड़ों में सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति हो तो संसाधनों की कमी भी दूर की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है तथा डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। नंदा गौरा योजना के तहत बेटियों को 51 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। प्रदेश में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और शीघ्र की घनसाली क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं व्यवस्थित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय इंद्रमणी बडोनी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए क्षेत्र की प्रमुख मांगों पर प्राथमिकता से कार्य किये जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने पिलखी बेलेश्वर क्षेत्र में उप-चिकित्सालय स्थापित करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सभी को होली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि उन्हें सौंपें गये ज्ञापन में शामिल योजनाओं को भी मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक घनसाली शक्तिलाल शाह ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए घनसाली को 30 बेड अस्पताल, तीनगढ़ में पुनर्वास, बालगंगा पुल हेतु धनराशि स्वीकृति, विद्यालय भवन निर्माण एवं बिजलीघर शिलान्यास जैसे कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र की 37 सूत्रीय मांगें भी रखीं, जिनमें अखोडी का उच्चीकरण, थाती भटवाड़ा में बाढ़ सुरक्षा कार्य, धमातोली हाईस्कूल का इंटर कॉलेज में उच्चीकरण, ब्लॉक मुख्यालय में मिनी स्टेडियम, कोठार-सौड़ सड़क निर्माण तथा गेंवली बुद्धकेदार व पिंडवाड़ में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापना प्रमुख रही। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल, सीडीओ वरुणा अग्रवाल, राज्यमंत्री (उपाध्यक्ष) हस्तशिल्प व हथकरघा वीरेंद्र दत्तसेमवाल, ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, नगर पंचायत अध्यक्ष घनसाली आनंद बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष चमियाला गोविंद सिंह राणा, सीएमओ डॉ श्याम विजय, अनुसूचित आयोग सदस्य सुनीता देवी मौजूद रहीं।

### इन योजनाओं का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण की गई योजनाओं में पीएमजीएसवाई की धमातोली से घनसाली अखोड़ी मोटर मार्ग वाया चांजी मोटर मार्ग अपग्रेडेशन, नागेश्वर सौड से गोना वाया सरकंडा मोटर मार्ग अपग्रेडेशन तथा विकासखंड भिलंगना के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कोट विशन में भवन का पुन: निर्माण कार्य शामिल है। जबकि शिलान्यास की गई योजनाओं में विश्व बैंक द्वारा पोषित यू-प्रिपेयर योजना के अन्तर्गत घनसाली में हनुमान मन्दिर के समीप 50 मीटर इण्टरमीडियेट लेन स्टील गर्डर मोटर सेतु का निर्माण कार्य, विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत तहसील बालगंगा के अनावासीय भवन का निर्माण कार्य विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत तहसील बालगंगा के अवासीय भवन का निर्माण कार्य, विकासखण्ड भिलगना के गंगी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र गंगी का निर्माण कार्य तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिलखी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकरण का निर्माण कार्य शामिल है।

# चर्चाओं में रहे अजय नौडियाल को मिला पदोन्नति का तोहफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजनीति में इन दिनों चर्चाओं में रहने वाले अजय कुमार नौडियाल को शासन ने प्रमोशन दिया है। अजय कुमार अब विद्यालय शिक्षा विभाग में प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। अब तक अजय कुमार विभाग में प्रभारी निदेशक के तौर पर जिम्मेदारी देख रहे थे, लेकिन अब पदोन्नति होने के बाद वो प्रारंभिक के स्थायी निदेशक बन गए हैं।

अजय कुमार नौडियाल को शासन ने प्रमोशन का तोहफा दिया है. लंबे समय से प्रारंभिक शिक्षा विभाग में प्रभारी निदेशक के रूप में कार्य कर रहे अजय कुमार नौडियाल को अब स्थायी रूप से निदेशक प्रारंभिक शिक्षा के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है. शासन स्तर पर जारी आदेश के बाद वे अब

■ प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक के पद पर हुए पदोन्नत

विधिवत रूप से विभाग की कमान संभालेंगे।

अजय कुमार नौडियाल काफी समय से अपर शिक्षा निदेशक के पद पर रहते हुए प्रारंभिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। उनका प्रमोशन काफी समय से लंबित था और पदोन्नति चयन समिति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस पर अंतिम मुहर लगनी थी। अब उत्तराखंड राज्य शैक्षिक सेवा के निदेशक के रिक्त पद के सापेक्ष चयन समिति की संस्तुति के आधार पर शासन ने उन्हें पदोन्नत कर स्थायी नियुक्ति दे दी है. शिक्षा सचिव रविनाथ रमन की ओर से जारी आदेश जारी किया गया है।

# सीएम धामी ने किया नयार वैली फेस्टिवल का उद्घाटन

**कहा – नयार वैली फेस्टिवल: पर्यटन, परंपरा और विकास का ऐतिहासिक संगम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जनपद पौड़ी गढ़वाल के बिलखेत में आयोजित नयार वैली फेस्टिवल का शुभारंभ किया। इस महोत्सव के शुभारंभ के साथ ही नयार घाटी की पर्यटन, संस्कृति एवं साहसिक गतिविधियों की अपार संभावनाओं को नई पहचान मिलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत हुई है।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की लाभार्थी करिश्मा और सलोनी को महालक्ष्मी किट प्रदान की, योगिता की गोदभराई की रस्म संपन्न कराई तथा समाज कल्याण विभाग के लाभार्थियों तुलसीदास एवं बीरेन्द्र को दिव्यांग उपकरण भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने महिला समूहों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनके अनुभव जाने और सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने साइक्लिस्टों तथा एंगलरों से भी संवाद कर उनके साहस और उत्साह की सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पैराग्लाइडिंग, पैरामोटरिंग, हॉट एयर बैलून, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, एंगलिंग, जिपलाइन, बर्मा ब्रिज, रिवर्स बंजी सहित विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों का फ्लैग ऑफ कर औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नयार वैली क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है तथा ऐसे आयोजनों से स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कहा कि नयार घाटी सहित जनपद पौड़ी गढ़वाल का यह संपूर्ण क्षेत्र अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और साहसिक संभावनाओं के कारण अत्यंत अद्वितीय है। प्रकृति ने इस क्षेत्र को सौंदर्य और रोमांच का अनुपम संगम प्रदान किया है, जिससे यह साहसिक पर्यटन और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आदर्श स्थल बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार सकारात्मक रूप से कार्य करेगी, ताकि स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आगे बढ़ने और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है, जिससे प्रत्येक नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार, अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करते हुए सड़क, बिजली, पेयजल, दूरसंचार, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित सभी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। बिलखेत में जिला प्रशासन द्वारा एक अद्वितीय एवं सुव्यवस्थित आयोजन संपन्न किया गया, जिसमें एक ही मंच पर 10 पृथक-पृथक गति. विधियों का सफल संचालन सुनिश्चित किया गया। विविध रोमांचक, सांस्कृतिक एवं जनसहभागिता आधारित कार्यक्रमों से सुसज्जित इस आयोजन ने न केवल प्रतिभागियों और दर्शकों में उत्साह का संचार किया, बल्कि प्रशासन की समन्वित कार्यप्रणाली और उत्कृष्ट व्यवस्थापन क्षमता का भी परिचय दिया। यह आयोजन नवाचार, सुव्यवस्था और बहुआयामी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा। इस अवसर पर उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पं. राजेद्र अणथ्वाल, जिला पंचायत अध्यक्षा रचना बुटोला, ब्लॉक प्रमुख कल्जीखाल गीता देवी, प्रमुख द्वारीखाल बीना राणा, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राणा, जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया, सीडीओ गिरीश गुणवंत,एसएसपी सर्वेश पंवार अन्य लोग मौजूद रहे।

### नयार घाटी में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने नयार घाटी में पैराग्लाइडिंग प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करने, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विकासखंड पोखड़ा में रसलवाँण दीवा मंदिर स्थलीय कार्य, विकासखंड बीरोंखाल में कालिंका मंदिर स्थलीय कार्य, विकासखंड एकेश्वर में एकेश्वर महादेव मंदिर स्थलीय कार्य तथा विकासखंड पाबौ में चम्पेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े विकास कार्यों की घोषणा की।

### उत्तराखंड को देश का अग्रणी एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाना लक्ष्य : महाराज

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य सरकार, उत्तराखंड को देश-विदेश में प्रमुख पर्यटन एवं एडवेंचर डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नयार वैली फेस्टिवल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह एक आयोजन नहीं, बल्कि नयार घाटी की अपार प्राकृतिक सुंदरता, हमारी समृद्ध संस्कृति और साहसिक पर्यटन की असीम संभावनाओं का सशक्त परिचय है। इस महोत्सव के माध्यम से पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियाँ युवाओं को नए अवसर प्रदान करेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के द्वार खोलेंगी।

पर्यटन मंत्री कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तराखंड को देश का अग्रणी एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन बनाना है, जिसके लिए राज्य सरकार आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी और पर्यटन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से नयार घाटी आने वाले समय में देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगी और विकास, रोजगार तथा सांस्कृतिक पहचान का नया अध्याय लिखेगी।

### यह महोत्सव जनपद पौड़ी को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा : पोरी

विधायक राजकुमार पोरी ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव जनपद पौड़ी को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा। साथ ही उन्होंने चिनवाड़ी डांडा पेयजल योजना की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए नयार वैली फेस्टिवल को स्थायी रूप से आयोजित किए जाने का अनुरोध किया।

# विधायक ने किया थाती-डागर रैतासी मोटरमार्ग का शिलान्यास

**50 वर्षों से मोटरमार्ग की मांग कर रहें थे ग्रामीण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के थाती-डागर-रैतासी मोटरमार्ग का बुधवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने शिलान्यास किया। 44 लाख रूपये की लागत से 2 किलोमीटर का निर्माण कार्य किया जायेगा। बातते चले कि विगत 50 वर्षों से सड़क की कमी से जूझ रहे गाँव के ग्रामीणों को आखिरकार सड़क मिलने की सुविधा मिली है। इससे पहले यहां के लोग मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए रोजाना करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर कठिन रास्ता तय करते थे। अभी तक ग्रामीण 2 किलोमीटर पैदल चलकर चौकी से वाहन पकड़ते थे। मोटरमार्ग का शिलान्यास करते हुए कहा कि देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि यह सड़क हमारे ग्रामीणों के संघर्ष का परिणाम है। कहा कि मोटरमार्ग की सुविधा मिलने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कहा कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार के महत्वकांक्षी योजनाएं एवं विकास पहुंचे यह भाजपा सरकार का लक्ष्य है। कहा कि देवप्रयाग विधानसभा का प्रत्येक गांव रोड़ क्नेक्टिवीटी से जुड़ा गया है, जो गांव मोटरमार्ग से वंचित रह गये है, उन्हें सड़क कि सुविधा दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कीर्तिनगर विकास मेहरा, ग्राम प्रधान रैतासी थाती डागर संजय भट्ट, भानु पंवार, दीपक राणा सहित आदि मौजूद थे।

### मांगों पर कार्यवाही न होने पर गुरिल्लाओं में रोष

**श्रीनगर।** नौकरी, पेंशन और आश्रित हितों के लाभ दिए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को एसएसबी युद्ध प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की वर्चाअल बैठक आहूत की गई। बैठक में एसएसबी युद्ध प्रशिक्षित गुरिल्लाओं ने कहा कि 20 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में 18 सचिवों के साथ एसएसबी गुरिल्लाओ की बैठक आहुत की गई। जिसमें गुरिल्लों की मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वा. सन दिया गया था, लेकिन आज 26 महीने बीत चुके हैं अभी तक बैठक का निर्णय नहीं निकल पाया है। कहा कि गुरिल्ला संगठन विगत 20 सालों से अपनी तीन सूत्रियां मांगों को लेकर आंदोलनरत है, लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार गुरिल्लाओं को आश्वासन पर गुमराह कर रही है।

# श्रीनगर में विद्युत और पेयजल विभाग वसूलेगा करोड़ों का बकाया

**दोनों विभागों ने बकायादारों के किए नोटिस जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को एक माह शेष है तो विद्युत विभाग और जल संस्थान ने अपना बकाया वसूलना शुरू कर दिया है। विद्युत विभाग और जल संस्थान ने बकायादारों की सूची भी जारी कर दी गई है। जिसमें सरकारी विभागों में ही सबसे ज्यादा पैसा वसूलने है। यहां कई सरकारी विभाग बिजली तो फूंक गये लेकिन बकाया लाखों के बिल दबाए बैठे हैं। अब विद्युत विभाग की ओर से अधिक बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। विद्युत विभाग कि सहायक अभियंता राजस्व ज्योति असवाल ने बताया कि विद्युत वितरण खंड श्रीनगर के अंतर्गत कीर्तिनगर, देवप्रयाग, चौरास और श्रीनगर के 50 हजार उपभोक्ता पंजीकृत है। जिसमें से 2597 घरेलू और कमर्शियल बिजली कनेक्शन उपभोक्तओं से 2.10 करोड़ रूपये का बकाया वसूला जाना है। बताया कि जबकि सरकारी विभागों से 77. 36 करोड़ रूपये का बकाया लगा हुआ है। बताया कि शिक्षा विभाग ने 22.82 लाखध, पुलिस विभाग ने 2. 19 लाख रूपये, स्वास्थ्य विभाग ने 1.82 लाख, वन विभाग ने 1.04 लाख, लोक निर्माण विभाग के 3. 40 लाख रूपये, राजस्व विभाग ने 3.09 लाख, जल संस्थान ने 43 करोड़ का बकाया अदा करना है। बताया कि सरकारी संस्थानों को बिलों का अदा करने के लिए पत्र भी जारी कर दिए गये है। जबकि विभाग के ओर से प्रत्येक दिन 50 बकायादारों से बिलों से सम्बंधित पैसे वसूलने का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि प्रत्येक दिन 2 लाख रूपये से अधिक पैसों की वसूली की जा रही है।

बताया कि यदि किसी उपभोक्ता द्वारा बकाया नहीं भरा तो क्नेकशन को काट दिया जायेगा। वहीं जल संस्थान के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि जल संस्थान ने 1 करोड़ 90 लाख रूपये का बकाया वसूलना है।

बताया कि श्रीनगर में 7 हजार 85 उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति की जाती है। जिसमें से 300 से अधिक बकायादारों ने वित्तीय वर्ष में अभी तक जल संस्थान के बिलों का पैसा अदा नहीं किया है। बताया कि बकायदारों को नोटिस भी जारी कर दिए गये है। उन्होने बाकायदारों से जल्द पेयजल सम्बंधित बिलों का भुगतान किए जाने की अपील की है।

## अपात्र राशन कार्ड धारकों की होगी जांच , सरेंडर न करने पर होगी कार्रवाई

**अपात्र राशन कार्ड धारकों को 9 मार्च तक करें सरेंडर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र परिवारों की जांच शुरू हो गई है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देशानुसार, जिला पूर्ति अधिकारी आशीष कुमार ने अपात्र राशन कार्ड धारकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय अन्न योजना परिवार की मासिक आय 4000- से कम हो और कोई सदस्य दिव्यांग हो। वहीं प्राथमिक परिवार परिवार की मासिक आय 15000- से कम हो और कोई सदस्य दिव्यांग हो -वही , राज्य खाद्य सुरक्षा योजना: परिवार की वार्षिक आय 5 लाख तक पात्रता का मानक है। उन्होंने बताया कि अपात्रता की श्रेणी में आने के बाद भी जो कार्ड धारक सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे रहें उनके खिलाफ जिला पूर्ति विभाग कानूनी कार्रवाई करने जा रहा है। ऐसे अपात्र उपभोक्ताओं को स्वेच्छा से राशन कार्ड विभाग को सुपुर्द करने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही पूर्ति विभाग ने राशन कार्डों की जांच शुरू भी कर दी है। यदि व्यक्ति के परिवार की आय तीनों योजनाओं से अधिक है। तो उसे राशन कार्ड की पात्रता में शामिल नहीं किया जाएगा। बताया ब्लाक स्तर पर जो राशन कार्ड धारक खुद को अपात्र मानते हैं। उनको ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को राशन कार्ड सुपुर्द करना होगा।यदि कोई अपात्र अपना राशन कार्ड 9 मार्च 2026 तक निकटतम राजकीय अन्न भण्डार, ग्राम पंचायत कार्यालय या जिला पूर्ति कार्यालय में सरेंडर नहीं करेगा तो विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही करने जा रहा , जिसमें बाजार मूल्य की दर से वसूली और मुकदमा दर्ज करना शामिल है।

# 35वीं वाहिनी , आईटीबीपी ने मनाया सेवानिवृत्त सैनिक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** 35वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, माहिडाण्डा में सेवानिवृत्त सैनिक दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट भानु प्रताप सिंह ने सेवानिवृत्त पदाधिकारियों का बधाई दी है।



इस अवसर पर सेवानिवृत्त पदाधिकारियों को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

इस समारोह में बटालियन के सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले सी०ए०पी०एफ० के सेवानिवृत्त कार्मिकों, दिवंगत एवं शहीदों के आश्रितों ने हिस्सा लिया। जिसमें सबसे उम्रदराज पूर्व सैनिक और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भूतपूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल उत्तरकाशी को प्रतिक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैनिकों ने अपने सेवाकाल की प्रेरणादायक अनुभूतियों और महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। कमांडेंट ने कहा कि बटालियन स्तर की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाएगा और जिन समस्याओं का समाधान नहीं किया जा सकता, उन्हें उच्च मुख्यालय भेजा जाएगा। इस मौके पर वाहिनी के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, हिमवीर, बचन सिंह नेगी, सेवानिवृत्त उप सेनानी, संरक्षक, एवं एस०एस० कुन्दरा, सेवानिवृत्त निरीक्षक, उध्यक्ष, भूतपूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एसोसिएशन उत्तरकाशी के अध्यक्ष तथा सेवानिवृत्त पदाधिकारी एवं दिवंगत कार्मिकों के आश्रित मौजूद रहे।

### शिक्षक मोर सिंह नेगी को मातृ शोक

**श्रीनगर।** न्यू कमलेश्वर निवासी शिक्षक मोर सिंह नेगी की माता फूलदेई देवी (79) वर्ष के निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। विदित हो कि स्वर्गीय फूलदेई देवी विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रही थी।

उनका निधन उनके न्यू कमलेश्वर श्रीनगर स्थित निवास पर मंगलवार को हुआ था। फूलदेई देवी का निधन की खबर सुनने के बाद उनके आवास पर कई लोगों ने शोक संवेदना जताई।

उनके निधन पर लाल सिंह नेगी, गम्भीर सिंह भंडारी, आशुतोष पुरी,गम्भीर सिंह रौतेला, राधाकृष्णन डोभाल,गिरीश बंग. वाल, गोपाल सिंह रौतेला, शिव सिंह नेगी, जसपाल सिंह चौहान,बीरेंद्र सिंह राणा, रमेश बडोनी, मकान सिंह बर्तवाल आदि मौजूद थे।

## वन विभाग की टीम ने देवदार के 28 नग किये जब्त , वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उत्तरकाशी:** वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से देवदार के 28 नग लेकर जा रहे वाहन को जब्त कर दी है।

वाहन चालक फरार हो गया । उक्त जानकारी देते हुए प्रभागीय वनाधिकारी अपर यमुना वन प्रभाग बड़कोट रविंद्र पुंडीर के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उप प्रभागीय वनाधिकारी साधुलाल के नेतृत्व में गुरुवार सुबह 5:30 बजे वन विभाग के गश्त टीम द्वारा संदिग्ध वाहन , वाहन संख्या यू के 07 सीडी 3806 को बगासु पॉन्टी मोटरमार्ग पर मुंगरा पुल निकट चे. कंग के लिए निकट रोका तो वाहन चालक वाहन को न रोक कर मौके से वाहन को लेकर पुरोला की तरफ भाग गया, वन विभाग के टीम द्वारा वाहन की पीछा करने पर वाहन चालक वाहन को थल्ली मोटर मार्ग पर वाहन खड़ी कर फरार हो गया। वन विभाग की टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई तो वाहन में रेत के नीचे छिपा विभिन्न नाप के देवदार के 28 कड़ियाँ मिली। वन क्षेत्र अधिकारी शेखर सिंह राणा ने बताया कि अभियुक्त वाहन चालक के खिलाफ वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं में वन अपराध दर्ज किया गया है तथा वाहन को प्रकाष्ठ सहित विभागीय कब्जे लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

वन विभाग की टीम मे वन बीट अधिकारी आशिष शाह,अजीत चौहान, मंगल सिंह , संजय , वाहन चालक राजवीर, प्रताप,आदि मौजूद थे ।

# कर्म और निष्ठा समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा: मंजू राजपूत

**कहा – नयार वैली फेस्टिवल: पर्यटन, परंपरा और विकास का ऐतिहासिक संगम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** श्रीनगर की पहली महिला टैक्सी चालक नेहा रावत जो विगत 6 माह से यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचने का कार्य कर रही है।



यह उन लडकियों एवं उनके मां बाप जोर का तमाचा है जो लडकी या उनकी मां, बाप लडकी के लिए सरकारी नौकरी और देहरादून में मकान होने न होने पर रिश्ता ठुकरा देते है।

जिससे अच्छे खासे होनहार नौजवानों के रिश्ते न होने पर घर सूने हो गये हैं, तो कई लडकियों के चाह होने पर भी अपनी बेटी इसलिये रिश्ते नहीं करने दे रहे है कि लड़के के पास सरकारी नौकरी नहीं है और न ही देहरादून में उसका मकान है। इस सबको दरकिनार करते हुए नेहा रावत जो टैक्सी चलाकर हमेशा खुश रहती है और उनका कहना है कि मै उन लड़कियों एवं उनके अभिभावकों को एक ही बात कहना चाहती हूं कि अगर अपने पे भरोसा और लडके नियत लगन सही हो तो वह मेहनत करके भी दो वक्त की रोटी खा. सकती हैं। नेहा रावत ने ग्रेजुएशन तक पढाई कि है उनका परिवार पंजाब लुधियाना निवासरत है, वह मूल रूप से कर्णप्रयाग चमोली की रहने वाली हैं और घरवालों की रजामंदी से ही पवन कुमार से शादी की है। दोनो वर्तमान में किराए के मकान रहकर दोनों टैक्सी चलाते हैं। कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत ने नेहा रावत को अपने कार्यालय में बुलाकर. उनकी हौसला अफजाई की। उन्होने पूरे समाज को संदेश देते हुए कहा कि कोई भी काम छोटा नहीं होता है,

इन्सान का धेय सिर्फ उसकी मेहनत नगन कर्तव्यनिष्ठा से ही सफल होता है। उपजिलाधिकारी ने कार्यालय में उन्हें पुष्पकुछ देकर सम्मानित भी किया है। इस मौके पर मौजूद नेहा पति पवन रावत को हौसला अफजाई करने एवं एक दूसरे कामों की प्रशंसा की इससे पहले उत्तराखंड की कंदराओं में पहली महिला टैक्सी चालक जिला बागेश्वर की रेखा लुहानी पाण्डेय हैं।

जिन्होंने अपने पति की बीमारी और उसके इलाज में आर्थिक तंगी को देखते हुए 2023 में टैक्सी का स्टेरिंग हाथ में पकड़ा तो आज एक कुशल गृहणी के साथ-साथ अपने बच्चों का पालन भी कर रही और उच्च शिक्षा ग्रहण करके नीट का एग्जाम में सामान्य जाति में होने के कारण कुछ ही नम्बरों रह रही हैं, जो आज हमारे पहाड़ो मे यह वीरांगनाऐं एक प्रेरणा बन गई हैं।

### शादी समारोह से लौटते व्यक्ति पर जानलेवा हमला

**रुद्रप्रयाग।** जवाड़ी क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। सौंरा-जवाड़ी से जिला पंचायत सदस्य किरन नौटियाल के पति जवाड़ी निवासी राजेंद्र नौटियाल ने बीते 19 फरवरी 2026 की रात करीब 9:30 बजे एक शादी समारोह से लौटते हुए शंभू प्रसाद नौटियाल पर अचानक हमला बोल दिया। हमलावर ने लात घूंसो से पीट-पीटकर शंभू प्रसाद को लहूलुहान कर दिया, जिससे उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों आंख, कान, नाक, मुंह, कमर, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद घायल शंभू प्रसाद को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेस अस्पताल श्रीनगर रेफर कर दिया। यहां भी हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर किया, जहां फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित शंभू प्रसाद नौटियाल की पत्नी नीलम नौटियाल ने बीते 22 फरवरी 2026 को कोतवाली रुद्रप्रयाग में लिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# मोटर मार्ग का निरीक्षण कर कार्य में गुणवत्ता लाने निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** लोनिवि के अधिक्षण अभियंता 7 वां वृत्त गोपेश्वर ने श्री नंदादेवी राजजात के तहत थराली -देवाल-मंदोली-वांण मोटर मार्ग पर किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्य में गुणवत्ता लाने, होली के बाद कार्य में तेजी लाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिना विभागीय इजाजत के कार्यों को सब पेटी कांटेक्ट पर नही दिया जा सकता हैं। लोनिवि गोपेश्वर के अधिक्षण अभियंता राजेश चंद्रा ने थराली से देवाल तक राजजात यात्रा के तहत किए जा दिवालों, स्कवरों, नालियों सहित अन्य निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद लोनिवि थराली के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एससी ने कहा कि दिवालों के निर्माण कार्यों में अनियमित की शिकायतें मिल रही थी जिस पर वें निरीक्षण पर पहुंचे हैं, स्लाइड जोन किमी 3 में दिवालों के बजाय बैक कटिंग के लिए उन्होंने सर्वे करने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने पूछें जाने पर कहा कि कंपनी बिना विभाग की अनुमति के कार्यों को सब लेट नही कर सकता हैं, और 25 प्रतिशत से अधिक कार्य को किसी कीमत पर वह पेटी पर नही दे सकता है। बताया कि होली के बाद वें तुरंत फिर सड़क का निरीक्षण करेंगे,इस दौरान ठेकेदार को भी साथ में रखा जाएगा उन्होंने कहा कि सब लेट की जांच करवाएंगे। बताया कि उन्होंने सहायक अभियंता और जेईयों को साईड रजिस्टर बनाने और साईड पर काम करने वाले व्यक्ति का विवरण, मजदूरों का विवरण सहित अन्य जानकारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि सब लेट का पता चल पाए, पूछें जाने पर कहां कि विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को ठेकेदार ने हो सकता हैं,बतौर कर्मचारी रख लिया हों तो तब सब लेट का मामला समाप्त हो जाता हैं।कहा कि सड़क पर केसी ड्रेन नालीयों का निर्माण करवाया जाएगा, जहां पर यूं आकार की नालीयां बनाई जाएगी उसे ऊपर से कवर किया जाएगा ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके।इस मौके पर अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र, सहायक अभियंता बबिता सहित तमाम अन्य अभियंता एससी के दौर के समय मौजूद थे। ठेकेदारों ने आपदा के दौरान किए गए कार्यों का 6 माह बाद भी भुगतान नही होने का मामला अधिक्षण अभियंता राजेश चंद्रा के सम्मुख उठाया, बताया कि एकाउंटेंट के कारण भुगतान नही हो पा रहा है। जिस पर एससी ने अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र को अपने विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए ठेकेदारों को रूकें भुगतान एवं आपदा के दौरान कराएं गए कार्यों के आवश्यक दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए।इस मौके पर ठेकेदार राकेश जोशी, हरेंद्र कोटेड़ी, धीरेन्द्र रावत,अब्बल पिमोली,प्रेम बिष्ट, अब्बल गुसाईं, उमेश देवराड़ी भगवती पांडे, प्रताप राम आदि ठेकेदार मौजूद थे।

# चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों पर उच्चस्तरीय समीक्षा

## सुरक्षित, सुगम, गतिशील और व्यवस्थित यात्रा के लिए व्यापक कार्ययोजना के लिए सीएस के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं तकनीक-सक्षम बनाने के लिए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



इस दौरान बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ वी मुरुगेशन, सचिव सचिन कुर्वे, रणबीर सिंह, डी एस गब्रियाल, ब्रजेश संत, विनोद कुमार सुमन, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी सहित पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पेयजल विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, बद्री केदार मंदिर समिति, जिला प्रशासन, पशुपालन, गढ़वाल मंडल विकास निगम, परिवहन विभाग, पर्यटन विभाग, विद्युत विभाग, सिविल एविएशन, सूचना विभाग, बीएसएनएल, आईटीडीए, चारधाम होटल एसोसिएशन उत्तराखंड तथा संबंधित हितधारकों के साथ-साथ जिला प्रशासन सहित बैठक में उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य, विद्युत और आपदा प्रबंधन पर विशेष फोकस:** मुख्य सचिव ने सचिव सचिन कुर्वे को केदारनाथखबद्रीनाथ रूट पर सभी चिकित्सालयों को पूर्ण रूप से क्रियाशील करने के निर्देश दिए। ऊर्जा विभाग को निर्बाध एवं संतुलित वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।आपदा प्रबंधन एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि यात्रा मार्ग पर ट्रैफिक जाम, भीड़ या किसी भी आकस्मिक स्थिति की सूचना यात्रियों को व्हाट्सएप अलर्ट के माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराई जाए। एक सप्ताह में इसकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

**आकस्मिक प्रबंधन और संसाधनों की पूर्व तैयारी:** किसी आपात स्थिति में यात्रा रोकने की दशा में अवधि एवं स्थान निर्धारण का दायित्व आयुक्त गढ़वाल मंडल को सौंपा गया। यात्रा मार्ग पर आवश्यक मशीनों, उपकरणों और टूल्स की अग्रिम प्रपोजिशनिंग तथा परिसंपत्तियों (एसेट्स) की मैपिंग करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका त्वरित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

पशुपालन विभाग को यात्रा मार्ग पर पशुधन के पंजीकरण, उपचार एवं कैजुअल्टी की स्थिति में समुचित निस्तारण के लिए स्थानीय निकायों के समन्वय से व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

### तकनीक आधारित सुविधाएं और पारदर्शिता

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रमुख स्थलों पर क्यूआर कोड अंकित किए जाएं, जिनके माध्यम से यात्रियों को संबंधित स्थान एवं आसपास की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही सभी मुख्य बिंदुओं पर स्पष्ट एवं सारगर्भित साइनेज लगाए जाएं। यात्रा संचालन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी चमोली, रुद्रप्रयाग एवं उत्तरकाशी को स्थानीय स्तर पर सभी विभागों, एजेंसियों एवं स्टेकहोल्डर्स के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने को कहा। विगत वर्षों के अनुभवों और चुनौतियों की समीक्षा करते हुए भीड़ प्रबंधन (क्राउड मैनेजमेंट) के लिए सुदृढ़ और व्यावहारिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए।

## एक नजर .......

### मुख्यमंत्री से की लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने शिष्टाचार भेंट




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ (जीओसी इन सी) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की।

### काम सात मार्च तक रहेंगे ठप पर मिलता रहेगा राशन

**नई टिहरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग उत्तराखंड के दिशा निर्देशों के बाद जिले में राशन कार्ड से जुड़ी ऑनलाइन सेवाओं को अपडेट किया जा रहा है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने बताया कि विभाग के वर्तमान आरसीएमएस पोर्टल को अब यूनिफाइड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर माइग्रेट किया जा रहा है। पोर्टल माइग्रेशन की यह तकनीकी प्रक्रिया छब्बीस फरवरी से शुरू होकर सात मार्च तक चलेगी। इस अपग्रेडेशन के कारण आरसीएमएस पोर्टल पर होने वाले सभी ऑनलाइन कार्य पूरी तरह से बाधित रहेंगे। विभाग ने जनपद के सभी उपभोक्ताओं राशन कार्ड धारकों और विक्रेताओं को सूचित किया है कि इस अवधि के दौरान राशन कार्ड में संशोधन या नई राशन की दुकान से जुड़े कोई भी काम नहीं हो सकेंगे। विभाग ने आम जनता को राहत देते हुए यह स्पष्ट किया है कि पोर्टल बंद रहने का असर राशन वितरण प्रणाली पर बिल्कुल नहीं पड़ेगा।

### संवासनियों को सिटी पार्क में कराया भ्रमण

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा राजकीय महिला कल्याण ए वं पुनर्वास केन्द्र नारी निकेतन की संवासनियों को शहर के सिटी पार्क में भ्रमण कराया गया। जिला प्रशासन की इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल का उद्देश्य नारी निकेतन में निवासरत महिलाओं को सकारात्मक, खुला एवं प्राकृतिक वातावरण प्रदान करना तथा उनके मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना रहा। भ्रमण के दौरान संवासनियों ने पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली, स्वच्छ वातावरण तथा खुले आसमान के नीचे समय व्यतीत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान ने संवासनियों डांस आदि एक्टिविटी कर आनंद लिया। संवासनियों को सिटी पार्क में ही दिन का भोजन कराया गया।

## एमडीडीए का अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान जारी

# दून की आजाद कॉलोनी में अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त अभियान लगातार जारी है। अवैध निर्माण और नियमों के विपरीत किए जा रहे व्यावसायिक गतिविधियों पर प्राधिकरण की टीमें लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। इसी क्रम में आजाद कॉलोनी क्षेत्र में चल रहे अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण ने सीलिंग की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और भविष्य में भी अभियान लगातार जारी रहेगा।



■ बिना स्वीकृति किए जा रहे निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे: प्राधिकरण

एमडीडीए की टीम ने मुरसीद द्वारा सना मस्जिद के निकट, आजाद कॉलोनी देहरादून में किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण पर कार्रवाई करते हुए भवन को सील कर दिया। जांच के दौरान पाया गया कि निर्माण कार्य बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के किया जा रहा था। इसके बाद नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह कार्रवाई सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता नेहा एवं संबंधित सुपरवाइजर की मौजूदगी में संपन्न हुई। प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिना स्वीकृति निर्माण पर होगी सख्त कार्रवाई: तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शहर में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। बिना मानचित्र स्वीकृति या नियमों के विपरीत किए जा रहे निर्माणों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि भवन निर्माण से पूर्व प्राधिकरण से आवश्यक स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण जैसी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### भविष्य में भी प्राधिकरण का अभियान रहेगा जारी :बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्राधिकरण की टीमें नियमित निरीक्षण कर रही हैं। नियमों के विपरीत निर्माण पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।

# सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा बैठक आयोजित

■ मुख्य सचिव ने डोर-टू-डोर सफाई, सोर्स सेग्रीगेशन और प्रोसेसिंग क्षमता बढ़ाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कूड़े के सोर्स सेग्रीगेशन को प्रभावी बनाने और कूड़ा प्रोसेसिंग की क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। जहां-जहां कूड़ा प्रोसेसिंग हेतु आवश्यकता है, वहां शीघ्र भूमि का चयन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर सचिव रणवीर चौहान, सचिव डी. एस. गब्रियाल, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**मशीनरी व नवीन तकनीकों के त्वरित उपयोग के निर्देश:** मुख्य सचिव ने शहरी विकास सचिव को निर्देशित किया कि जिन शहरी निकायों में मशीनों एवं उपकरणों की आवश्यकता है, वहां किसी भी प्रकार की कमी न रहने दी जाए और आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित वर्तमान में प्रचलित बेहतर एवं आधुनिक तकनीकों को आत्मसात करते हुए उनके प्रभावी उपयोग हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

**देहरादून में जीपीएस आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग का ट्रायल:** बैठक में शहरी विकास सचिव नितेश झा ने प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया कि देहरादून में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की रियल-टाइम मॉनिटरिंग का ट्रायल वर्तमान में चल रहा है। जीपीएस आधारित ऑनलाइन मॉनिटरिंग से अधिकारी निगरानी कर सकेंगे तथा आम नागरिक भी कूड़ा वाहन की लोकेशन, आगमन समय और शिकायतें ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इस ळचै आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग वेबसाइट का शुभारंभ किया जाएगा।

### ऑनलाइन ट्रैकिंग एवं जवाबदेही प्रणाली विकसित करने पर जोर

मुख्य सचिव ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं कूड़ा निस्तारण में लगे वाहनों, उनके चालकों और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी और वेतन आधारित ऑटो सिस्टम लागू करने पर भी होमवर्क करने के निर्देश दिए।

# विकास भवन में सतत विकास लक्ष्यों और पीएम गतिशक्ति पर कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जनपद मुख्यालय स्थित विकास भवन में बीते बुधवार को सतत विकास लक्ष्य पीएम गतिशक्ति और विजन 2047 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनपद के सभी प्रमुख विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।




■ जनपद की एसडीजी रैंकिंग में सुधार पर मंथन विशेषज्ञों ने विभागीय समन्वय पर दिया जोर

कार्यक्रम में सीपीपीजी नियोजन विभाग के एसडीजी विशेषज्ञ शैलेन्द्र कुमार ने सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने पीपीटी और विभागीय पोर्टल के माध्यम से जिले के विभिन्न विभागों द्वारा इस दिशा में की गई प्रगति से सबको अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में टिहरी जनपद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्ष के मुकाबले दो स्थानों की छलांग लगाई है और अपनी रैंकिंग सुधारते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। इस सुधरी हुई रैंकिंग का श्रेय कुछ विभागों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को दिया गया। वहीं पीएम गतिशक्ति विशेषज्ञ ऐश्वर्या अवनीश ने योजनाओं की प्रभावी निगरानी पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि विभागीय योजनाओं को पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर अपलोड कर निरंतर मॉनिटरिंग की जा सकती है। उन्होंने पोर्टल के माध्यम से विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर डाटा साझा करने का सुझाव दिया जिससे किसी भी विकास योजना को कम से कम समय में सफलता पूर्वक धरातल पर उतारा जा सके।

### सीएचसी लंबगांव में शवगृह न होने से मृतकों के परिजन परेशान

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड लंबगांव में शवगृह की सुविधा न होने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आपात स्थिति या दुर्घटना में किसी की मृत्यु होने पर अस्पताल में शव को सुरक्षित रखने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में दुख की इस घड़ी में परिजनों को मजबूरी में अस्पताल परिसर में ही शव की रखवाली करनी पड़ती है जिससे उनकी मानसिक और शारीरिक परेशानी और बढ़ जाती है।

इस गंभीर समस्या को लेकर राइका लंबगांव के पीटीए अध्यक्ष सोहन सिंह रांगड़ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में जल्द शवगृह निर्माण की मांग की है। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि राज्य गठन के बाद वर्ष 2000 से ही यह अस्पताल सीएचसी के रूप में संचालित है और पूरे क्षेत्र का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है।

### नमाज व मस्जिदों से जुड़े मामलों पर मुस्लिम संगठनों ने डीआईजी से की मुलाकात

देहरादून। मुस्लिम सेवा संगठन और इमाम संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड धीरेन्द्र गुंज्याल से मुलाकात कर प्रदेश में हाल के दिनों में नमाज, मस्जिद और मदरसों को लेकर सामने आए मामलों पर चिंता जताई।

प्रतिनिधिमंडल ने रुद्रपुर में एक व्यक्ति के नमाज पढ़ने को लेकर हुई मारपीट, जोशीमठ में नमाज अदा करने पर मुस्लिम समाज के दर्जनों लोगों पर 107/116 के तहत की गई कार्रवाई तथा डोईवाला के थानो गांव में कुछ हिंदू संगठनों की और से मस्जिद के अंदर होली खेलने की घोषणा जैसे मामलों को उठाया। प्रतिनिधियों का कहना था कि इन घटनाओं से समुदाय में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। इस पर डीआईजी धीरेन्द्र गुंज्याल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन समाज के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय करेगा। मुलाकात में इमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी, उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी, पूर्व पार्षद इल्यास अंसारी, मीडिया प्रभारी रमीज राजा, दानिश कुरैशी व नवाज कुरैशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण देहरादून**

पत्रांक 675/ अभि.-/2025-26 दिनांक : 25.02.2026

ई- निविदा सूचना

उपाध्यक्ष मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों से उनकी श्रेणी के अनुसार 15 विकास कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 19.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक ठेकेदार/ फर्म जो क्वालीफाई कर रहे हों, वह उत्तराखण्ड की वेबसाईट uktenders.gov.in में उपरोक्त तिथि एवं समय तक निविदा अपलोड कर जमा कर सकते हैं। अन्य निविदा की विस्तृत शर्तें प्राधिकरण की वेबसाईट mddaonline.in में भी दिया गया है यदि उक्त निविदा के सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशोधन आदि किये जाने की आवश्यकता होती है तो उनकी सूचना उक्त वेबसाईट के माध्यम से दी जाएगी।

अधिशासी अभियन्ता,
मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण, देहरादून

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-172 **ई-निविदा सूचना** दिनांक- 26/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0-द्वितीय), लखवाड़ एम0पी0पी0 (3x100MW), डाकपत्थर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

**निविदा सं0 11/अ0अ0 (वि0 एवं या0.-द्वितीय)/एल0पी/2025-26**
**कार्य का नाम:** लखवाड़ परियोजना के अन्तर्गत 33/11 के0 वी0 हथियारी उपसंस्थानों का वार्षिक संचालन एवं, अनुरक्षण का कार्य।
**अनुमानित लागत:** ₹ 26,49,849.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 26/02/2026 को 15:00 बजे से
**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 21/03/2026 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **"http://uktenders.gov.in"** देखें।

अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0-II)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें" लखवाड़ परियोजना

# नैनीताल एवं मसूरी से संबंधित समस्याओं पर चर्चा

■ त्वरित प्रस्ताव एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश
■ यातायात, सुरक्षा, सैनिटेशन एवं सौंदर्यकरण पर व्यापक मंथन
■ नेटवर्क ब्लाइंड स्पॉट, लाइटिंग एवं पार्किंग पर विशेष फोकस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में नैनीताल एवं मसूरी से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समुचित यातायात प्रबंधन, आवश्यक स्थलों पर लाइटिंग, मुख्य मार्गों का रंग-रोगन, सौंदर्यकरण, साफ-सफाई तथा पर्यटकों की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य सचिव ने आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल एवं कुमाऊँ तथा जिलाधिकारी देहरादून और नैनीताल से दोनों मंडल और जनपदों से संबंधित समस्याओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, सड़क सुधारीकरण, पार्किंग, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी, लाइटिंग, कूड़ा निस्तारण आदि से संबंधित आवश्यकताओं के लिए दोनों जनपद यदि आवश्यक हो तो तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करें। साथ ही, चल रहे कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

यात्रा के पीक सीजन को ध्यान में रखते हुए यातायात को सुचारु रखने, वैकल्पिक पार्किंग एवं सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता अनुसार रूट डायवर्जन स्थानीय स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए।

स्थानीय व्यवसायियों, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों सहित सभी हितधारकों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया।

नैनीताल एवं आसपास के मार्गों पर मोबाइल नेटवर्क बाधित होने वाले ब्लाइंड स्पॉट चिन्हित करने तथा जहां-जहां लाइटिंग की आवश्यकता है, वहां तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार, मसूरी में किंग्रेट स्थित पार्किंग के बेहतर उपयोग हेतु पर्यटन विभाग के समन्वय से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सचिव नितेश झा, डॉ. आर. राजेश कुमार, रणबीर सिंह चौहान, डी. एस. गब्रियाल, हॉफ वन विभाग रंजन मिश्र सहित वर्चुअल माध्यम से आयुक्त गढ़वाल एवं कुमाऊँ, आईजी गढ़वाल एवं कुमाऊँ, जिलाधिकारी देहरादून एवं नैनीताल तथा अपर सचिव बंशीधर तिवारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शहर की सुंदरता, स्वच्छता एवं अनुशासन

मुख्य सचिव ने दोनों जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में अव्यवस्थित तारों के जाल को ठीक कराया जाए, छोटे-मोटे भद्दे विज्ञापन हटाए जाएँ जिससे राज्य का नैसर्गिक स्वरूप प्रभावित होता है। साथ ही साफ-सफाई, जल निकासी नालियों की सफाई, रंगाई-पुताई, रेलिंग एवं सौंदर्यकरण से जुड़े सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएँ। पर्यटकों से ओवरचार्जिंग या किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। इसके लिए महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को सादे वस्त्रों में विभिन्न स्थलों पर तैनात रखने तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि पर्यटकों को किसी भी प्रकार का नकारात्मक संदेश न जाए।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)
18 ई.सी. रोड, देहरादून दूरभाष : 2652916 Email:eddndn@yahoo.com

पत्रांक: 1121 / विविख (उ)/ दिनांक 26/02/2026

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, वैध जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर /पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत 'ए' क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हो) दिनांक 12.03.2026 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में वैध जी.एस.टी. धारक के द्वारा दिनांक 11.03.2026 (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि व अन्य संबधित घोषणा पत्र के निविदा भाग-2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने / अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित हैं।

निविदा संख्या EDD (N) - 24/2025-2026, WORK - SHIFTING OF HT/LT LINES OF VARIOUS SITES & SUB-STATION UNDER JE ANARWALA OF DEPOSIT HEAD IN EDSD ANARWALA, UNDER EDD (NORTH), DEHRADUN की धरोहर राशि रू0 36,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1,000.00 G.S.T.EXTRA.

किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें टोल फ्रि न० 18004190405
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)
18 ई.सी. रोड, देहरादून दूरभाष : 2652916 Email:eddndn@yahoo.com

पत्रांक: 1122 / विविख (उ)/ दिनांक 26/02/2026

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों के लिए 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक, वैध जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. के अन्तर्गत पंजीकृत, आयकर / पैन कार्ड धारक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में निविदा धरोहर धनराशि संबंधी घोषणा पत्र, नियम एवं शर्ते, उत्तराखण्ड विद्युत निरीक्षक द्वारा निर्गत "ए" क्लास लाईसेंस की प्रतिलिपि, जी.एस.टी पंजीकरण, पैनकार्ड आदि एवं द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम छः माह तक वैध हो) दिनांक 12.03.2026 को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसका प्रथम भाग उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी द्वारा सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में वैध जी.एस.टी. धारक के द्वारा दिनांक 11.03.2026 (14:00 बजे) तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा प्रपत्र का मूल्य नगद (अप्रतिदेय) जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। बिना निविदा धरोहर धनराशि व अन्य संबधित घोषणा पत्र के निविदा भाग-2 नहीं खोली जायेंगी। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने/अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी। अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित हैं।

निविदा संख्या EDD (N) - 25/2025-2026, WORK - SHIFTING OF HT/LT LINES OF VARIOUS SITES & SUB-STATION UNDER JE DHAKPATTI OF DEPOSIT HEAD IN EDSD ANARWALA, UNDER EDD (NORTH), DEHRADUN की धरोहर राशि रू0 36,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 1,000.00 G.S.T. EXTRA.

किसी भी विद्युत समस्या के लिए सम्पर्क करें टोल फ्रि न० 18004190405
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें।"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (उत्तर)

# चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

## चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की जाए चाक चौबंद : मयूर दीक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष रोशनाबाद में बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा से संबंधित विभागों की कार्ययोजना एवं तैयारियों की समीक्षा की गई। जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुशील नौटियाल ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं का पंजीकरण ऋषिकुल मैदान में किया जाएगा, जिसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऋषिकुल मैदान में जर्मन हैंगर युक्त टेंट में अस्थायी पंजीकरण केंद्र बनाया जाएगा, जहां पंखे, बिजली, पानी, शौचालय सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी ने पंजीकरण हेतु 20 काउंटर शिफ्टवार संचालित करने तथा उन्हें सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक चलाने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को आवश्यकता पड़ने पर होल्डिंग एरिया चिन्हित करने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए डायवर्जन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग की ओर से एसपी सिटी अभय सिंह ने पुलिस तैयारियों की जानकारी दी। परिवहन विभाग को ट्रिप कार्ड/ग्रीन कार्ड एवं वाहन समस्याओं के समाधान हेतु ऋषिकुल मैदान में हेल्पडेस्क स्थापित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने भीड़ की स्थिति में यात्रियों के ठहराव हेतु धर्मशालाओं व आश्रमों का चिन्हीकरण, नगर निगम को शौचालय व सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को भोजन-पानी व्यवस्था की तैयारी, बस स्टैंड से बदरीनाथ-केदारनाथ के लिए बसों की संख्या बढ़ाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को यात्रा मार्ग के कार्य समय से पूर्ण करने को कहा गया। साथ ही निःशुल्क पंजीकरण केंद्र की जानकारी के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एसपी सिटी अभय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, उपजिलाधिकारी जितेन्द्र कुमार व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम की त्वरित कार्रवाई, यूरिनल उपयोग पर शुल्क वसूली पर सुलभ इंटरनेशनल पर जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर निगम हरिद्वार द्वारा जनहित में त्वरित कार्रवाई करते हुए रोड़ीबेलवाला क्षेत्र में स्थित सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित गड्ढा पार्किंग के निकट सार्वजनिक शौचालय में यूरिनल उपयोग हेतु शुल्क वसूले जाने की सूचना पर तत्काल संज्ञान लिया गया। प्राप्त सूचना के क्रम में नगर निगम की टीम द्वारा मौके की जांच कराई गई, जिसमें यूरिनल उपयोग पर शुल्क लिए जाने की पुष्टि हुई। इस पर नगर निगम ने संबंधित संस्था सुलभ इंटरनेशनल पर 2000 रुपये का जुर्माना आरोपित करते हुए नोटिस जारी किया है। नोटिस में संस्था को 2 दिवस के भीतर अपना स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो नगर निगम द्वारा अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम हरिद्वार द्वारा शहर में संचालित सभी अनुबंधित सार्वजनिक शौचालयों को भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि यूरिनल उपयोग के लिए किसी भी व्यक्ति से किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी किसी भी अनियमितता की सूचना तत्काल निगम को दें, ताकि सार्वजनिक सुविधाओं में पारदर्शिता एवं जनहित सुनिश्चित किया जा सके।

# लव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला ने फांसी पर लटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

बुधवार रात चंदन जैसवाल निवासी बसंत निवास, जापलीन गंज, जिला बलिया हाल निवासी वैष्णवी अपार्टमेंट, निकट बंगाली मोड़ ने पुलिस को सूचना दी कि उनके साथ रहने वाली कुमकुम वर्मा उम्र 26 वर्ष पत्नी संतोष वर्मा निवासी चमन सिंह बाग रोड, बलिया उ.प्र. ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

सूचना पर थाना पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई। फील्ड यूनिट ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। पूछताछ में सामने आया कि कुमकुम की शादी वर्ष 2023 में हुई थी। वर्तमान में उसका अपने पति के साथ न्यायालय में तलाक का केस चल रहा था। वह कुछ समय से कनखल में चंदन के साथ रह रही थी। प्रथम दृष्टया घरेलू विवाद या मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवा दिया है।

# कांग्रेस के होली मिलन समारोह में शामिल होंगे कई वरिष्ठ नेता

## होली मिलन समारोह से कांग्रेस देगी सद्भावना का संदेश : मनोज सैनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एक मार्च को आयोजित किए जा रहे होली मिलन समारोह की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक सोम त्यागी एवं मनोज सैनी ने बताया कि मध्य हरिद्वार स्थित बैंकट हॉल में आयोजित किए जा रहे होली मिलन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता व गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और सभी एक दूसरे से फूलों से होली खेलकर भाईचारे, सौहार्द एवं सद्भावना का संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक और खुशियों का पर्व होली समाज को एकजुटता और प्रेम का संदेश देता है। लेकिन भाजपा पर्वों के माध्यम से भी राजनीति कर धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। मनोज सैनी ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार होली मिलन समारोह के माध्यम से समाज को एकजुटता का संदेश देगा।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सैनी एवं विकास चंद्रा ने कहा कि सामाजिक एकता का संदेश देते हुए एक दूसरे के साथ होली की खुशीयां बांटे और समाज में नफरत फैलाने वालों से सावधान रहें। प्रेसवार्ता में विकास चंद्रा, विशाल प्रधान, आशु भारद्वाज, निखिल सोदाई, अखिल त्यागी, सागर बेनीवाल सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने फार्मा प्रदर्शनी व समिट का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लघु उद्योग भारती और एमटेक इंडिया द्वारा सिडकुल स्थित प्रदर्शनी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय औद्योगिक एवं फार्मा प्रदर्शनी व फार्मा समिट का शुभारंभ मुख्य अतिथी विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने किया। इस दौरान रानीपुर विधायक आदेश चौहान भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने कहा कि उत्तराखंड में फार्मा उद्योग के लिए अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय उद्यमियों से गुणवत्ता, अनुसंधान और नवाचार को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथी लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र एवं आरएसएस के प्रांत प्रचारक डा. शैलेंद्र ने कहा कि फार्मा सेक्टर में तकनीकी उन्नयन और गुणवत्ता मानकों का पालन ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का मूल मंत्र है। प्रदर्शनी एवं फार्मा समिट में लगभग 150 कंपनियों ने अपनी अत्याधुनिक मशीनरी, उन्नत परीक्षण उपकरणों और नई तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया। उद्योगपतियों ने आयोजन को प्रेरणादायी बताते हुए इसे उद्योग जगत के लिए उपयोगी पहल करार दिया। कहा कि फार्मा समिट तकनीकी आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और नए व्यापारिक अवसरों की दिशा में एक प्रभावी मंच सिद्ध हो रहा है। इस आयोजन से भविष्य में निवेश और रोजगार सृजन की संभावनाएं और मजबूत होंगी। लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित त्यागी, हरिद्वार जिला अध्यक्ष मनोज पुंडीर, जिला महामंत्री निखिल गोयल, उपाध्यक्ष विनय, सुरजीत भुल्लर, गजेंद्र सिंह आदि ने अतिथीयों का स्वागत किया।

# कपड़े प्रेस कर रहे किशोर की करंट लगने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**पोस्टमार्टम न कराने को लेकर भीम आर्मी अड़ी तो सिडकुल पुलिस ने संभाला मौर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सिडकुल क्षेत्र में घर के अंदर कपड़े प्रेस कर रहे 17 वर्षीय किशोर की अचानक करंट लगने से मौत हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पोस्टमार्टम को लेकर परिजन और भीम आर्मी से जुड़े लोगों ने विरोध जताया, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

बुधवार रात मेट्रो अस्पताल में प्रिंस (17) पुत्र बिनारसी दास निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल को अचेत अवस्था में लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस में जानकारी जुटाई तो पता चला कि प्रिंस घर में कपड़ों पर प्रेस कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लगा। परिवार के लोग तुरंत उसे लेकर मेट्रो अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर के बाहर परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पोस्टमार्टम कराने को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और शव बिना पोस्टमार्टम सौंपने की मांग करने लगे। भीम आर्मी समेत अन्य संगठनों के कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंच गए और हंगामा करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने मोर्चा संभाला। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने लोगों को समझाया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम आवश्यक है। काफी देर की समझाने के बाद परिजन राजी हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। वहीं, एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# हरिद्वार धर्मशाला प्रबंधक सेवा समिति ने होली मिलन की तैयारियों को लेकर बैठक की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार धर्मशाला प्रबंधक सेवा समिति की ओर से होली मिलन समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर गुरुवार को उत्तरी हरिद्वार स्थित स्वतंत्र पुरी आश्रम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह को भव्य बनाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में संस्था के संरक्षक श्रीमहंत केदार पुरी समेत सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिए। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा ने बताया आगामी 28 फरवरी को आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के महामंत्री महेश पुरी, हरिद्वार की मेयर किरन जैसल, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, नगर विधायक मदन कौशिक सहित क्षेत्रीय पार्षदगण भी मौजूद रहेंगे। समिति अध्यक्ष महंत भीम सेन ने बताया कि इस वर्ष समारोह में पारंपरिक फूलों की होली मुख्य आकर्षण रहेगी। इसके साथ ही रंगारंग



सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय कलाकार भाग लेंगे। महामंत्री मनोज बिष्ट ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि समारोह में समाज के प्रतिष्ठित संत महंतों और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि भव्य आयोजन बने।

# सिटी मजिस्ट्रेट की पहल से जोमैटो डिलीवरी कर्मियों का अनशन समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रानीपुर मोड़ पर पिछले तीन दिनों से अनशन पर बैठे जोमैटो फूड डिलीवरी कंपनी के डिलीवरी कर्मियों का अनशन गुरुवार को प्रशासन की पहल पर समाप्त हो गया। डिलीवरी बॉयज का कहना था कि निर्धारित समय पर डिलीवरी न होने की स्थिति में उनके प्वाइंट और वेतन में कटौती की जा रही है, जिसे तत्काल रोका जाए। साथ ही उन्होंने वेतन वृद्धि समेत अन्य कार्यस्थितियों में सुधार की मांग उठाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हरिद्वार के सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने पहल करते हुए कंपनी के पदाधिकारियों और अनशनकारियों को नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता के दौरान कर्मियों द्वारा सौंपे



गए मांगपत्र पर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। सकारात्मक बातचीत और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। इस मौके पर डिलीवरी कर्मियों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा। सिटी मजिस्ट्रेट कुशम चौहान की संवेदनशीलता और कार्यशैली की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप कर श्रमिकों और कंपनी के बीच संवाद स्थापित कराया, जिससे स्थिति शांतिपूर्ण ढंग से सुलझ गई। इस पहल को प्रशासन और श्रमिकों के बीच बेहतर संवाद का सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है।

# हरिद्वार वैश्य एकता परिषद की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार वैश्य एकता परिषद के संयोजन में वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक का आयोजन किया गया। चंद्राचार्य चौक के समीप एक होटल में आयोजित की गयी बैठक में समाज की एकता पर जोर दिया गया। बैठक के बाद होली मिलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने एक दूसरे के संग फूलों से होली खोली और शुभकामनाएं दी। बैठक को संबोधित करते हुए हरिद्वार वैश्य एकता परिषद के संयोजक पराग गुप्ता एवं अरविंद अग्रवाल ने बताया परिषद के गठन का उद्देश्य जनपद के समस्त वैश्य समाज को एकजुट कर एक मंच पर लाना है। उन्होंने कहा कि समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने समाज को एकजुट करने के वैश्य एकता परिषद के प्रयासों से सहमति व्यक्त की है। जिससे वैश्य समाज की आपसी एकता समय-समय पर प्रदर्शित हो सकेगी। बैठक के दौरान पराग गुप्ता एवं अरविंद अग्रवाल ने संस्था के संरक्षक मंडल एवं निदेशक मंडल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक अग्रवाल व सुयश अग्रवाल ने कहा कि वैश्य एकता परिषद के गठन समाज की एकता को बल मिलेगा और समाज के हित से जुड़े मुद्दों को अधिक प्रभावी रूप से उठाने में मदद मिलेगी। अशोक अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्य समाज को शिक्षा, व्यापारिक नेटवर्किंग तथा सामाजिक समरसता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वैश्य एकता परिषद के तहत सभी संगठन मिलकर पारस्परिक सहयोग बढ़ाते हुए समाज की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। बैठक में प्रमुख समाजसेवी ज्ञानेश अग्रवाल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप चौधरी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल, पार्षद सचिन अग्रवाल, पार्षद अंकुर मेहता, अमित गर्ग, अमरीश रस्तोगी, जयराम गोयल, एडवोकेट अनुराग गुप्ता, केएल गुप्ता, एडवोकेट विपिन गुप्ता, रविन्द्र सिंघल, प्रवीण सिंघल, प्रदीप सिंघल, रविकांत गुप्ता, आलोक गर्ग, नमित गोयल, नमन गुप्ता, अशोक अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, डा.अजय अग्रवाल, माध्विक मित्तल, रविन्द्र गुप्ता, पंकज गुप्ता, प्रदीप मेहता, संजय अग्रवाल, नवनीत मित्तल, प्रशांत दीप गुप्ता, विनोद मित्तल, सतीश गुप्ता, विनोद गुप्ता, विनेश अग्रवाल, गगन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, रचित अग्रवाल, लव कुमार गुप्ता, समीर गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, दीपक बंसल, संजीव अग्रवाल, संजय गुप्ता, अजय गोयल, भगवत प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसोसिएशन ने किया एसएसपी का स्वागत

## जनपद में कानून व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नेशनल हयूमन राइट्स वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव एडवाकेट अनूप प्रकाश भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर से मुलाकात कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इस दौरान अनूप प्रकाश भारद्वाज ने एसएसपी को ज्ञापन देकर जनपद में कानून व्यवस्था मे सुधार के लिए कई सुझाव भी दिए। अनूप प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि जनपद में बढ़ रहे बाल श्रम, मिक्षावृत्ति और नशे पर प्रभावी रोक लगाने के लिए चौकी प्रभारियों को आवश्यक रूप से जिम्मेदार बनाया जाए। न्यायालय आने जाने के दौरान अधिवक्ताओं को चेकिंग के नाम पर रोककर परेशान ना किया जाए। शिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थना पत्र देने वालों को पावती दी जाए। अशिक्षित व बुजुर्गों के साथ होने वाले साईबर अपराधों को रोकने के लिए व्यापक रूप से जागरूकता अभियान चलाया जाए। असमाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक व भड़काउ पोस्ट करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाए। थाना व चौकी स्तर पर रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ कालोनियों में खड़े होने वाले वाहनों पर कानूनी कार्यवाही की जाए। मुकदमें हर स्थिति में दर्ज किए जाएं व कार्यवाही ना होने पर संबंधित को जिम्मेदार बनाया जायें तथा आवश्यक होने पर कार्यवाही की जाए। प्रत्येक माह में कम से कम एक बार पुलिस जनता चौपाल का आयोजन किया जाए। 112 पर आने वाली कॉल पर तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाए। न्यायालय द्वारा थानों से तलब की जाने वाली, रिपोर्ट / आख्या एवं साईबर काईम रिपोर्ट आदि पर अनावश्यक विलम्ब न किये जाने के निर्देश पारित किए जाएं तथा साईबर क्राईम के मामलों में फ्रिज किए गए खातों में जमा रकम को पीड़ित को जल्द से जल्द से दी जाए।

इस दौरान अनूप प्रकाश भारद्वाज, हिमांशु सरीन, प्रदेश संगठन मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, मीनू शर्मा एडवोकेट, पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ओपी तिवारी, देवांश वालिया, आयुश शर्मा एडवोकेट, स्वर्णिम राजपूत, रणविजय, राजेश वर्मा, मोहन तिवारी आदि शामिल रहे।

# नाबालिग लड़की भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**पथरी ( शाह टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिह युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक व युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पथरी थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के पिता ने तहरीर देकर बताया कि 24 फरवरी की रात को घर से 20 हजार रुपये एव चांदी के कीमती आभूषण लेकर गांव का ही रहने वाला युवक उनकी 15 वर्षीय नाबालिग युवती को बहला- फुसलाकर कर अपने साथ ले गया है। किशोरी के परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नही चला। जिसके बाद परिजनों को पता चला कि गांव ही रहने वाला एक युवक उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। किशोरी के पिता ने मामले में नामजद पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक और किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पथरी थाना अध्यक्ष मनोज नौटियाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी युवक निशान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कार्यवाही की मांग को लेकर एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**हरिद्वार ( शाह टाइम्स )।** जन अधिकार पार्टी (ज.) के हरिद्वार प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय महाचिव के नेतृत्व में एसएसपी से मुलाकात कर जिले में सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी ने कहा कि हाल के दिनों में जिले में धार्मिक सौहार्द को प्रभावित करने वाली घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे आम जनता में भय और असुरक्षा की भावना पनप रही है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि जिले में शांति और भाईचारा कायम रह सके। प्रदेश सचिव कुर्बान अली ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में डर का माहौल पैदा कर रही हैं, जिन्हें समय रहते रोकना बेहद जरूरी है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुर्बान अली, कोमल, प्रीति, अर्जुन, आदिल ठेकेदार, रिजवान ठेकेदार, शेरा मलिक, मोमिन मलिक और सुशील शामिल रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः— 1789 / वि0.वि0.ख0ज्वा0 / ह0 / शटडाउन / ई0ई0 / दिनांक— 26.02.2026

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाडा के अन्तर्गत विद्युत लाईन चार्ज करने का कार्य एवं 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर से नयी विद्युत लाईन निर्माण करने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक / पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाडा। | 11 के0वी0 सीतापुर | 28.02.2026 / शनिवार व 01.03.2026 / रविवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | सीतापुर एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता |
| 02 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 28.02.2026 / शनिवार | | राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, सराय, ईक्कड कलां, ईक्कड खुर्द, दुर्गा विहार, विष्णुलोक एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 गंगा प्रदूषण | | | गंगा प्रदूषण एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 मनचन्दा | | | मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा० लि०। |
| 03 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 01.03.2026 / रविवार | | राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, सराय, ईक्कड कलां, ईक्कड खुर्द, दुर्गा विहार, विष्णुलोक एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 गंगा प्रदूषण | | | गंगा प्रदूषण एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 मनचन्दा | | | मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा० लि०। |
| 04 | 33 / 11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 02.03.2026 / सोमवार | | राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, सराय, ईक्कड कलां, ईक्कड खुर्द, दुर्गा विहार, विष्णुलोक एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 गंगा प्रदूषण | | | गंगा प्रदूषण एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | 11 के0वी0 मनचन्दा | | | मैसर्स मनचन्दा हर्बल प्रोडक्ट्स प्रा० लि०। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''


# 6 साल की नन्ही सुमैरा ने रखा रोजा, खुदा को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पवित्र रमजान के महीने में जहाँ चारों ओर इबादत का दौर जारी है, वहीं ज्वालापुर के मोहल्ला झरन पीठ बाजार की छह साल की सुमैरा ने इतनी कम उम्र में पूरे जज्बे के साथ अपना रोजा पूरा किया। माता वैष्णो देवी स्कूल में एलकेजी की छात्रा सुमैरा के पिता शफीक अहमद अब्बासी ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही घर में नमाज और रोजे को देखकर बहुत प्रभावित रहती है। इस बार उसने खुद रोजा रखने की जिद की थी। पूरे दिन सुमैरा ने बड़े धैर्य के साथ अपनी इबादत पूरी की। शाम को इफ्तार के समय परिवार ने सुमैरा की हौसला अफजाई की और उसके बेहतर भविष्य के लिए दुआएं मांगी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि सुमैरा की यह पहल दूसरे बच्चों के लिए भी एक अच्छी सीख है। क्षेत्र में इस नन्ही बच्ची के धार्मिक लगाव और जज्बे की खूब सराहना हो रही है।


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# विधायक ने हरबर्टपुर में 48 करोड़ की पेयजल योजना का किया शिलान्यास

## चार जोन में बटी इस परियोजना के बनने से 24 घंटे होगी पेयजल की आपूर्ति: चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** हरबर्टपुर नगरपालिका क्षेत्र को आज एक बड़ी सौगात मिली है, जहां क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने करीब 48 करोड़ की लागत से बनने जा रही वाटर लिफ्टिंग परियोजना का विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया।

बता दें कि हरबर्टपुर नगरपालि. का क्षेत्र के लिए बनने जा रही इस परियोजना से यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। बताया जा रहा है कि चार जोन में बटी इस परियोजना के बनने से चौबीस घंटे पेयजल की आपूर्ति हो पायेगी। साथ ही ऊंची बिल्डिंगों में होने वाली पेयजल समस्या से




राहत मिलेगी, तो वहीं पेयजल लाइनों में अक्सर होने वाली लीकेज व अन्य रूकावटों का डिजीटल तरीके मॉनिटरिंग हो सकेगी। ताकि स्थानीय जनता को किसी भी तरीके पेयजल संबंधित समस्या का सामना न करना पड़े।

विधायक मुन्ना सिंह चौहान कहा कि यह योजना क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से विकासनगर क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य गति पकड़ रहे हैं और जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरू देवी, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, ऋषभ अग्रवाल, देवेंद्र चावला, आकाश मुल्तानी, पेयजल निगम अधिशासी अभियंता रविंद्र बिष्ट सहित सभी सभासदगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय डाकपत्थर में अभिभावक शिक्षक संघ का गठन

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. डी एस नेगी के नेतृत्व में अभिभावक शिक्षक संघ का विधिवत गठन किया गया। जिसमें ध्रुव कुमार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

वीर शहीद केसरी चंद्र राजकीय महाविद्यालय में वर्ष 2025-26 के लिए अभिभावक शिक्षक संघ का विधिवत गठन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने सर्व समिति से ध्रुव कुमार को अध्यक्ष, आकाश मणि शर्मा को उपाध्यक्ष, डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान को सचिव, सुरेंद्र शर्मा को सह सचिव तथा सुखबीर सिंह को पुन: कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा अनीता पंवार और सुनील मठाणी को सदस्य के रूप में नामित किया गया। इस मौके पर अभिभावक शिक्षक संघ की संयोजक डॉ. राजकुमारी भंडारी चौहान. सदस्य डॉ. निरंजन कुमार प्रजापति, डॉ. कुशीकांत बंगवाल आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर .......

#### राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की शिष्टाचार मुलाकात



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को लोक भवन में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के विभिन्न विकासात्मक योजनाओं तथा समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

#### होली: बाजारों में दिखने लगी रौनक

**विकासनगर।** रंगों के त्यौहार को लेकर पछवादून के बाजारों में रौनक दिखने लगी है। बाजारों में लगी दुकानों पर गुलाल, पानी के रंगों के



अलावा बच्चों की पसंद को ध्यान में रखकर दुकानों पर पिचकारियां उपलब्ध है। भारत वर्ष में हिन्दू धर्म के लिए फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा व चौत्र माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा का एक विशेष महत्व है। फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन होलिका दहन व चौत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा के दिन धुलैंड़ी होली मनाने की परंम्परा है। इस त्यौहार में लोग होलिका दहन करने के बाद रंगों से सराबोर होकर होली का त्यौहार मनाते है। होली का त्यौहार आते ही लोगो में काफी उत्साह देखा जा सकता है। ऐसे में बच्चें भी इस त्यौहार को लेकर काफी तैयारी करते है, इसी बात को ध्यान में रखकर विकासनगर व आस के क्षेत्रों के दुकानदारों ने तरह-तरह के रंगों के अलावा बच्चों की मांग के हिसाब से ही रंग व पिचकारियों से अपनी दुकानें सजा दी। बच्चों को सबसे जायदा मैजिकल थ्रो, आइस पाउडर, एरियल फॉग कलर, पिस्टल, माऊजर, और लड़कियों के लिए खास पिंक स्प्रे बाजार उपलब्ध हैं। प्राकृतिक रंगों की भी खरीददारी अधिक की जा रही है।

## मानव-वन्यजीव सह अस्तित्व हितधारक कार्यशाला आयोजित

**रुद्रप्रयाग।** वन विभाग के तत्वावधान में मानव-वन्यजीव सह अस्तित्व हितधारक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष को कम करना और सह-अस्तित्व को बढ़ावा देना रहा। बृहस्पतिवार को आयोजित उक्त कार्यशाला में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हितधारकों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यशाला में मानव-वन्यजीव संघर्ष के कारणों और समाधान पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे वन्यजीवों के आवासों के नुकसान और मानव गतिविधियों के विस्तार के कारण यह संघर्ष बढ़ रहा है। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण और उनके आवासों के पुनर्स्थापन के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला में वन विभाग के अधिकारियों, स्थानीय समुदाय के सदस्यों, और अन्य हितधारकों ने भाग लेते हुए मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने को लेकर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विज्ञान, मीडिया और समुदायों के बीच की दूरी को कम करने में सहायक होती हैं, जिससे संरक्षण प्रयासों में लोगों की सुरक्षा और विश्वास को भी प्राथमिकता मिलती है। प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने पर सभी को धन्यवाद दिया। साथ ही वन्यजीवों के प्रति जन-धारणा को आकार देने में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार और सूचित कहानी-कथन जागरूकता बढ़ा सकता है, घबराहट कम कर सकता है और सहअस्तित्व को बढ़ावा दे सकता है।

## समस्याओं को लेकर चकराता विधायक से मिले ग्रामीण

- नागथात में खेल मैदान निर्माण की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** प्रीतम सिंह से क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर नागथात क्षेत्र के ग्रामीणों ने मुलाक. ात कर ज्ञापन सौंपा। नागथात क्षेत्र के ग्रामीणों ने जौनसार बावर सांस्कृतिक पुनरुत्थान समिति, नागथात खत बहलाड़ के तत्वावधान में गुरुवार को देहरादून स्थित विधायक आवास पहुंचकर टिकरधार मार्ग से बिसोई मोटर मार्ग तक वैकल्पिक बायपास मोटर मार्ग निर्माण तथा नागथात में खेल मैदान निर्माण की मांग उठाई।



ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग नागथात बाजार से होकर गुजरता है। क्षेत्र में समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे यातायात बाधित हो जाता है। उन्होंने कहा कि टिकरधार मार्ग के निर्माण से बिसोई मोटर मार्ग तक वैकल्पिक बायपास तैयार होगा, जिससे कस्बे के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों को दूसरी दिशा में मोड़ा जा सकेगा और ट्रैफिक दबाव कम होगा। यह मार्ग क्षेत्र की कनेक्टिविटी और विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि नागथात एवं आसपास के लगभग 20 गांवों के युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का अभाव है। संसाधनों की कमी के कारण खेल प्रतिभाएं उभर नहीं पा रही हैं।

उन्होंने जिला पंचायत की उपलब्ध भूमि को खेल मैदान के लिए आवंटित करने की मांग की, ताकि युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें। विधायक प्रीतम सिंह ने ग्रामीणों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों को गंभीरता से लिया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में समिति अध्यक्ष नरेश चौहान, खत बहलाड़ अध्यक्ष बलबीर सिंह चौहान, महावीर सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, मोहर सिंह चौहान, शमशेर सिंह चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीलेराम जोशी, भगत सिंह चौहान, दिलीप सिंह चौहान, अंकित चौहान, दिनेश रावत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## सिमल्या गांव में दूषित पानी की आपूर्ति से जीवन दूभर

- 20 परिवारों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना का लाभ सिमल्या गांव के बाशिंदों को नहीं मिल पा रहा है। एकमात्र हैंडपंप से दूषित पानी की आपूर्ति होने से क्षेत्र के करीब 20 परिवारों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

द्वारीखाल प्रखंड के तहत ग्राम सिमल्या में जल आपूर्ति के लिए एक सार्वजनिक हैंडपंप लगा है। इससे करीब एक वर्ष से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। कई परिवार इसी हैंडपंप से मिलने वाले पानी पर निर्भर हैं।

पानी गंदा होने के बावजूद इसका उपयोग करना मजबूरी बना हुआ है ।पानी को उपयोग में न लाएं तो जलापूर्ति का दूसरा कोई साधन नहीं है। स्वच्छ पानी के लिए ग्रामीणों को करीब तीन किलोमीटर दूर कीर्तिखाल स्थित जलस्रोत तक जाना पड़ता है। वहीं, कीर्तिखाल में भी लगे दो से तीन हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं। जलापूर्ति की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। महिला गयाली देवी ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं का ज्यादा समय खेती और पशुओं के लिए चारापत्ती लाने में ही निकल जाता है। इसके बाद पीने के पानी के लिए दूर जाना पड़ता है। इससे दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दूषित पानी के कारण पेट संबंधी दिक्कतों के साथ ही हर समय बीमारी का डर सताता रहता है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, ग्राम प्रधान अर्चना नेगी ने बताया कि समस्या को लेकर विभाग को बार-बार अवगत कराया गया लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ।

## एसडीआरएफ ने आयोजित किया सैनिक सम्मेलन

- चारधाम यात्रा, संसाधन सुदृढ़ीकरण एवं भावी रणनीति पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** सेनानायक अर्पण यदुवंशी के नेतृत्व में गुरुवार को एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राज्यभर की समस्त पोस्टों से अधिकारी एवं कार्मिक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। सेनानायक महोदय ने वर्चुअल संवाद के माध्यम से प्रत्येक पोस्ट की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जवानों का कल्याण, उच्च मनोबल और सशक्त संवाद व्यवस्था ही बल की वास्तविक ताकत है।

बैठक में आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत व्यापक रणनीतिक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। यात्रा मार्गों पर संभावित प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं एवं अन्य आकस्मिक परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया



प्रणाली को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने, पर्वतीय एवं हाई-एल्टीट्यूड रेस्क्यू प्रबंधन को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त एसडीआरएफ में नवीन आपदा-उपकरणों के क्रय, आधुनिक तकनीक के समावेशन एवं संसाधनों के उन्नयन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। वर्तमान में प्रचलित तथा भविष्य में प्रस्तावित निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का परीक्षण कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि बल की परिचालन क्षमता और अधिक सशक्त हो सके। सेनानायक अर्पण यदुवंशी ने सभी कार्मिकों को अनुशासन, समर्पण एवं उच्च व्यावसायिक दक्षता के साथ कर्तव्य निर्वहन करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, विश्वास और सुगम यात्रा सुनिश्चित करना एसडीआरएफ की सर्वोच्च प्रतिबद्धता है। इस अवसर पर उपस. ेनानायक शांतनु पाराशर, निरीक्षक राजीव रावत सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओम मॉडल क्लस्टर लेवल फाउंडेशन विजन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई कालसी द्वारा तीन दिवसीय ओम मॉडल क्लस्टर लेवल फाउंडेशन उदपाल्टा विजन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान ओम मॉडल क्लस्टर लेवल फेडरेशन उदपाल्टा के समूह के करीब 50 महिलाओं ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस दौरान ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुरेंद्र सिंह नेगी ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य सामाजिक आर्थिक एवं स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया। समूह की महिलाओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं



- आईआईटी रूड़की ने सुरेंद्र नेगी को बनाया नोडल अधिकारी
- महिलाओं समूहों की गतिविधियां कैसे होती है संचालित आईआईटी करेगी रिसर्च

के बारे में चार्ट पर अंकित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी कालसी जगत सिंह ने उपस्थित महिला समूह की महिलाओं से समूह की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली साथ ही उन्होंने कहा कि भारत सरकार के नियम अनुसार ही समूह की महिलाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान होगें। लेकिन महिलाओं को समूह से जुड़े रहना होगा।

उन्होंने ने कहा कि आईआईटी रूड़की द्वारा सुरेंद्र नेगी को नोडल बनाया गया है।

जो की महिलाओं के समूहों की गतिविधियों कैसे संचालित होती है उस पर भी आईआईटी रूड़की द्वारा रिसर्च करेगी। इस दौरान एरिया कोर्डिनेटर इंदर सिंह चौहान, नरेंद्र डोभाल, विपिन खन्ना सहित समूह की महिला प्रमिला देवी, हरप्रीत, अल्पना, ममता चौहान, मनीषा, अनिता चौहान, गीता देवी आदि उपस्थित रहे।

## राम कंडवाल ने आरटीआई आंकड़ों से किया बड़ा खुलासा

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार में समाजसेवियों ने बेस अस्पताल कोटद्वार की दयनीय स्थिति को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम कंडवाल ने आरटीआई के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों का हवाला देते हुए अस्पताल की कमियों का पर्दाफाश किया। राम कंडवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2024 से 25 जनवरी 2026 तक के मात्र दो वर्षों के दौरान कोटद्वार बेस अस्पताल में कुल 508 मौतें हुई हैं। इसी अवधि में 2258 मरीजों को उच्चतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए रेफर किया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सबसे ज्यादा खराब स्थिति आईसीयू की है। आईसीयू में चिकित्सा अधिकारी के चार स्वीकृत पद हैं, लेकिन एक भी पद भरा नहीं गया है। फिजिशियन के दो स्वीकृत पद और निश्चेतक के दो स्वीकृत पद भी पूरी तरह खाली पड़े हैं। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अस्पताल में चिकित्सा संवर्ग के कुल 59 पदों में से मात्र 23 पद ही कार्यरत हैं, जबकि 36 पद रिक्त चल रहे हैं। कंडवाल ने बताया कि चर्म रोग विशेषज्ञ का एक भी पद कार्यरत नहीं है, मनोरोग विशेषज्ञ का भी कोई पद नहीं भरा गया है। हड्डी रोग विशेषज्ञ के स्वीकृत पदों में से केवल दो पद हैं, लेकिन दोनों विशेषज्ञ स्थायी नहीं हैं। एक्स-रे टेक्नीशियन के पांच स्वीकृत पदों में से सिर्फ एक ही कार्यरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईसीयू के पदों को भरने के लिए अस्पताल अधीक्षक ने स्थानीय विधायक रितु भूषण खंडूरी को 1 जनवरी 2025 को पत्र लिखा था, लेकिन अब तक विधायक ने इस पत्र पर कोई संज्ञान नहीं लिया है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
UJVNL

पत्रांक-174 **ई-निविदा नोटिस** दिनांक- 26/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-द्वितीय), लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना, लखवाड भवन, डाकपत्थर द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है
**निविदा स0 07/EE(Civil-II)/LMP/2025-26**
**कार्य का नाम.** डाकपत्थर में स्थित लखवाड़ परियोजना के फील्ड हॉस्टल (निरीक्षण गृह के निकट) की वार्षिक साफ सफाई, रख रखाव, बागवानी एवं अन्य सम्बन्धित कार्य (वर्ष 2026-27)।
**कार्य की अनुमानित लागत:** 39,95,970.00 (जी0एस0टी. छोड़कर)
**वैबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समय:** 27.02.2026 सुबह 10.00 बजे से
**वैबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 16.03.2026 सांय 17.00 बजे तक
निविदा सम्बन्धित परिशिष्ट, शुद्धिपत्र अथवा निरस्तीकरण के विवरण की जानकारी निगम वैवसाईट **www.ujvnl.com** एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://uktenders.gov.in"** से ली जा सकती है।
**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-II)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

## महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अध्यापक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने योग की आकर्षक प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग हैं, जो हमें स्वस्थ, अनुशासित और प्रतिस्पर्धी बनाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ शारीरिक गतिविधियों में सहभागिता भी आवश्यक है। खेल प्रभारी डॉ. पवन दास कुड़वान ने विद्यार्थियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, गोला फेंक तथा 100 व 200 मीटर दौड़ आयोजित की गई। बालक वर्ग में कपिल चौहान, अरुण भारती, रितेश, ऋतिक व विशाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि बालिका वर्ग में कुमारी रेशमा ने कई स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763507
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com
UJVNL

पत्रांक: 169 **अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** दिनांक 26.02.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद) (I&P-II), यूजेवीएनएल, उज्जवल, महारानी बाग, जी0एम0एस0, रोड देहरादून-248006 इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0 10/UJVNL/EE(I&P-II)/2025-26
कार्य का नाम : इछाड़ी पंप भंडारण परियोजना (600 मेगावाट) के निष्पादन हेतु ईपीसी/टर्नकी अनुबंध आधार पर बोली दस्तावेज़ का मसौदा तैयार करना, तथा परियोजना के क्रियान्वयन के लिए यूजेवीएनएल की ओर से सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त करना।
अनुमानित लागत : ₹ 28,75,000.00/- (जी एस टी अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 27.02.2026 सांय 5:00 बजे से।
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 13.03.2026 सांय 05:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http://uktenders.gov.in" देखें।
**अधिशासी अभियन्ता, (I&P-II)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**आज्ञा से- कल्पना उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा।**
**समक्ष न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) देहरादून।**
**मूल वाद सख्या 342 वर्ष 2025**
श्री शाहिद हसन पुत्र श्री अब्दुल गफ्फार निवासी वार्ड सं. 60 मकान सख्या-109 राजा राम विहार डाण्डा नूरीवाला (डाण्डा लखौण्ड) सहस्त्रधारा रोड, पो. गुजराडा मानसिहँ थाना रायपुर, तहसील व जिला देहरादून उत्तराखण्ड 2480011.
**प्रार्थी/वादी**
**बनाम**
**श्री सुरेन्द्र कुमार भल्ला आदि**
**नोटिस बनाम :** श्री सुरेन्द्र कुमार भल्ला पुत्र श्री जगन्नाथ एवं 2 श्रीमति प्रेम खोसला पत्नी श्री पुष्प नारायण निवासीगण 11/35 करोलबाग नई दिल्ली।
**...प्रतिवादीगण**
विदित हो कि वादी द्वारा स्थाई निषेधाज्ञा हेतू माननीय न्यायालय के समक्ष वाद योजित किया है जिसमें दिनाक 05.03.2026 वास्ते आपत्ति/जवाबदावा/तनकीह हेतू नियत की गई है।
अत: एतदद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रतिवादी सं. 1 व 2 उक्त तिथि दिनाक 05.03.2026 को प्रात: 10:00 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति / जवाबदावा प्रस्तुत करें। उक्त तिथि को आपकी उपस्थिति न होने पर वाद एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा व निर्णित किया जायेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 25 माह फरवरी सन 2026 ई० को जारी किया गया।
**प्रबन्धक-आज्ञा से**
**न्यायालय सिविल जज ( जू. डि. ) देहरादून।**

# बदहाल सड़कों पर फिर फूटा ललित जोशी का गुस्सा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कांग्रेस नेता ललित जोशी ने एक बार फिर से महानगर हल्द्वानी की सड़कों की दुर्दशा पर आक्रोश जताया है। ललित जोशी ने स्थानीय नागरिकों के साथ यूयूएसडीए के डायरेक्टर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर को उनके कार्यालय में घेर लिया और टूटी सड़कों, खुदी पड़ी गलियों और कार्यों में हो रही अनियमितताओं को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी सड़कों की समस्या को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया था। श्री जोशी समेत सभी नागरिक इस बात पर अड़ गए कि उनका उद्देश्य केवल ज्ञापन देना नहीं, बल्कि ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करना है। उन्होंने डायरेक्टर से कार्य प्रणाली को स्पष्ट रूप से समझाने और समयबद्ध योजना प्रस्तुत करने की मांग की। नागरिकों ने यह भी जानना चाहा कि कार्य कैसे और कब तक पूर्ण किए जाएंगे। इस पर डायरेक्टर ने अपनी कार्यप्रणाली समझानी शुरू की। ललित जोशी ने सुझाव देते हुए कहा कि कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाए। पहले पुरानी गली का काम पूरा किया जाए। उसके बाद अगली गली में कार्य शुरू हो तथा नए कार्य शुरू करने से पहले जो सड़कें खुदी पड़ी हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। डायरेक्टर ने इस सुझाव पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया कि खुदाई के बाद कार्य में तेजी लाई जाएगी तथा संबंधित क्षेत्र में पहले से विज्ञापन/सूचना जारी कर जनता को अवगत कराया जाएगा। बैठक में स्थानीय ठेकेदारों (पंजीकृत/स्थानीय ठेकेदारों) को कार्य देने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता एवं अनावश्यक देरी पर भी कड़ा संज्ञान लिया गया, जिस पर डायरेक्टर ने निश्चित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया। यूयूएसडीए के डायरेक्टर का घेराव करने वालों में पूर्व प्रमुख भोला भट्ट, आनंद सिंह अधिकारी, बच्चन डांगी, पूरन नेगी, कैलाश तिवारी, पुष्पा तिवारी, त्रिवेण खोलिया, किशन खनी, डा. संदीप आदि थे।




## महिला अधिकारों के लिए मुखर रहने वाली कमल नेगी नहीं रहीं

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** महिला अधिकारों के प्रति सचेत, नैनीताल में महिलाओं के हर आंदोलन में सक्रिय रहने वाली कमल नेगी का वीरवार को लंबी बीमारी के उपरान्त लगभग 82 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। बता दें कमल नेगी (कमल दी) के सामाजिक जीवन का प्रारंभ मैत्री महिला संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ प्रारंभ हुआ। शराब के खिलाफ अनेक धरना प्रदर्शनों में उनकी नेतृत्वकारी भूमिका रही। वह हमेशा महिला हिंसा के खिलाफ सजग और सक्रिय रहने वाली उत्तराखंड का जाना माना चेहरा थीं। उत्तराखंड महिला मंच की महत्वपूर्ण कार्यकर्ता एवं नेतृत्वकारी भूमिका निभाने वाली कमल दी बहुत लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनकी मृत्यु से महिलाओं के पक्ष में उठने वाली बुलन्द आवाज मौन हो गई। उनके निधन पर मैत्री महिला संगठन समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने दुख जताया है।



### आरसीएमएस पोर्टल के डाटा माइग्रेट करने की कवायद

**नैनीताल।** खाद्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी नैनीताल सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि विभाग में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में राशन कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया आरसीएमएस पोर्टल पर संचालित की जा रही है। बिष्ट के मुताबिक भारत सरकार के द्वारा स्मार्ट पीडीएस योजना के अंतर्गत पूरे भारत वर्ष में सभी राज्यों के लिए एक एकीकृत/उच्चीकृत यूआरसीएमएस पोर्टल बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में प्रचलित आरसीएमएस पोर्टल के डाटा को यूआरसीएमस में माइग्रेट करने हेतु 26 फरवरी से 7 मार्च 2026 तक आरसीएमएस पोर्टल में होने वाले समस्त कार्य स्थगित/बाधित रहेंगे। बिष्ट ने बताया कि नवीन यूनिफाइड राशन कार्ड मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल में कार्य किया जाना सरल, प्रभावी और एडवांस तकनीकीयुक्त होगा।

## एक नजर

### 399 ग्राम डोडा के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में 399 ग्राम डोडा की तस्करी करते हुए पुलिस ने आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम मुखानी क्षेत्र के आरटीओ रोड पर स्थित हनुमान मंदिर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान आरोपी हरमीत सिंह पुत्र सुखराज सिंह निवासी गोविंदपुर गरवाल थाना मुखानी को दो पनियों में क्रमशः 252 ग्राम व 147 ग्राम कुल 399 ग्राम डोडा मय वाहन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### नशे के 46 इंजक्शनों के साथ दो दबोचे

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने क्षेत्र में 46 नशीले इंजेक्शन की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान दो आरोपियों रईस उर्फ बब्लू पुत्र स्व. मो. उमर निवासी गफूर बस्ती वार्ड 24 थाना बनभूलपुरा को 32 अदद नशीले इंजेक्शन और समीर पाशा पुत्र शमीम पाशा निवासी जवाहर नगर फारुख दुकानदार वाली गली वार्ड 15 थाना बनभूलपुरा को 14 अदद नशीले इंजेक्शन कुल 46 नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### दुर्घटनारोपी ट्रक चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** बीते दिनों दोनहरिया-पनचक्की मार्ग पर सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक को कुचलने वाले अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शांति विहार निवासी रमेश चंद्र पांडे ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 22 फरवरी की दोपहर वह और उनके छोटे भाई सुरेश चंद्र पांडे रानीबाग से पनचक्की होते हुए अपने घर की तरफ अलग-अलग वाहनों से आ रहे थे। इसी दौरान अंबिका विहार कॉलोनी के गेट के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उनके भाई सुरेश पांडे की स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि भाई की तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### यूआरएमपी की समीक्षा बैठक

**हल्द्वानी।** काठगोदाम और रामनगर के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं यूआरएमपी की समीक्षा बैठक गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी अरविंद पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने 22 प्रस्तावित हस्तक्षेपों के लिए 28 करोड़ और रामनगर में 18 हस्तक्षेपों के लिए 77 करोड़ के कार्यों पर चर्चा की। सीडीओ ने अंतर-विभागीय समन्वय और फीकल स्लज प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के विशेषज्ञ रोहित जयाड़ा ने प्रस्तावित कार्यों की लागत संबंधित विभागों से औपचारिक रूप से प्राप्त करने का सुझाव दिया। बैठक में युवाओं और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने की बात की गई, और नदी सुधार के लिए लक्षित उपायों पर सर्वसम्मति बनी।

### नरेश ने पास की जेईई एंट्रेंस परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एचएन इंटर कॉलेज हल्द्वानी के छात्र नरेश सिंह कैड़ा ने जेईई एंट्रेंस एग्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। नरेश सिंह कैड़ा ने परीक्षा में 99.69 परसेंटाइल हासिल किया। नरेश इस समय एडवांस की तैयारी कर रहे है। नरेश की सफलता पर स्कूल के प्रधानाचार्य भगवान सिंह सामंत ने कहा कि नरेश की मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। वही नरेश अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और परिवार को दिया। बता दे कि नरेश ने 2024-2025 में इंटरमीडिएट में भी 87.6 प्रतिशत और हाईस्कूल में 92.6 प्रतिशत अंक हांसिल किये थे। नरेश की माता गृहणी एवं पिता प्राइवेट जॉब करते है।



### नकबजनी की घटना का खुलासा, एक धरा

**हल्द्वानी।** चोरगलिया क्षेत्र में हुई नकबजनी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की नकदी और सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार बीते 23 फरवरी को चेतन कबड़वाल निवासी जसपुर खोलिया थाना चोरगलिया की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद थाना चोरगलिया पुलिस ने सीसीटीवी सर्विलांस और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर चेकिंग के दौरान आरोपी लक्ष्मण मौर्य पुत्र कुंवर सेन निवासी कुमाऊं कॉलोनी जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा थाना काठगोदाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 5630 रुपये नकद, एक काले रंग का पिठ्ठू बैग, की-पैड मोबाइल फोन व चार्जर, सिगरेट के डिब्बे, लाइटर, घड़ियां और वादी का आधार कार्ड बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक सुनील गोस्वामी, कांस्टेबल उत्तम सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र सिंह शामिल रहे।



# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मेरा युवा भारत नैनीताल और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा को मिनी स्टेडियम, हल्द्वानी में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल, 800 मीटर दौड़, और गोला फेंक, जबकि महिला वर्ग में कबड्डी, 400 मीटर दौड़, और गोला फेंक की स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि के रूप में मेयर गजराज सिंह बिष्ट मौजूद रहे। इस दौरान मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि ये अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल को भी सिखाते हैं। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से खेलों से जुड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बिंदुखत्ता टीम प्रथम, हल्द्वानी ब्रदर्स क्लब द्वितीय, महिला कबड्डी प्रतियोगिता में हल्द्वानी की गरिमा की टीम प्रथम, पिंकी की टीम द्वितीय, 800 मीटर पुरुष हर्ष प्रथम, दीपक द्वितीय, अली तृतीय, 400 मीटर महिला में हिमानी आर्या प्रथम, रिया कोरियाल द्वितीय व दीपा नेगी तीसरे स्थान पर रही। गोला फेंक महिला वर्ग में करिश्मा जलाल प्रथम, दीपा कोरंगा द्वितीय, अंकिता तृतीय, जबकि पुरुष वर्ग में अभय शर्मा प्रथम, भास्कर पांडेय द्वितीय, निखिल जोशी तीसरे स्थान पर रही। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, सेवानिवृत्त उप निदेशक, खेल विभाग सुरेश पांडेय, उप निदेशक डोल्वी तेवतिया, प्रकाश बिष्ट, मदन मोहन, भावना बिष्ट, अशोक, किरण आदि मौजूद रहे।



## होरी रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान की ओर से होली पर्व के उपलक्ष्य में होरी गायन का आयोजन उल्लासपूर्ण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल होरी गायकों के प्रस्तुत भजन होरी कनक भवन में खेलत सिया रघुवीर..से हुआ जिसके साथ ही स्वर संगम होली उत्सव की विधिवत शुरुआत हुई। वायलिन, हारमोनियम और तबले की सजीव संगति में प्रस्तुत की गई। एक से बढ़कर एक होरी रचनाओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वर संगम के युवा कलाकारों ने शास्त्रीय, लोक शैली एवं खड़ी होली की भावपूर्ण प्रस्तुतियां देकर वातावरण को होलीमय बना दिया। एकल प्रस्तुतियों में कशिश पांडे और हिमानी बिष्ट के गायन के बाद कुमाऊं की लोकप्रिय लोक गायिका लता कुंजवाल ने अपनी सशक्त होली प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। तबले पर चंद्रादित्य सती एवं संदीप सोंढी तथा ढोल पर रणविजय ने संगति प्रदान की। हारमोनियम पर अंजना भट्ट एवं वायलिन पर दिव्यांशी, प्रियल, अनंत, कौशल, ज्योति, गौरव मेलकानी ने आकर्षक संगत दी। कार्यक्रम का संचालन संगीताचार्य डा. मुकेश चंद्र पंत ने किया।

## जनगणना 2027 का द्वितीय दिवस प्रशिक्षण संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण गुरुवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधान जिला जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनगणना 2027 में प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण में अपनी सभी शंकाओं का समाधान करें, ताकि वे भविष्य में अपने अधीनस्थों को भी सही जानकारी दे सकें और जनगणना कार्य में कोई समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने जनगणना को केवल जनसंख्या गणना तक सीमित न मानते हुए इसे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला और एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया बताया, जिसमें तथ्यों का व्यवस्थित और प्रामाणिक संकलन किया जाता है। प्रधान जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जनगणना 2027 के दौरान डेटा मोबाइल ऐप्स के माध्यम से डिजिटल मोड में एकत्र किया जाएगा, और यह प्रक्रिया सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से प्रबंधित एवं निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना दो पालियों में आयोजित की जाएगी, इसलिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी ने यह स्पष्ट किया कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी कार्य बिना भेदभाव के सफलतापूर्वक संपन्न करने होंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी/जिला जनगणना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी थे।

# होली गीतों पर थिरके पत्रकार

## प्रेस क्लब ने दिया भाईचारे और एकता का संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब फॉर पब्लिक वेल्फेयर सोसायटी के बैनर तले हीरानगर स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पुष्प वर्षा के बीच होली के पारंपरिक गीतों ने माहौल को उत्सवी बना दिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा ने उपस्थित पत्रकारों और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे, सौहार्द और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में आमजन को उनका अधिकार मिल रहा है और मीडिया भी निष्पक्षता से अपनी जिम्मेदारी निभा रही है। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भेदभाव मिटाकर एकता के सूत्र में बंधने की प्रेरणा देता है। यह त्योहार सामाजिक समरसता को सशक्त करने का माध्यम है। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी अपने आप में सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं मंच के संस्थापक सदस्य हुकुम सिंह कुवर ने भी अपने विचार साझा करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक एकता के लिए आवश्यक बताया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय रावत, संरक्षक भुवन जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, गणेश पाठक, राजेश सरकार, कमल राजपाल, सलीम खान, भगवान सिंह गंगोला, दया जोशी, महेंद्र सिंह नेगी, विपिन चंद्रा, बबलू, मुकेश जोशी, विजय बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, गोविंद बिष्ट सहित मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगडवाल, सारथी फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन पंत, आनंद दरम्वाल, त्रिलोक बनोली, चंद्र शेखर परगाई, दलजीत सिंह डल्ली, प्रदीप सबरवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।



## हेल्पिंग हैंड चेरिटेबल ट्रस्ट के वृद्धाश्रम में होली की मस्ती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में जगह जगह होली की धूम मची है और सारे नगर में होली की मस्ती छायी है। ऐसे में उन बुजुर्गो को जिन्हे उनके अपनों ने छोड़ दिया या किसी अन्य कारण से वें समाज से अलग है। उन्हें होली जैसे त्योहारों में अपनों की याद आ ही जाती है तो उनको होली की ख़ुशी देने की जिम्मेदारी उठाई हेल्पिंग हैंड चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चलाये जा रहे वृद्ध आश्रम द्वारा। आश्रम में होली का भव्य आयोजन किया गया और बुजुर्गो के साथ सभी ने फूलों की होली खेली और खुशियाँ मनाई। इस मौके पर ट्रस्ट की निर्देशक शशि सिंह ने कहाँ कि होली खुशियों का त्यौहार है और हमारे वृद्ध आश्रम में सभी बुजुर्ग मिलजुल कर होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाएंगे। ट्रस्ट की संयोजक दीप्ति चुफाल ने सभी को होली की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमें अपने घर परिवार में भी त्योहारों पर बुजुर्गो के साथ मिलकर खुशियों मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है आश्रम में सभी बुजुर्गो को होली की खुशियाँ मिले यह उनका प्रयास रहेगा। इस मौके पर सह निदेशक जशनीत सिंह, ट्रस्ट के सदस्य इशू, पूनम, रमा, भवानी, मंजू लता कुंजवाल, मोहिनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता व सहयोगी मौजूद रहे।



# सरकार, विधायक का पुतला दहन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**लालकुआं।** बिन्दुखत्ता क्षेत्र को राजस्व गांव का दर्जा देने के मुद्दे पर भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ कांग्रेस और भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को नारेबाजी करते प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीते 25 फरवरी को हुई कैबिनेट बैठक में न केवल प्रस्ताव पारित नहीं किया गया, बल्कि इस मुद्दे पर कोई चर्चा भी नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक कागजात अधूरे होने का बहाना बना रहे हैं, जबकि पिछले चार वर्षों से वह बिना कागजात के यह वादा करते आ रहे थे। वक्ताओं ने कहा कि विधायक को अपनी नाकामी स्वीकार करनी चाहिए और जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 9 मार्च से गैरसैण में शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में बिन्दुखत्ता और वन भूमि पर बसी आबादी को राजस्व गांव का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया और केंद्र को नहीं भेजा गया, तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। साथ ही, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि 30 अप्रैल तक राजस्व गांव की अधिसूचना जारी नहीं की जाती, तो 1 मई से व्यापक जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। पुतला दहन करने वाला में भाकपा माले जिला सचिव डा.कैलाश पाण्डेय, बिन्दुखत्ता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पुष्कर दानू, महिला कांग्रेस की मीना कपिल, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के कुंदन मेहता, पुष्कर दुबड़िया, गिरधर बम, प्रमोद कलोनी सहित कई लोग मौजूद रहे।



# तल्ली बमौरी को जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

**हल्द्वानी।** तल्ली बमौरी वार्ड-9 में जलभराव की समस्या को लेकर गुरूवार को नगर निगम आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी, जल निगम, यूएसडीडीए, सिंचाई विभाग और जलस्थान के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से सर्वे किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त पारितोष वर्मा ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही एस्टीमेट तैयार कर काम शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले जल निकासी के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। निरीक्षण में स्थानीय पार्षद राजेन्द्र सिंह जीना के साथ मदन सिंह नेगी, महेन्द्र प्रताप, भूपेश नेगी, रवि बेलवाल, गजेंद्र नेगी, तारू जोशी, प्रेमा उपरेती, नेहा उप्रेती, ललिता उप्रेती सहित कई लोग मौजूद रहे।



# भाजपा की कार्यशालाएं 7 से

**हल्द्वानी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण योजना बैठक गुरुवार को कमलुवागांजा रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ प्रदेश सह संयोजक व मुख्य वक्ता प्रदीप बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम गान के साथ किया। मुख्य वक्ता प्रदीप बिष्ट ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण ही प्रशिक्षण अभियान का मूल उद्देश्य है। प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता और अनुशासन का विकास होता है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले के सभी 25 मंडलों में 7 मार्च से 10 अप्रैल के मध्य एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी जिनमें सात विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने मंडल प्रभारियों व मंडल अध्यक्षों से संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए प्रशिक्षण अभियान को गति देने का आह्वान किया। जिला संयोजक व जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। बैठक में नैनीताल विधायक सरिता आर्या, कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, गीता ठाकुर, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या, रेनु अधिकारी, नवीन वर्मा, विनीत अग्रवाल, दयाकिशन पोखरिया, प्रगति जैन, नितिन राणा, सुरेश गौड़ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अधिकारी पहले इंसान हो, मिसाल हैं रेंजर मुकुलचंद शर्मा

## उत्कृष्ट सेवाओं के साथ मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी का रिटायरमेंट कल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जब पद की शक्ति से अधिक इंसानियत की शक्ति बोलती है, तब एक अधिकारी नहीं, बल्कि एक आदर्श जन्म लेता है। नैनीताल जनपद की मनोरा रेंज में तैनात वन क्षेत्राधिकारी मुकुलचंद शर्मा ऐसे ही प्रेरणास्रोत अधिकारी हैं, जिनकी कार्यशैली यह साबित करती है कि सच्ची सेवा पद से नहीं, संवेदना से होती है। पिछले दो वर्षों में उन्होंने 227 लावारिस, असहाय और बेसहारा लोगों का अंतिम संस्कार कराया। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि 227 आत्माओं को सम्मानपूर्वक विदाई देने का मानवीय संकल्प है। जब व्यवस्था मौन हो जाती है और लोग मुँह मोड़ लेते हैं, तब मुकुलचंद शर्मा कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखाई देते हैं। उनका स्पष्ट जीवन-मंत्र है, समाज सेवा के लिए जितनी बार भी बुलाया जाए, हम हमेशा तैयार हैं।



**संकट में संवेदनशील नेतृत्व**

कोविड-19 महामारी जैसे कठिन दौर में उन्होंने दवाइयों, राशन, आवश्यक संसाधनों और प्रशासनिक सहयोग के माध्यम से जरूरतमंदों तक राहत पहुँचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। यह वही समय था जब एक संवेदनशील अधिकारी समाज के लिए सबसे बड़ा संबल बनकर उभरा।

### शिक्षा और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भूमिका

सरकारी विद्यालयों में रंगाई-पुताई, मेज-कुर्सियों की व्यवस्था, खेल एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना। ये कार्य केवल औपचारिकताएँ नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की ठोस पहल हैं। 15 अगस्त, 26 जनवरी और बाल दिवस जैसे राष्ट्रीय आयोजनों में भी उनका सहयोग निरंतर रहा है। वन विभाग के अधिकारी होते हुए भी उन्होंने स्वयं को द"तर तक सीमित नहीं रखा। वृक्षारोपण को उन्होंने अभियान का रूप दियाऐसा अभियान जो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य का आधार बने।

### समाज के लिए बने रहे प्रेरणास्रोत

आज जब समाज को संवेदनशील नेतृत्व की आवश्यकता है, तब मुकुलचंद शर्मा जैसे अधिकारी यह विश्वास जगाते हैं कि यदि हर विभाग में ऐसा एक अधिकारी हो, तो न कोई भूखा सोएगा, न कोई लावारिस अपमानित होगा। वे केवल वन विभाग के अधिकारी नहीं, बल्कि इंसानियत की जीवित मिसाल हैं, एक ऐसा आईना, जिसमें सेवा, समर्पण और संवेदना की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। ऐसे अधिकारी पर पूरा समाज गर्व करता है। यह कहानी केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस आदर्श की है जो बताता है अधिकारी वही, जो पहले इंसान हो।

### सरलता ही रही पहचान

जीवन में व्यक्तित्व का बड़ा महत्वपूर्ण रोल होता है, जो समाज में एक मिसाल कायम करती है। मुकुलचन्द्र शर्मा का व्यक्तित्व आईने की तरह साफ है न दिखावा, न अहंकार, न प्रचार की लालसा। उन्हें मिले सम्मान और प्रमाण पत्र उनके कार्यों की पुष्टि अवश्य करते हैं, परंतु उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान जरूरतमंद की दुआ है। उनके जीवन पर यह पंक्तियाँ सटीक बैठती हैं, 'परदुःखे द्रवेद् यः सः, स एव मानवो महान।' अर्थात जो दूसरों के दुख में पिघल जाए, वही सच्चा महान इंसान है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं, अनंत थापन, बिश्नोई सराय, नगीना, बिजनौर, उत्तर प्रदेश, निजी कारणों से, देहरादून नगर निगम द्वारा जारी मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र को रद्द करना चाहता हूँ। Name: AARNA THAPAN जन्म प्रमाण पत्र संख्या: B20110202610 यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह इस प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के भीतर देहरादून नगर निगम को लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता/ सकती है।

**सार्वजनिक सूचना**

हमने अपने बड़े पुत्र **करण कुमार** व पुत्रवधू **वंशिका** व दूसरा पुत्र **आयुष कुमार** जो हमारे कहने सुनने में नहीं हैं। इसलिए हम उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में उनके द्वारा किसी कृत्यकार्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सुरेश कुमार** पुत्र स्वर्गीय मंगल सेन व **श्रीमती गीता देवी** पत्नी सुरेश कुमार, निवासी- मकान नंबर 519 न्यू आदर्श नगर निकट दुर्गा मंदिर रुड़की हरिद्वार।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं और मेरे पति श्री आदित्य कुमार राठी, खाता खतौनी नंबर 04 (फसली वर्ष 1426-1431), खसरा नंबर 130 पर बनी एक आवासीय संपत्ति/मकान के वर्तमान मालिक हैं, जिसका भूमि क्षेत्र 1020 वर्ग फुट या 94.79 वर्ग मीटर है और सभी मंजिलों का कुल कवर्ड एरिया 92.56 वर्ग मीटर है, जो मौजा रतनपुर, पट्टी सुखरो, परगना भाबर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 13 फुट चौड़ी सड़क। पश्चिमः श्री झाबर सिंह की संपत्ति। उत्तरः श्री अमर सिंह की भूमि। दक्षिणः श्री नरेश भाटिया की भूमि। हमने यह संपत्ति बिक्री विलेख के माध्यम से खरीदी है, जो बही नंबर 1 जिल्द 2117 पृष्ठ 273-298 सीरियल नंबर 1951 दिनांक 26.05.2023 को सब-रजिस्ट्रार कोटद्वार के कार्यालय में पंजीकृत है, जिसे श्री अशोक भाटिया और अन्य ने निष्पादित किया था।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, श्री अमर सिंह पुत्र रामपाल सिंह द्वारा श्री चरणदास के पुत्र श्री कृष्ण लाल के पक्ष में निष्पादित मूल बिक्री विलेख, जो सब रजिस्ट्रार, कोटद्वार के कार्यालय में पुस्तक संख्या 01 खंड 49 पृष्ठ 156 से 157 पर सीरियल नंबर 955 पर 03.11.1997 को विधिवत पंजीकृत है, विक्रेता से खो गया है और रजिस्ट्री के समय हमें नहीं सौंपा गया था। पुलिस में इसकी सूचना पहले ही दर्ज करा दी गई है।

कोई भी व्यक्ति या संस्था जिसका इस संपत्ति पर या इसके संबंध में किसी भी प्रकार का दावा है, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। इसके बाद इस संबंध में किया गया कोई भी दावा स्वीकार्य नहीं होगा। एवं उक्त रजिस्ट्री का उपयोग गैर कानूनी होगा।

**श्रीमती रुक्मणी देवी पत्नी श्री आदित्य कुमार राठी**
मौजा रतनपुर, पट्टीसुखरो, परगना भाबर, तहसील कोटद्वार,
जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

खेल विशेष

## बाहरी दबाव और फिटनेस की दिक्कतें जिम्मेदार: दासुन

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से टीम के निराशाजनक रूप से सुपर आठ से बाहर होने के लिए बाहरी दबाव को जिम्मेदार ठहराया, जिसका कोलंबो में न्यूजीलैंड से 61 रन से हार में बुरा असर पड़ा और फिटनेस का स्टैंडर्ड भी खराब रहा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, शनाका ने कहा कि टीम के आस-पास लगातार नेगेटिविटी खिलाड़ियों पर मेंटली असर डाल रही थी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के तौर पर, हमारे लिए बाहर के शोर को कंट्रोल करना बहुत मुश्किल है। ज्यादातर समय, हम ज्यादातर नेगेटिव बातें सुनते हैं, इसलिए खिलाड़ी के तौर पर हम कितने भी पॉजिटिव क्यों न हों, बाहर से एक नेगेटिव माहौल बन ही जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा माहौल देश में क्रिकेट के भविष्य के लिए नुकसानदायक है और अधिकारियों से दखल देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि तो यह श्रीलंका में क्रिकेट के लिए नुकसानदायक है। हमारे पास सिर्फ़ यही गेम है, और मुझे नहीं लगता कि इसे बचाया जा सकता है। हम खेलेंगे और आगे बढ़ेंगे, लेकिन कम से कम आगे आने वाले खिलाड़ियों के लिए, अगर सरकार दखल देकर उन्हें रोक सके, तो मेरा मानना है कि यह बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए बहुत मददगार होगा। शनाका ने टीम के खराब परफॉर्मेंस के लिए फैंस से भी माफी मांगी, यह मानते हुए कि वे रिजल्ट देने में फेल रहे। उन्होंने कहा कि हमें इस बात का बहुत दुख है। इंग्लैंड का मैच भी ऐसा था जिसे हम जीत सकते थे अगर हम थोड़ी समझदारी दिखाते। यह मैच एकतरफा था। दर्शकों के लिए, मेरे पास बताने के लिए कुछ नहीं है, हमने उन्हें कोई ऐसी जीत नहीं दी जिससे वे खुश हो सकें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी कभी भी फेल होने का इरादा लेकर नहीं उतरते, लेकिन कभी-कभी रिजल्ट उनके हिंसाब से नहीं होते।

# भारत ने जिम्बाब्वे को दिया 257 का लक्ष्य

### भारतीय टीम ने विश्वकप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया, अभिषेक और हार्दिक पांड्या की फिफ्टी, तिलक वर्मा ने 44 रन बनाए

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8वें सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 257 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 256 रन बना डाले। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। हाईएस्ट स्कोर 260 रन का है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था।

चेन्नई के चेपाक स्टेडियम में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने अभिषेक शर्मा के 55, हार्दिक पंड्या के नाबाद 50 और तिलक वर्मा के नाबाद 44 रन के सहारे 256 रन का स्कोर बनाया। यह टीम इंडिया का टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा स्कोर भी है। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। डरबन में खेले गए उस मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्राड के ओवर में लगातार 6 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे के 4 गेंदबाजों को एक-एक विकेट मिला। भारतीय पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पंड्या ने छक्के से फिफ्टी पूरी की। ब्रैड इवांस की आखिरी बाल पर पंडडा ने डीप स्क्वैयर लेग की



दिशा में छक्का लगाया। पंडडा ने 23 बाल पर फिफ्टी लगाई। इसी के साथ भारत ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। सबसे बड़ा स्कोर 260 रन है, जो श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ बनाया था। 19वें ओवर में तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। पंड्या ने रिचर्ड नगारवा की पहली बाल पर चौका लगाया। इसी चौके से उन्होंने तिलक के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी की। तिलक वर्मा ने ओवर की चौथी और पांचवीं बाल पर छक्के लगाए। इस ओवर से 21 रन आए। 19वें ओवर में इंडिया ने टी-20 वर्ल्डकप के इतिहास में अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। पिछला रिकॉर्ड 218 रन का था। जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2007 में बना था। 17वें ओवर में भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। तिलक वर्मा ने ब्रैड इवांस की चौथी बाल पर एक्स्ट्रा कवर्स के ऊपर छक्का लगाया। इसी के साथ टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 15वें ओवर की 5वीं बाल पर भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान सूर्यकुमार यादव 13 बाल पर 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिचर्ड नगारवा ने ताशिंगा मुसेकिवा के हाथों कैच कराया। 13वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवा दिया। अभिषेक शर्मा 30 गेंद पर 55 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें तिनोतेंदा मपोसा ने कप्तान सिकंदर रजा के हाथों कैच कराया। अभिषेक शर्मा ने ईशान किशन के साथ पार्टनरशिप कर भारत को संभाला। 12वें ओवर की 5वीं बाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को जीवनदान मिला। ब्रैड इवांस की बाल पर ब्लेसिंग मुजरबानी से डीप बैकवर्ड स्क्वैयर लेग में कैच छूट गया। यहां सूर्या 12 रन पर खेल रहे थे। 11वें ओवर की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 26 बाल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। अभिषेक ने टी-20 वर्ल्डकप में पहला अर्धशतक लगाया।

## जेके ने बनाए 584 रन प्रसिद्ध को मिले पांच विकेट

**हुबली, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन गुरुवार को कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर बनाया। आज यहां जम्मू-कश्मीर ने कल के छह विकेट पर 527 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में अभी जम्मू-कश्मीर के स्कोर में 12 रन का इजाफा हुआ था कि प्रसिद्ध कृष्ण ने आबिद मुश्ताक (28) को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद उन्होंने 163वें ओवर में आकिब नबी (दो) का भी शिकार कर लिया। साहिल लूथरा ने कुछ समय तक संघर्ष दिखाया। अंततः विजयकुमार वैशक ने 173वें ओवर में साहिल लूथरा को विद्याधर पाटिल के हाथों कैच आउट करा दिया। साहिल लूथरा ने 138 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 72 रन बनाए। अगले ही ओवर में देवदत्त पड़िक्कल ने तेज



● प्रसिद्ध कृष्णा ने आबिद मुश्ताक को आउट कर कर्नाटक को सातवीं सफलता दिलाई

बल्लेबाजी कर रहे यु(वीर सिंह चरक को रनआउट कर 584 के स्कोर जम्मू-कश्मीर की पारी का अंत कर दिया। यु(वीर सिंह चरक ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाए। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने पांच विकेट लिए। विद्याधर पाटिल, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार वैशक और शिखर शेट्टी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# किदांबी श्रीकांत का शानदार प्रदर्शन अन्य भारतीय जल्द बाहर



● श्रीकांत ने पोलैंड के मिकोलज को 21-12, 21-11 से हराया, उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के लिन चुन ई से होगा

**मुल्हेन, वार्ता।** किदांबी श्रीकांत भारतीय दल के लिए अकेले उम्मीद बनकर उभरे, क्योंकि मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और किरण जॉर्ज समेत कई शटलर बुधवार को जर्मन ओपन 2026 के सिगल्स इवेंट में जल्दी बाहर हो गए।


पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 श्रीकांत ने मेंस सिगल्स के पहले राउंड में पोलैंड के मिकोलज शिमानोव्स्की पर 21-12, 21-11 से शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट में आगे बढ़े। उनका अगला मुकाबला चीनी ताइपे के चौथी सीड लिन चुन-ई से होगा। हालांकि, भारतीय शटलरों के लिए यह दिन निराशाजनक रहा, खासकर महिला सिगल्स कैटेगरी में, जहां कई खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद बाहर हो गईं। वर्ल्ड नंबर 40 तन्वी शर्मा, जो जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, ने पहले राउंड में मलेशिया की वोंग लिग चिग से तीन गेम के मुकाबले में 21-19, 17-21, 21-16 से हारने से पहले कड़ी टक्कर दी। वर्ल्ड में 52वें नंबर की मालविका बंसोड़ ने भी अपनी से ऊंची रैंक वाली अपोनेंट, यूनाइटेड स्टेट्स की बेइवेन झांग को तीन गेम तक खींचा, लेकिन 19-21, 21-9, 21-19 से हार गईं। रक्षिता श्री संतोष रामराज ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ कड़ी टक्कर दी, लेकिन एक घंटे से ज्यादा चले मैच में 18-21, 23-21, 16-21 के स्कोर के साथ हार गईं। तस्नीम मीर को चीन की टॉप सीड वांग जी ई से सीधे गेम में 21-9, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि इशारानी बरुआ को थाईलैंड की वर्ल्ड नंबर 8 पोर्नपावी चोचुवोंग से 21-15, 21-18 से हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने जीता एशिया कप

### एडीसीए टी-20 आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण में श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर समापन किया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** कटक के बाराबती स्टेडियम में आयोजित एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण का समापन हुआ, जिसमें भारत की बधिर क्रिकेट टीम ने श्रीलंका बधिर टीम को 6 विकेट से हराकर पहला एशिया कप खिताब अपने नाम किया। फाइनल के बाद आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे (जिलाधिकारी एवं कलेक्टर, कटक) और विशिष्ट अतिथि संजय राउल (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर) ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। यह श्रृंखला ओडीसीए और ओसीए के सहयोग से इंडियन डीफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) द्वारा आयोजित की गई थी। टीम के कोच देव दत्त (मुख्य कोच), रविकांत भट्ट (सहायक कोच) की अगुवाई में भारत ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 4 विकेट से हराया, इसके बाद दूसरे मैच में नेपाल को 10 विकेट से पराजित किया। तीसरे मैच में श्रीलंका ने नेपाल को 6 विकेट से हराया। रिवर्स मुकाबलों में श्रीलंका ने नेपाल को 157 रन से हराया, जबकि भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की और नेपाल पर 9 विकेट की शानदार जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। जीत के बाद डीसीसीआई के महासचिव रवि कांत चौहान ने कहा कि पहले एडीसीए टी-20आई एशिया कप में भारत की बधिर टीम की जीत देश में दिव्यांग क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण है। यह जीत खिलाड़ियों के धैर्य, अनुशासन और अटूट प्रतिब(ता को दर्शाती है। ऐसे मील के पत्थर यह साबित करते हैं कि हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित पहचान और मंच देने के लिए संरचित अवसर और निरंतर समर्थन कितना आवश्यक है। एडीसीए के अध्यक्ष एवं डीसीसीआई के उपाध्यक्ष सुमित जैन ने कहा कि बाराबाती स्टेडियम में एडीसीए टी-20आई एशिया कप 2026 के पहले संस्करण की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह एशिया भर के श्रवण बाधित खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा रहे सभी प्रतिभागियों को मैं बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि भविष्य में भी हम एशिया में ऐसे और अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का हम आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही कटक में इस सफल आयोजन के लिए ओडीसीए और ओसीए के सभी अधिकारियों का विशेष धन्यवाद। फाइनल मुकाबले में भारत के साई आकाश (14 गेंदों में 27 रन और 2 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। श्रीलंका के गिमाडु एल- मल्कम (196 रन) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। श्रीलंका के गिहान लसीदु (10 विकेट) को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। श्रीलंका के ही गिमाडु (196 रन और 7 विकेट) को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

# सुजीत ने जीता 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में सोना



● इस महीने की शुरुआत में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीतने के बाद दूसरा पदक जीता

**अल्बानिया, वार्ता।** सुजीत कलकल ने मुहामेत मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय अभियान की शानदार शुरुआत की। बुधवार को खेले गए मुकाबले में अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लगातार चार जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

इस महीने की शुरुआत में 2026 अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने क्रोएशिया में जाग्रेब ओपन में जीत दर्ज करने के बाद 2026 अंडर-23 रैंकिंग सीरीज में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के दो बार के पैन अमेरिकन चैंपियन जोसेफ मैककेना को 11-0 से हराने के बाद फाइनल में अजरबैजान के राशिद बाबाजादे को 10-0 से मात दी। तीन सप्ताह में अमेरिकी पहलवान पर सुजीत की यह दूसरी जीत थी। दोनों पहलवानों का सामना जाग्रेब ओपन के सेमीफाइनल में हुआ था। इससे पहले भी सुजीत ने इसी स्कोर से मुकाबला जीता था। 23 वर्षीय भारतीय पहलवान, जो अपने आयु वर्ग में एशियन चैंपियन भी हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत अल्बानिया के एंड्रियो अवडिली पर 16-4 जीत हासिल करने के साथ की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के निका जाकाशविली को 10-0 से हराया। यह सुजीत का अंडरवेट कैटेगरी में चौथा स्वर्ण पदक था। इससे पहले उन्होंने 2022 जुहैर सघायर और 2025 पॉलीक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इसी वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारत के मोहित कुमार क्वालीफाइंग राउंड से आगे नहीं बढ़ सके। अंकुश और आतिश तोडकर ने 57 किलोग्राम वर्ग में रेपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मुकाबलों तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया, लेकिन आखिर में अपने-अपने मैचों में हार का सामना करना पड़ा सुमित (57 किलोग्राम), राहुल (61 किलोग्राम), सिद्धार्थ (70 किलोग्राम), परविंदर (74 किलोग्राम) और आर्यन (86 किलोग्राम) अपने-अपने भार वर्गों में पदक राउंड तक पहुंचने में असफल रहे।

# मियोमिर ने ज्वेरेव को चौंकाया



● इस जीत के साथ ही मियोमिर केकमानोविच क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए

**मेक्सिको, वार्ता।** मियोमिर केकमानोविच ने दुनिया के नंबर 4 अलेक्जेंडर ज्वेरेव को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में चौंका दिया और अपनी पहली टॉप 5 जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही वह मेक्सिको के अकापुल्को में एबिएर्तो मेक्सिकनो टेलसेल के क्वार्टर-फ़ाइनल में पहुंच गए। दुनिया में 84वें नंबर पर काबिज 26 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने ढाई घंटे से ज्यादा चले कड़े मुकाबले में 2021 के चैंपियन को 6-3, 6-7(3), 7-6(4) से हराया।

केमानोविच, जो टॉप 5 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले सभी 11 मैच हार चुके थे, ने अपने करियर के सबसे बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक दिया, और यादगार जीत पक्की करने के लिए निर्णायक टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा। मैच के बाद केकमानोविच ने कहा कि यह बहुत अच्छा लग रहा है, खासकर इसलिए क्योंकि पिछले कुछ साल मुश्किल रहे हैं।इसलिए मैं खुश हूं कि आखिरकार कुछ चीजें मेरे हिंसाब से हो रही हैं।

उन्होंने खास मौकों पर अग्रेसिव तरीके से खेला और असरदार सर्व किया, जबकि ज्वेरेव अपने बैकहैंड पर कंसिस्टेंसी के लिए जूझते रहे, उन्होंने 17 अनफोर्स्ड गलतियां कीं, जबकि केकमानोविच ने छह गलतियां कीं। इस जीत के साथ, केकमानोविच ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-2 से बराबर कर लिया और एटीपी 500 इवेंट के आखिरी आठ में पहुंच गए, जहां उनका सामना फ्रांस के टेरेंस एटमाने से होगा, जिन्होंने राफेल जोडार को 6-2, 4-6, 6-1 से हराया। दूसरे मैचों में, पांचवीं सीड फ्लेवियो कोबोली ने डालिबोर स्वर्सिना को 6-4, 6-4 से हराया और अब उनका अगला मैच चीन के वू यिबिग से होगा, जिन्होंने जापान के शो शिमाबुकुरो को 6-3, 7-6(4) से हराया।

## कलबुर्गी अगले हफ्ते अपना सबसे बड़ा महिला इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करेगा

**बेंगलुरु, वार्ता।** कलबुर्गी 1 से 8 मार्च 2026 तक चंद्रशेखर पाटिल स्टेडियम में आईटीएफ डब्ल्यू35 कलबुर्गी का स्वागत करते हुए अपना सबसे बड़ा इंटरनेशनल महिला टेनिस टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए तैयार है।

यह 30,000 डॉलर का टूर्नामेंट, इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन द्वारा चलाए जाने वाले आईटीएफ महिला वर्ल्ड टेनिस टूर का हिस्सा है, और यह शहर का पहला आईटीएफ डब्ल्यू35-लेवल का महिला प्रोफेशनल इवेंट है। इस टूर्नामेंट में 32 खिलाड़ियों का सिंगल्स मेन ड्रॉ होगा, जिसके पहले 1 मार्च से 32 खिलाड़ियों का क्वालिफाइंग ड्रॉ होगा, साथ ही 16 टीमों का डबल्स ड्रॉ भी होगा। मेन ड्रॉ मैच 3 मार्च से शुरू होंगे। आईटीएफ डब्ल्यू35-कैटेगरी का इवेंट होने के नाते, यह कीमती रैंकिंग पॉइंट्स देता है।

# ब्लैक कैप्स की नजर सेमीफाइनल बर्थ पर

### इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफाइनल की महक आ रही हो

### न्यूजीलैंड की क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है

**कोलंबो, वार्ता।** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच सुपर आठ स्टेज का मुकाबला नर्वसनेस बनाम नैचुरल लय की एक क्लासिक लड़ाई होने का वादा करता है, एक ऐसा मुकाबला जिसे देखने वालों को शुक्रवार रात यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में अपने स्कोरकार्ड को कसकर पकड़े रहना चाहिए। इंग्लैंड इस मैच में ऐसे स्वैग के साथ उतरेगा जैसे उसे पहले से ही सेमीफ़ाइनल की महक आ रही हो। उन्होंने कड़ी मेहनत की है, आगे का टिकट बुक किया है, और अब थोड़ी आजादी से खेल सकते हैं। बिल्कुल वैसे ही जैसे कोई बैट्समैन अपना शतक पूरा कर चुका हो और शानदार, बेफिक्र स्ट्रोक खेलना शुरू कर दे। इंग्लिश कैंप उम्मीद कर रहा होगा कि सीरियस मामला शुरू होने से पहले वह इस मैच को एक आखिरी शार्पनिग एक्सरसाइज के तौर पर इस्तेमाल करेगा, साथ ही अपने सीनियर बैटिग स्टार्स से कुछ कंसिस्टेंसी भी निकलवाएगा। हालांकि, न्यूजीलैंड इस मैच को एक ऐसी टीम की तरह खेलेगा जिसकी कमर थोड़ी दीवार से टिकी हो लेकिन दिल अभी भी लड़ाई में पूरी तरह से लगा हो। उनके क्वालिफिकेशन का समीकरण नतीजों और नेट रन रेट मैथेमेटिक्स पर नाजुक रूप से बैलेंस्ड है। एक जीत उन्हें कॉन्फिडेंस के साथ सेमीफ़ाइनल में पहुंचा देगी( लेकिन, हार उन्हें कोलंबो पर धीरे-धीरे बारिश के बादलों की तरह दूसरे नतीजों को धीरे-धीरे आते देखने के लिए बेचैन कर सकती है। इंग्लैंड की बैटिग का मैदान एक बार फिर कप्तान हैरी ब्रूक के इर्द-गिर्द घूमने वाला है। ब्रूक पहले ही दिखा चुके हैं कि वह पलक झपकते ही सतर्क आर्किटेक्ट से विस्फोटक विध्वंसक बन सकते हैं, खासकर टूर्नामेंट की शुरुआत में जब इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर लड़खड़ा रहा था, तब उन्होंने 50 गेंदों में शतक लगाया था। इंग्लैंड के लिए एकमात्र चिंता टॉप पर कंसिस्टेंसी है - वे ऐसी शुरुआत चाहते हैं जो सिर्फ़ शानदार न हो, बल्कि सॉलिड हो। इंग्लैंड से उम्मीद है कि वह हमेशा की तरह व्हाइट-बॉल क्रिकेट खेलेगा, पावरप्ले में एग्रेसिव, बीच के ओवरों में क्लिनिकल, और फिर आखिरी पांच में धमाका करने की कोशिश करेगा। बॉलिग डिपार्टमेंट में भी कुछ रोटेशन हो सकता है क्योंकि मैनेजमेंट की एक नजर नॉकआउट पर है। रचिन रवींद्र के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। वह उन खिलाड़ियों में से एक दिखे हैं जिनका हर बार प्रेशर बढ़ने पर कॉन्फिडेंस बढ़ता जाता है। जब विकेट गिरे, तो रवींद्र ने बल्ले से स्थिरता दी और फिर गेंद को असरदार तरीके से घुमाकर जरूरी ब्रेकथ्रू दिलाए। ब्लैक कैप्स अपने मिडिल-ऑर्डर की मजबूती से खास तौर पर शानदार रहे हैं। जब वे मुश्किल में पड़े, तो वे घबराए नहीं, उन्होंने बस पार्टनरशिप बनाई, स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया, और मोमेंटम के अपने पक्ष में आने का इंतजार किया। प्रेमदासा के हालात में एक अच्छा क्रिकेट मुकाबला होना चाहिए। पहले भी, इस जगह पर हुए 55 से ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से, पीछा करने वाली टीमों ने 29 मैच जीते हैं, जबकि पहले बैटिग करने वाली टीमों ने 24 जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 144 है, जिससे पता चलता है कि 160 से ऊपर का कोई भी स्कोर बहुत मुश्किल होगा। मौसम के अनुमान के मुताबिक, क्रिकेट के लिए यह एक खूबसूरत शाम होगी, जिसमें तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, ह्यूमिडिटी लगभग 75 प्रतिशत होगी, और बारिश का खतरा बहुत कम होगा। ऐसे हालात में, बैट्समैन अपने शॉट खेल सकते हैं, लेकिन जो बॉलर लगातार अपनी लेंथ पर हिट करते हैं, वे फिर भी अपनी बात रख सकते हैं। टैक्टिकली, गेम में तीन जाने-पहचाने टी-20 चैप्टर होने चाहिए, जबरदस्त पावरप्ले बैटिग, बीच के ओवरों में डिसिप्लिन्ड स्पिन बॉलिग, और डेथ ओवरों में जबरदस्त हिटिंग। इंग्लैंड अटैकिग क्रिकेट पसंद करता है, लगभग वैसे ही जैसे

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराया

● कप्तान हेली मैथ्यूज 100 रन/दो विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** कप्तान हेली मैथ्यूज (100रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका पर 24 गेंदे शेष रहते छह विकेट से सांत्वना जीत दर्ज की। हेली को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार से नवाजा गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की टीम हर्षिता समरविक्रमा के 70 रनों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 217 रन ही बना सकी। मैथ्यूज ने टीम का नेतृत्व किया, 12/2 की खराब स्थिति से उबरने में मदद की, और अब वह सबसे ज्यादा एकदिवसीय शतक बनाने वालों की सूची में संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका की शुरुआत खराब



रही जब कप्तान चामरी अटापट्टू पहले ही ओवर में हेली मैथ्यूज की गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गईं। हालांकि, समरविक्रमा ने 112 गेंदों पर 70 रन बनाकर पारी को संभाला, जो इस दौरान उन्होंने अपना दूसरा अर्धशतक बनाया। उन्होंने हसिनी परेरा (34 गेंदों पर 27) और विशमी गुणरत्ने (46 गेंदों पर 26) के साथ मिलकर मजबूत साझेदारी की। इसके अलावा, कविशा दिलहारी, जो 58 गेंदों पर 45 रन बनाकर नाबाद रहीं। आखिरी ओवरों में किए गए योगदान ने मेहमान टीम को सात विकेट पर 217 के स्कोर तक पहुंचाया। मेजबान टीम के लिए, मैथ्यूज और करिश्मा रामहरक ने से दो-दो विकेट लिए। एफी फ्लेचर, अश्मिनी मुनिसर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत भी खराब रही। मल्की मदारा ने शुरुआती ओवरों में दो विकेट कियाना जोसेफ (दो) और शर्मेन(शून्य) को सस्ते में आउट कर दिया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया बिझौली सीएससी केंद्र का औचक निरीक्षण

# अनियमितताएं मिलने पर केंद्र को कराया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्राम बिझौली में देवभूमि सीएससी केंद्र पर औचक निरीक्षण, अनियमितताओं पर केंद्र सील में संचालित देवभूमि सीएससी सेंटर पर आज दीपक रामचंद्र शेट, संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई गंभीर अनियमितताएँ पाई गईं, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए केंद्र को सील कर दिया गया।

जांच में सामने आया कि केंद्र पर शासन द्वारा निर्धारित दर सूची प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा नागरिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था का अभाव था तथा आवश्यक सूचना बोर्ड एवं सेवा संबंधी विवरण भी



प्रदर्शित नहीं किए गए थे, जो निर्धारित मानकों का स्पष्ट उल्लंघन है। निरीक्षण के दौरान केंद्र में कई आधार कार्डों की हार्ड कॉपी भी पाई गईं। नियमानुसार ऐसे दस्तावेजों को सुरक्षित प्रक्रिया के अंतर्गत ही रखा जाना चाहिए, लेकिन उनका खुले रूप में पाया जाना गंभीर लापरवाही माना गया। उक्त अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री दीपक रामचंद्र शेट के निर्देश पर देवभूमि सीएससी केंद्र, बीजौली को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। साथ ही संबंधित संचालक के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि आमजन की सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी जन सेवा केंद्रों को निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने तीन पर लगाया घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा झबरेड़ा के मोहल्ला तेलियान निवासी एक महिला द्वारा थाने में तहरीर देकर उनके घर में घुसकर एक महिला व तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

कस्बा के मोहल्ला तेलियान निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मोहल्ले में ही रहने वाले दो लोग तथा दो महिलाओं द्वारा उनके घर में घुसकर उनके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए दोनों भाई बहनों को घायल कर दिया। झगड़ा होने का शोर सुनकर कुछ मोहल्लेवासी भी वहां आ गए ।मोहल्ले वासियों को इकट्ठा होते देख हमलावर वहां से भाग गए ।थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि दोनों पक्षों को थाने में बुलाया गया है ।दोनों पक्षों के आने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## होली में हुड़दंगियों पर होगी पुलिस की पैनी निगाह : सीओ

### आपसी सहयोग से मिलजुल कर मनाये त्यौहार : चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** इस बार रंगों के त्योहार में माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले हुड़दंगियों पर खाकी की पैनी निगाह होगी। इसके लिए सीओ मंगलौर ने एक विशेष रणनीति तैयार की है। इसमें होलिका दहन से लेकर धुलेंदी (परेवा के दिन) तक पुलिस का सभी चौराहों पर सख्त पहरा रहेगा। इसके लिए सीओ अभिनय चौधरी ने अपने अधिकार क्षेत्र की कोतवाली व थाना प्रभारियो सुरक्षा व्यवस्था के आदेश दे दिए हैं।

रंगों के त्योहार पर चुनावी रंजिश,पुरानी रंजिश,जमीनी विवाद तथा जबरन रंग डालने को लेकर अक्सर मारपीट झगड़ा बवाल होने की आशंकाएं बनी रहती है। इस बार ऐसा करने वाले हुड़दंगियों



से निपटने को लेकर पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अपनी तैयारी तेज कर दी है। रमजान माह में पड़ने वाले होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर सीओ मंगलौर ने एक विशेष रणनीति तैयार की है। सीओ अभिनय चौधरी ने बताया कि कोतवाली मंगलौर थाना झबरेड़ा व भगवानपुर प्रभारियों द्वारा गांव गांव जाकर लोगों से बैठक कर लोगों से त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की जा रही हैं। इस बार चिन्हित होलिका दहन स्थलों पर खास नजर रखी जाएगी। कहा कि पुलिस कानून व्यवस्था तोड़ने वालों से सख्ती से निपटने को तैयार है। संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस व पीएसी के जवानों को खास हिदायत दी गई हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्गो पर पुलिस के साथ ट्रैफिक पुलिस की टीम भी लगातार जांच करेंगी।

गौ स्क्वायड व लक्सर पुलिस की गन्ने के खेत में संयुक्त छापेमारी

## डेढ़ कुंतल मांस व दो जिंदा गाय बरामद, आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में गौकशी की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बृहस्पतिवार को कोतवाली लक्सर पुलिस ने ग्राम रणसुरा में एक घर के पीछे स्थित गन्ने के खेत में छापा मारा, जहां गौकशी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस टीम के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने मौके से दो जीवित गायों को सकुशल मुक्त कराया और भारी मात्रा में मांस व अन्य पशु अवशेष बरामद किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान खेत से गौवंशीय पशु के चार पैर, लगभग 150 किलोग्राम लाल, गुलाबी व पीले रंग के चर्बीयुक्त मांस के टुकड़े, एक गौवंशीय पशु की खाल, एक जोड़ी जूते तथा पेड़ से रस्सी से बंधी दो जीवित गायें बरामद की गईं। बरामद मांस का परीक्षण करने पहुंचे पशुचिकित्साधिकारी, ब्लॉक बहादराबाद ने प्रथम दृष्टया इसे गौवंशीय पशु का मांस बताया। इस मामले में कोतवाली लक्सर में मुकदमा अपराध संख्या 195/26 अंतर्गत धारा 3, 5, 11 उत्तराखंड गौ



संतान संरक्षण अधिनियम 2007 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। कोतवाली लक्सर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कौशयारी के नेतृत्व में व0उ0नि0 नितिन चौहान, अ0उ0नि0 रंजीत नौटियाल, कानि0 कपिल देव, कानि0 अरुण चौहान, कानि0 रविन्द्र चौहान और कानि0 अक्षय तोमर व गौ वंश स्क्वॉड की टीम में हे0का0 सुनील कुमार, कानि0 दीवान सिंह, कानि0 राजेन्द्र रावत, कानि0 बृजकिशोर, कानि0 प्रवीण तथा म0का0 लखमीरी शामिल रहे । लक्सर पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, जबकि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## बिना एंट्री फीस बाहरी बसों पर लगेगा ब्रेक, रोडवेज परिसर में टास्क फोर्स तैनात

**रुड़की।** रुड़की रोडवेज बस अड्डे पर अब बिना एंट्री फीस जमा किए बाहरी राज्यों की बसों की एंट्री पर सख्ती होगी। बस अड्डे की व्यवस्था दुरुस्त करने और राजस्व हानि रोकने के लिए प्रबंधन ने छह सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया है।

यह टास्क फोर्स अलग-अलग शिफ्टों में बस अड्डे के दोनों गेटों पर तैनात रहेगी और बाहरी बसों की एंट्री पर नजर रखेगी। लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि कई बाहरी राज्यों की बसें बिना निर्धारित एंट्री फीस जमा किए सीधे परिसर में प्रवेश कर जाती हैं। इससे एक ओर बस अड्डे में अव्यवस्था फैलती है, वहीं पहले से लाइन में खड़ी बसों को बाहर निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## नाली विवाद में दो पक्षों में संघर्ष, पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव मैं रास्ते में पानी की नाली बनाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया ।दोनों पक्षों में गाली गलौज में मारपीट होने पर किसी ग्रामीण द्वारा पुलिस को सूचना दी गई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पांच लोगों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया ।गिरफ्तार किए गए पांचो लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम खजुरी मैं पानी की नाली बनाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए तथा एक दूसरे को गाली गलौज करते हुए मारपीट हो गई। एक ग्रामीण द्वारा फोन से पुलिस को झगड़ा होने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगड़ा कर रहे एक पक्ष से मोहित मँगता सिंह तथा मैनपाल तथा दूसरे पक्ष से आबाद अहमद व उस्मान को पुलिस द्वारा मौके पर गिरफ्तार कर थाने लाया गया। उक्त पोंचो के खिलाफ शांति



भंग में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किए गए हैं।

## हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले फरार चल रहे हैं एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर तमंचा कारतूस बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा राजकुमार निवासी भगवानपुर हरिद्वार द्वारा दिनांक-25.02.2026 को कोतवाली भगवानपुर में तहरीर देकर अंकित कराया था कि अभि0 'कार्तिक पुत्र सतवीर' निवासी वार्ड न0-8 भगवानपुर द्वारा मेरी नाबालिक नातिन को जान से मारने की नियत से उसके उपर फायरिंग कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है व वादी के साथ भी गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी दी गई है। घायल नातिन का उपचार मंहत इन्द्रेश अस्पताल देहरादून में चल रहा है। वादी मुकदमा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल धारा-109(1)/351(2)/352 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये एसएसपी हरिद्वार' द्वारा अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये थे। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कार्तिक उपरोक्त को हसनपुर मदनपुर तिराहे के पास से घटना में प्रयुक्त तमंचे व खोखा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा उपरोक्त मे आर्म्स एक्ट की बढोतरी की गई है। वाद गिरफ्तारी अभि0 को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में व०उ०नि० अंकुर शर्मा, उ०नि० विनय मोहन द्विवेदी, . अ०उ०नि० अखिलेश कुमार, हे०का० मनीष धपोला शामिल रहे।

## दिव्यांग खिलाड़ी का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दिव्यांग खिलाड़ी भारूवाला निवासी प्रदीप कुमार का को ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। प्रदीप इंडोनेशिया में पैरा थ्रो बॉल टूर्नामेंट में फाइनल जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। इस दौरान नितिन प्रधान, पंकज कुमार, सदन मास्टर, जगपाल, कंवरपाल, चरण सिंह, नकलीराम, साहब सिंह, जोध सिंह मास्टर, किशन, बाबू मास्टर और विकास मास्टर आदि उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में चले धारदार हथियार, चार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला गांव में मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। बाइक की हल्की साइड लगने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि वहां पर धारदार हथियार चल गए। हमले में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के पनियाला गांव में मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। एक युवक बाइक से जा रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे को हल्की साइड लग गई। युवक मौके से अपने घर चला गया, लेकिन कुछ देर बाद बच्चे के पक्ष के लोगों ने कथित रूप से धारदार हथियारों के साथ बाइक सवार युवक के घर पर हमला बोल दिया। हमले में नादिर, नासिर, भूरा और अजमल घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अस्पताल परिसर में भी एहतियातन पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## गंगनहर पुलिस ने एक वारण्टी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** न्यायालय द्वारा जारी वारण्टों की तामील कर अभियुक्तगण के विरुद्ध गंगनहर पुलिस की निरन्तर प्रभावी कार्यवाही मैं एक वारण्टी को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा दिये गये दिशा निर्देश व क्षेत्राधिकारी रुड़की महोदय के कुशल नेत्तृव में वारन्टियो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा पुलिस टीमे गठित की गई है। गठित टीम द्वारा दिनाँक 25/02/26 को फरार चल रहे वारंटी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया वारंटी को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। 'गिरफ्तारशुदा वारण्टी का नाम'फुरकान अहमद अंसारी उर्फ के के उर्फ अजय चौहान पुत्र मोहम्मद यमन निवासी मकान नंबर 197 शाहपीर गेट थाना कोतवाली सिटी जिला मेरठ उत्तर प्रदेश उम्र 45 वर्ष है। पुलिस टीम-उप निरीक्षक नवीन कुमार-कांस्टेबल राकेश राणा शामिल रहे।

## प्रीतम इंटर प्राईजेज कं. में पुलिस का जागरुकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जनपद हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे जागरुकता अभियान पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम को कुशल क्रियान्वयन हेतु एसएसपी हरिद्वार' द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। आदेश के क्रम में भगवानपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक-26.02.2026 को प्रीतम इण्टर प्राइजेज कम्पनी रायपुर भगवानपुर मे महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों, गौरा शक्ति एप्प. उत्तराखंड पुलिस एप्प, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112,महिला हेल्पलाइन 1090/1091 साइबर अपराध से बचाव, हेल्पलाइन 1930, छेड़छाड़,घरेलू हिंसा तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। पुलिस सदैव आपकी सहायता एवं सुरक्षा के लिए तत्पर है। साथ ही आत्मरक्षा के सामान्य उपायों एवं सतर्कता



संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सुरक्षा एवं विश्वास बढ़ाने वाला कदम बताया की पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

मेथाडिस्ट गर्ल्स डिग्री कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन

## विधायक बतरा ने स्वयंसेवियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मेथोडिस्ट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, सिविल लाइंस, रुड़की की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का आज ग्राम शफीपुर, रुड़की में भव्य समापन समारोह हुआ। यह शिविर 20 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया था।

समापन समारोह में विधायक प्रदीप बत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए समाज सेवा, स्वच्छता, शिक्षा एवं जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं ने शिविर के अनुभव साझा किए तथा ग्राम शफीपुर में किए गए विभिन्न सेवा कार्यों की प्रस्तुति दी। विधायक बत्रा ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पायल अग्रवाल




सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## प्रशासनिक टीम ने स्टेशन रोड व मालवीय चौक से हटवाया अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही निरंतर जारी है। जनपद में किसी भी क्षेत्र में कोई अतिक्रमण न हो इसके लिए जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, संबंधित अधिकारियों एवं पुलिस को अपने अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

जानकारी के अनुसार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही निरंतर जारी है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज उनके नेतृत्व में नगर निगम एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रुड़की तहसील रोड, गंग नहर कोतवाली से स्टेशन रोड और मालवीय नगर चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया तथा राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान 22 लोगों के चालान करते हुए 41 हजार का अर्थ दंड वसूला गया। निरीक्षण के दौरान तहसील, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की टीम वहीं मौजूद रहे।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का इज़रायल दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल बाद फिर से इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। मंगलवार को जिस तरह उनका इजरायल की राजधानी तेल अवीव के एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ, वह यह बताता है कि भारत और इजरायल के रिश्ते पहले की अपेक्षा बेहद मधुर दौर में हैं। इजरायल की यात्रा से पहले पीएम मोदी ने आशा व्यक्त की थी कि यह यात्रा भारत इजरायल के बीच स्थायी संबंधों को सुदृढ़ करेगी। रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगी। पीएम मोदी ने यह भी कहा था कि वह इजरायल के पीएम नेतन्याहू के साथ होने वाली चर्चा को लेकर आशान्वित हैं और उनका फोकस विज्ञान और प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा एवं सुरक्षा व्यापार, निवेश के लोगों के बीच आपसी संबंधों समेत विभिन्न क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगा। पिछले कुछ वर्षों में देखने में आया है कि भारत-इजरायल संबंध मजबूत हुए हैं, जिनमें रक्षा, वैज्ञानिक, अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं। विशेष रूप से रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर आ रहा है। जिसमें इजरायल भारत को सैन्य प्लेटफॉर्म और हथियार प्रणालियां मुहैया करा रहा है। पीएम मोदी पहली बार 2017 में इजरायल के दौरे पर गए थे। दूसरी बार जाने पर नेतन्याहू ने मोदी का गले लगाकर अभिवादन किया। नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ एयरपोर्ट पर स्वयं पीएम मोदी का स्वागत करने पहुंचे थे। निसंदेह पिछले दस वर्षों में भारत ने इजरायल के साथ अभूतपूर्व नजदीकी बढ़ाई है। हालांकि इजरायल को लेकर देश में मोदी सरकार की आलोचना भी कम नहीं हो रही है। तमाम विपक्षी दल जिसमें कांग्रेस और वामपंथी दल आगे हैं, वो इस यात्रा का विरोध भी कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो स्पष्ट कह दिया है कि पीएम मोदी का इस समय इजरायल का दौरा करना ना राजनीतिक रूप से और न ही कूटनीतिक रूप से तर्कसंगत कदम कहा जा सकता है। यूं भी यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब फलस्तीन में उसके द्वारा नरसंहार कराए जाने को लेकर इजरायल के मित्र देश भी उससे छिटक रहे हैं और दूरी बनाकर चल रहे हैं। ऐसे में पीएम मोदी का इजरायल दौरा खाड़ी के देशों को भी विचलित कर सकता है जिनसे भारत के बेहतर संबंध रहे हैं। इस तरह का तर्क देने वालों को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता, क्योंकि इजरायल वह देश है जिसके साथ निकटता अन्य देशों के संबंधों पर प्रभाव डाल सकती है और भारत के हितों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में इजरायल के साथ आगे बढ़ते हुए भारत को बेहद सतर्कता की आवश्यकता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इजरायल हमारा सैन्य स्तर पर काफी सहयोग कर रहा है और काफी रक्षा प्रणाली हमें दे रहा है। लेकिन साथ ही हम अन्य देशों पर भी तेल, गैस, ऊर्जा को लेकर काफी निर्भर हैं।

## सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी



सपा का चाल, चरित्र और चेहरा हमेशा से ही दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और बहुजन समाज विरोधी रहा है, कांशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस मनाने की घोषणा सपा की शुद्ध राजनीतिक नाटकबाजी है और यह बहुजन समाज के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास मात्र है, सपा का इतिहास दलितों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय-अत्याचार से भरा रहा है, 1993 के सपा-बसपा गठबंधन और 2 जून 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड बहुजन समाज के सम्मान पर सीधा हमला थी, जो इतिहास में दर्ज है और जिसे भुलाया नहीं जा सकता, सपा सरकारों ने कांशीराम और बहुजन महापुरुषों के सम्मान में किए कई कार्यों को बदलने, समाप्त करने का काम किया।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# वंदे मातरम की गूंज और आजाद का अद्वितीय बलिदान



**श्वेता गोयल**

भारतीय इतिहास के आकाश में 27 फरवरी का दिन उस नक्षत्र की याद दिलाता है, जिसकी चमक से ब्रिटिश साम्राज्यवाद की आंखें चौंधिया गई थी। यह दिन उस महामानव के बलिदान का साक्षी है, जिसने अपनी प्रतिज्ञा को अपने प्राणों से भी ऊंचा स्थान दिया। चंद्रशेखर आजाद, एक ऐसा नाम, जिसके स्मरण मात्र से धमनियों में रक्त का संचार तीव्र हो जाता है और हृदय में राष्ट्रभक्ति का ज्वार उमड़ पड़ता है। आजाद केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थे, एक ऐसी जलती हुई मशाल थे, जिसने गुलामी के घोर अंधकार में करोड़ों भारतीयों को स्वतंत्रता का मार्ग दिखाया। उनका संपूर्ण जीवन एक ऐसी महागाथा है, जिसका प्रत्येक अध्याय साहस, त्याग और स्वाभिमान की स्याही से लिखा गया है।

**शैशव की दहलीज पर क्रांति का अंकुर**

मध्य प्रदेश के भाबरा गांव की मिट्टी में 23 जुलाई 1906 को जन्मे चंद्रशेखर सीताराम तिवारी का बचपन अभावों की गोद में बीता। उनके पिता एक साधारण किसान थे, जो कड़ी मेहनत से परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन उस बालक की आंखों में नियति ने कुछ और ही स्वप्न सजो रखे थे। वे बचपन से ही निडर और साहसी थे, अन्याय को सहना उनके स्वभाव में नहीं था। जब 1921 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन की पुकार काशी की गलियों में गूंजी तो 14 वर्ष का यह बालक अपनी पढ़ाई छोड़कर राष्ट्र की वेदी पर आ खड़ा हुआ। काशी की तंग गलियों में हाथ में तिरंगा लिए जब वह बालक अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध गर्जना कर रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह छोटा सा किशोर आगे चलकर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला देगा। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया और मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। उस कचहरी का दृश्य आज भी रोंगटे खड़े कर देता है। मजिस्ट्रेट ने जब रौब से नाम पूछा तो बालक ने निर्भय होकर उत्तर दिया, 'आजाद'। पिता का नाम पूछने पर कहा, 'स्वतंत्रता' और निवास का पता बताया, 'जेलखाना'। मजिस्ट्रेट इस धृष्टता पर तिलमिला उठा और उसने 14 साल के उस कोमल शरीर को 15 कोड़ों की सजा सुनाई।

**रक्त से लिखा गया स्वाभिमान का इतिहास**

सरेआम उस बच्चे को निर्वस्त्र कर टिकटी से बांध दिया गया। भारी और मोटे बेंत का हर प्रहार उसकी खाल उधेड़ रहा था, पीठ से खून के फव्वारे छूट रहे थे लेकिन उस बालक की आंखों में दर्द नहीं बल्कि एक अलौकिक गर्व था। हर कोड़े की मार पर वह पूरी ताकत से चिल्लाता था, 'वंदे मातरम!', 'भारत माता की जय!' 15 कोड़े पूरे होने तक उसका शरीर मांस का एक लोथड़ा बन चुका था, हड्डियां दिखाई देने लगी थी लेकिन उस वीर ने एक भी आंसू नहीं गिराया। जेल के डॉक्टर जब घावों पर दवा लगाते तो वह बच्चा दर्द से तड़पता जरूर था पर उसके होंठों पर मुस्कान और हृदय में प्रतिशोध की ज्वाला थी। इसी दिन से वह दुनिया के लिए 'आजाद' बन गए और उन्होंने संकल्प लिया कि वे कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे।

**काकोरी और क्रांतिकारी संगठन का पुनर्गठन**

असहयोग आंदोलन के अचानक वापस लिए जाने से आजाद का मोहभंग हुआ और वे सशस्त्र क्रांति की ओर मुड़ गए। उनकी क्रांतिकारी यात्रा का एक स्वर्णिम पड़ाव 'काकोरी कांड' था। 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास सरकारी खजाने से भरी ट्रेन को लूटकर क्रांतिकारियों ने फिरंगियों को सीधी चुनौती दी।

इस कांड के बाद कई साथी पकड़े गए लेकिन अपनी चतुराई और वेश बदलने की कला में माहिर आजाद पुलिस की आंखों में धूल झोंक. कर बच निकले। संगठन बिखर चुका था पर आजाद का हौसला नहीं। 1928 में उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे युवा मेधावियों के साथ मिलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' की नींव रखी। आजाद इस संगठन के सेनापति थे। वे अनुशासन और निष्ठा के प्रति इतने कठोर थे कि संगठन के भीतर किसी को नियम तोड़ने की अनुमति नहीं थी। भगत सिंह जैसे प्रखर बुद्धिजीवी भी उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते थे।

**छद्मवेश और निशानेबाजी की अद्भुत कला**

आजाद केवल एक योद्धा नहीं बल्कि एक कुशल रणनीतिकार भी थे। वे अक्सर साइकिल से मीलों की यात्रा करते थे, जो उनकी सादगी और संकल्प को दर्शाता है। ब्रिटिश पुलिस से बचने के लिए उन्होंने कई बार ऐसे भेष धरे कि पास खड़ा जासूस भी उन्हें पहचान नहीं पाता था। कभी वे अपनी मूंछें मुंडवाकर साधु बन जाते, तो कभी बनारस के घाटों पर नाविक बनकर अंग्रेजों के बीच से सुरक्षित निकल जाते थे। एक बार तो वे एक मंदिर में साधु बनकर रुके और अंग्रेज पुलिसकर्मी उन्हें पहचान तक नहीं सके। वे एक अद्वितीय निशानेबाज थे, जंगल के भीतर पेड़ों पर घंटों अभ्यास करना उनकी दिनचर्या थी। उनकी पिस्तौल 'बमतुल बुखारा' सदैव उनके पास रहती थी और उनकी अचूक निशानेबाजी का खौफ अंग्रेज अफसरों में ऐसा था कि वे आजाद का नाम सुनते ही कांपने लगते थे।

**लाहौर से दिल्ली तक प्रतिशोध की गूंज**

1928 में जब लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में हुई मृत्यु का बदला लेने की बात आई तो आजाद ने ही योजना बनाई। जे।पी। सांडर्स की हत्या के बाद उन्होंने अपने साथियों को सुरक्षित निकालने में अपनी पूरी शक्ति लगा दी। 8 अप्रैल 1929 को जब भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय असेंबली में बम फैंका तो उसके पीछे भी आजाद की संगठनात्मक शक्ति काम कर रही थी। उन्होंने अपने साथियों को बचाने की हरसंभव कोशिश की लेकिन जब वे असफल रहे तो उन्होंने अकेले ही संगठन की कमान संभाली।

**अंतिम संघर्ष: अल्फ्रेड पार्क की अमर गाथा**

27 फरवरी 1931 की वह दुपहरी इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज हो गई। इलाहाबाद द्धप्रयागराजत्र के अल्फेड पार्क में आजाद अपने एक साथी के साथ किसी भावी रणनीति पर विचार कर रहे थे, तभी गद्दारी की सूचना पर पुलिस ने पार्क को चारों ओर से घेर लिया। भारी मात्रा में पुलिस बल और अत्याधुनिक हथियारों के सामने आजाद अकेले थे, हाथ में वही विश्वसनीय पिस्तौल और जेब में सीमित गोलियां। मुठभेड़ शुरू हुई। आजाद ने अपने साथी को सुरक्षित निकाल दिया और स्वयं पुलिस का सामना करने लगे। उन्होंने अपनी चतुराई और निशानेबाजी से अंग्रेज अफसरों को पेड़ के पीछे दुबकने पर मजबूर कर दिया। गोलियां खत्म हो रही थी। अंततः जब पिस्तौल में केवल एक गोली बची तो उन्हें अपनी वह प्रतिज्ञा याद आई, 'मैं कभी जीवित अंग्रेजों के हाथ नहीं आऊंगा'। उन्होंने तनिक भी संकोच नहीं किया और वह अंतिम गोली अपनी कनपटी पर दाग ली। इस प्रकार वह शेर अपनी ही मांद में शान से सो गया। उनकी मृत्यु के बाद भी पुलिस उनके पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी, डर था कि कहीं यह भी 'आजाद' की कोई चाल न हो।

**आजाद के जीवन का संदेश और प्रासंगिकता**

चंद्रशेखर आजाद का बलिदान केवल एक क्रांतिकारी का अंत नहीं था बल्कि वह एक जलती हुई मशाल थी, जिसने आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति का अर्थ सिखाया। 24 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने जो कीर्तिमान स्थापित किए, वे आज के युवाओं के लिए एक महाकाव्य के समान हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देशभक्ति केवल नारों या सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि वह हमारे आचरण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा में दिखनी चाहिए। आजाद का नारा, 'हम जिएंगे आजाद, मरेंगे आजाद!' आज भी भारतीय हवाओं में गूं. जता है और हमें प्रेरणा देता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विकट क्यों न हों, यदि संकल्प दृढ़ है तो दुनिया की कोई भी शक्ति आपको गुलाम नहीं बना सकती। आजाद का जीवन त्याग और अनुशासन की पराकाष्ठा था। उन्होंने कभी अपने निजी सुख के बारे में नहीं सोचा। उनकी वह प्रतिमा, जिसमें वे अपनी मूंछों पर ताव देते हुए दिखते हैं, केवल वीरता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि वह भारतीय स्वाभिमान की वह चुनौती है, जो हर युग के अत्याचारी शासक को दी जाती रहेगी। भारत की आत्मा में चंद्रशेखर आजाद सदा जीवित रहेंगे क्योंकि जो राष्ट्र के लिए मरते हैं, वे कभी नहीं मरतेय अमर हो जाते हैं।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरसों का अड्डा है आपका टूथब्रश

**ये वायरस संभवतः हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित कैलिफोर्निया विश्व. विद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गति. विधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है।**

क्या आप जानते हैं कि आपके टूथब्रश और शॉवरहेड में सैकड़ों वायरस हो सकते हैं। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं। बैक्टीरियोफेज नामक यह वायरस सिर्फ बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं, इंसानों को इससे कोई खतरा नहीं हैं। उल्टा यह वायरस हमें खतरनाक, दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से लड़ने के नए तरीके खोजने में मदद कर सकते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी की एरिका हार्टमैन के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने आम घरेलू सतहों पर वायरस की अदृश्य दुनिया की अधिक जानकारी के लिए अमेरिकी घरों से 92 शॉवरहेड और 36 टूथब्रश का अध्ययन किया। उन्नत डीएनए अनुक्रमण तकनीकों का उपयोग करके, इन नमूनों में उन्होंने 600 से अधिक विभिन्न प्रकार के बैक्टीरियोफेज पाए। इनमें से ज्यादातर वायरस, टूथब्रश में पाए गए और वहां मिले कई वायरस तो विज्ञान के लिए सर्वथा नए थे।

बैक्टीरियोफेज आम तौर पर दो में से किसी एक तरीके से कार्य करते हैं, वे या तो बैक्टीरिया की मशीनरी को हाईजैक कर लेते हैं और अपनी प्रतियां बनाकर अंततः मेजबान बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं या वे बैक्टीरिया के जीनोम में एकीकृत हो जाते हैं और बैक्टीरिया के व्यवहार को बदल देते हैं। ये वायरस संभवतः हमारे घरों में रसोई के सिंक या रेफ्रिजरेटर जैसी अन्य नम सतहों पर भी मौजूद होते हैं। यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि बैक्टीरियोफेज रोजमर्रा के वातावरण में कैसे काम करते हैं, जिससे शोधकर्ताओं को आसपास छिपी हुई सूक्ष्मजीवी दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। सैन डिएगो स्थित



कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के जैक गिल्बर्ट इसे एक आकर्षक संसाधन के रूप में देखते हैं जो हमारे घरों के अंदर फेज गतिविधि के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करता है। इस शोध की एक दिलचस्प संभावना यह भी है कि दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया से निपटने के लिए नए खोजे गए बैक्टीरियोफेज का उपयोग किया जा सकता है। जब एंटीबायोटिक्स विफल हो जाते हैं, तो इंजीनियर्ड बैक्टीरियोफेज का उपयोग कभी-कभी इन सुपरबग्स को मारने के लिए किया जा सकता है। यह उपचार के लिए एक आशाजनक विकल्प प्रदान करता है। सारतः, साधारण-सा दिखने वाला टूथब्रश अदृश्य वायरसों से भरा और चिकित्सा में उपयोगी हो सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# अनोखी प्रणयलीला अपनाता है यह पक्षी

वैसे तो कई सारे नर मादा को रिझाने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाते हैं। कई अपने रंग-रूप से लुभाते हैं, कुछ अपनी शक्ति से, कुछ गाकर, तो कुछ नाच कर, लेकिन बॉवरबर्ड कुल ptilonorhynchidae के सदस्यों के नर की प्रणयलीला का अंदाज निराला है। अपनी मादाओं को नर बॉवरबर्ड रिझाते तो नाच-गाकर ही हैं, लेकिन इसके लिए वे पहले पूरा मंच (स्टेज) बनाते हैं, उसे सजाते हैं। और तो और, हालिया अध्ययन बताता है कि वे अपने मंच में ऐसा इंतजाम करते हैं कि उनका गाना मादाओं को मोहित करने के लिए एकदम सही सुरों में सुनाई दे। इतना ही नहीं, वे अपने दर्शकों (मादाओं) के लिए परफॉर्मेंस देखते-देखते खानपान की व्यवस्था भी करते हैं। यानी मूवी के साथ पॉपकॉर्न भी। वास्तव में, अनूठी प्रणयलीला के चलते बॉवरबर्ड के प्रदर्शन पर काफी अध्ययन हुए हैं। लेकिन यह सभी अध्ययन दृश्य इंतजामों और प्रदर्शन तक सीमित थे। पता चला था कि बॉवरबर्ड टहनियां वगैरह इकठी करके मेहराबदार सुरंगनुमा, बॉवर या ऊंची कुटिया बनाते हैं। इसके द्वार से सटे आंगन की सजावट वे कंकड़-पत्थर, शंख, हड्डियों और कांच या प्लास्टिक के रंगीन टुकड़ों से करते हैं। जब यह कुटिया बनकर तैयार हो जाती है तो नर तेज, कर्कश आवाजें निकालकर इसके बारे में मादाओं को सूचना देते हैं। अगर कोई मादा इस पुकार को सुनकर चली आती है, और कुटिया की बनावट और सजावट उसे भा जाती है तो वह अंदर प्रवेश करती है। बस फिर क्या, नर उड़कर (पीछे की ओर बने) आंगन में आ जाता है और अपनी कलाकारी का प्रदर्शन शुरू कर देता है। मादा सुरंगनुमा कुटिया के दरवाजे से आंगन में खड़े नर बॉवरबर्ड का केवल सिर ही देख पाती है। नर का प्रदर्शन भी उसी के अनुरूप होता है। नर बॉवरबर्ड तेज, कर्कश, हिस्स्सकारती हुई आवाज में गाना गाता है। गाने के साथ वह मादा को लुभाने के लिए संटियां, फल जैसी विभिन्न वस्तुएं चोंच से उछाल-उछाल कर दिखाता है, और गर्दन घुमाकर अपने सिर के पीछे बने गुलाबी पंखों का मुकुट भी दिखाता है, लेकिन जैसा कि ऊपर भी कहा गया है कि ये सारे अवलो. कन बॉवरबर्ड की दृश्य गतिविधियों पर केंद्रित थे। डीकिन युनिवर्सिटी के प्रकृति-इतिहासकार जॉन एंडलर जानना चाहते थे कि क्या कुटिया की बनावट और आंगन की सजावट 'गाने' को मादा के लिए रुचिकर बनाने कोई भूमिका निभाते हैं? अपने अध्ययन के लिए उन्होंने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के निवासी ग्रेट बॉवरबर्ड (Chlamy der-anuchalis) को चुना। पहले तो उनकी टीम ने उत्तरी क्वींसलैंड के वनों में नर बॉवरबर्ड्स के 'प्रेमालाप' की रिकॉर्डिंग की। इसके बाद, उन्होंने कुटिया के प्रवेश द्वार (जहां नर होता है) पर स्पीकर को रखकर इस रिकॉर्डिंग को चलाया, और जहां आम तौर पर मादा का सिर होता है वहां माइक्रोफोन लगाकर ध्वनियों को रिकॉर्ड किया ताकि यह समझा जा सके कि कुटिया के आकार के कारण नर का प्रेमगीत मादा को कैसा सुनाई देता है। फिर, टीम ने व्यवस्थित रूप से कुटिया के आंगन में सजाई गई विभिन्न सजावटी वस्तुओं को हटाया और पता किया कि प्रत्एक सामग्री से कुटिया के अंदर सुनाई पड़ने वाली ध्वनि पर कैसा प्रभाव पड़ता है। बिहेवियोरल इकोलॉजी में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि नर ग्रेट बॉवरबर्ड बेहतरीन साउंड इंजीनियर होते हैं। कुटिया का आकार नर के गीत को ऊंचा कर देता है, जिससे अंदर मौजूद मादा को यह ज्यादा तेज सुनाई देता है। आंगन की सजावट भी आवाज को प्रभावित करती हैय शंख जैसी सख्त सतह भी टकराने वाली आवाज को तेज कर देती हैं। नर ग्रेट बॉवरबर्ड मादा के लिए न सिर्फ आकर्षक भवन, गीत और नृत्य प्रदर्शन का इंतजाम करते हैं बल्कि वे शो के दौरान खाने की चीजों का इंतजाम भी करते हैं। वे कुटिया की दीवारों को लार और वनस्पतियों से रंगते हैं, और उनके प्रदर्शन को देखते हुए मादा इसे चबाती हैं। रिझाने के लिए एक और पैंतरा! देखा जाए तो यह अध्ययन अपने-आप में काफी दिलचस्प है लेकिन इस संदर्भ में कई और चीजें समझना बाकी हैं। जैसे मादा कर्कश या मृदु आवाजों या मोटी-पतली आवाजों में गाए गए प्रेमगीतों पर कैसी प्रतिक्रिया देती हैं।

**-स्रोत फीचर्स**



# भूमध्य सागर सूखने पर जीवन उथल-पुथल हुआ था

अपने सुंदर समुद्र तटों के लिए लोकप्रिय भूमध्य सागर लगभग 60 लाख वर्ष पूर्व पूरी तरह से सूख गया था। भूमध्यसागर लवणीयता संकट के रूप मशहूर इस घटना ने इस क्षेत्र में लगभग सभी समुद्री जीवन को मिटा दिया और नमक की एक मोटी परत छोड़ दी। इसके परिणामस्वरूप क्षेत्र की जैव विविधता गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस घटना के साक्ष्य पहली बार 1970 के दशक में उजागर हुए जब भूवैज्ञानिकों ने समुद्र तल की खुदाई में बड़े पैमाने पर नमक जमा पाया। विशेषज्ञों के अनुसार 60 लाख वर्ष पूर्व पृथ्वी की महाद्वीपीय प्लेटें खिसकने के कारण भूमध्य सागर अटलांटिक महासागर से अलग हो गया, जिसके बाद लगभग 6 लाख वर्षों में समुद्र सूख गया। नतीजतन कोरल रीफ और मछली प्रजातियों से संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र लगभग नमक का बंजर रेगिस्तान बन गया। इस संकट ने समुद्री जीवन को काफी प्रभावित किया, भूमध्य सागर की जैव विविधता को हमेशा के लिए बदल डाला। भूविज्ञानी कॉन्स्टेन्टिना अगियादी और उनकी टीम द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययन ने इस विलुप्ति की घटना और उसके बाद की बहाली के बारे में नई जानकारी प्रदान की है। उन्होंने संग्रहालयों में उपलब्ध 1।2 करोड़ से 35 लाख वर्ष पुराने 23,000 से अधिक जीवाश्मों का विश्लेषण किया, जिससे 1755 वंशों (जेनेरा) की 4903 प्रजातियों का पता चला जो कभी भूमध्य सागर में निवास करती थीं। इस शोध से एक गंभीर तस्वीर सामने आई हैरू जीवंत कोरल रीफ सहित लगभग 800 प्रजातियां पूरी तरह से विलुप्त हो गईं। केवल सार्डीन और मैनेटी से सम्बंधित समुद्री स्तनधारियों जैसी केवल 86 प्रजातियां इस आपदा से बच पाईं।

लगभग 50,000 वर्षों के बाद, टेक्टोनिक प्लेटों के विचरण ने भूमध्य सागर को अटलांटिक से फिर से जोड़ दिया और समुद्र का पानी सूखे हुए बेसिन में वापस बहने लगा। लगभग 2700 प्रजातियां इस क्षेत्र में पुनरू आबाद हो गईं। हालांकि, वे सभी प्रजातियां वापस नहीं पनप सकीं जो पहले यहां रहा करती थीं। आजकल की प्रजातियों में नई प्रजातियां अधिक हैं। जैसे, ग्रेट व्हाइट शार्क, डॉल्फिन वगैरह।



पटना। होली उत्सव के दौरान पटना महिला कॉलेज की छात्राएं।

## एपस्टीन फाइल्स में बिकिनी पहनी महिला के साथ दिखे वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग

**वाशिंगटन।** जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हाल में सामने आए दस्तावेजों में एक पुरानी तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें दिवंगत ब्रिटिश वैज्ञानिक स्टीफन हाकिंग दो बिकिनी पहनी महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर 2006 की बताई जा रही है। परिवार ने साफ किया है कि फोटो में दिख रही महिलाएं उनकी लंबे समय से देखभाल करने वाली केयरगिवर थीं और किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार के आरोप निराधार हैं। तस्वीर कथित तौर पर कैरेबियाई द्वीप सेंट थामस के रिट्ज-कार्लटन होटल में ली गई थी। यहां मार्च 2006 में एपस्टीन ने एक वैज्ञानिक सम्मेलन का आयोजन कराया था। उस कार्यक्रम में 21 अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक शामिल हुए थे।

## यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं: राहुल गांधी

■ कहा: शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा, यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर पीएम मोदी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नार्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नार्थ कोरिया नहीं।

राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही। राहुल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा किसोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुक. दमा और जेल, यह लगभग तय है।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले: ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

### कहा: सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते



■ बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे: वेंस

**वाशिंगटन।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वारशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा।

वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फाक्स न्यूज से बात. चीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमे. रिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं।

### पीओके पर भारत की पाक को फटकार, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में सुनवाई खरी-खरी

# जबरन कब्जे वाले इलाके खाली करो

■ पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है: अनुपमा सिंह

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए तगड़ी फटकार लगाई है। भारत ने इस्लामाबाद पर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि जम्मू और कश्मीर का विकास पथ पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं के बिल्कुल विपरीत है।

23 फरवरी से 31 मार्च तक आयोजित हो रहे सत्र में 25 फरवरी को आयोजित उच्चस्तरीय सत्र के दौरान भारत के जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारत की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस समूह ने खुद को एक सदस्य देश के लिए 'प्रतिबिंब कक्ष' के रूप में इस्तेमाल होने दिया है।

अनुपमा सिंह ने कहा कि हम इन आरा. पों को सिरे से खारिज करते हैं। साथ ही यह भी जोड़ा कि पाकिस्तान का लगातार दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा हुआ है। सिंह ने भारत के उस चिरस्थाई रुख को दोहराया कि जम्मू और कश्मीर 'भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।' उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता अधि. नियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार, 1947 में इस क्षेत्र का भारत में विलय पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से संबंधित एकमात्र लंबित विवाद पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है और उन्होंने इस्लामाबाद से अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों को खाली करने को कहा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में, जिनेवा में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और ओआईसी द्वारा उच्च स्तरीय खंड के दौरान उठाए गए मुद्दों के जवाब में भारत को अपने उत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है। हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार को दो. हराकर, ओआईसी यह प्रकट करता है कि वह किस हद तक एक सदस्य देश के प्रभाव में आ गया है, और उस देश की राजनीतिक बाध्यताओं के लिए एक प्रतिध्वनि कक्ष बनकर रह गया है। पाकिस्तान का निरंतर दुष्प्रचार ईर्ष्या से भरा है। हम इसे महत्व नहीं देना चाहते, लेकिन तथ्यों के आधार पर इसका खंडन करने के लिए हम कुछ बिंदु उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की किसी भी प्रकार की मनगढ़ंत बयानबा. जी या दुस्साहसी दुष्प्रचार इस अटल तथ्य को नहीं बदल सकता कि जम्मू और कश्मीर का भारत में विलय 1947 के भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह से कानूनी और अपरिवर्तनीय था। वास्तव में, एकमात्र लंबित मुद्दा यह पाकिस्तान द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा है। हम पाकिस्तान से जबरन कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर में आम चुनाव और विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड मतदान इस बात का प्रमाण है कि वहां की जनता ने पाकिस्तान द्वारा प्रचारित आतंकवाद और हिंसा की विचारधारा को खारिज कर दिया है और विकास और लोकतंत्र के पथ पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर पिछले साल जम्मू और कश्मीर में उद्घाटन किया गया दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल, चेनाब रेल पुल, फर्जी माना जाता है, तो पाकिस्तान को हकीकत की दुनिया में रहना चाहिए या शायद उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू और कश्मीर का विकास बजट आईएमएफ से मांगे गए हालिया राहत पैकेज से दोगुने से भी अधिक है।

## भारत-इजरायल की दोस्ती से पाक चिंतित



■ पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुए

**इस्लामाबाद।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर इजरायलमें हैं। पीएम मोदी को इस दौरे पर इजरायल का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। पीएम मोदी की यात्रा के दौरान भारत और इजरायल के बीच संबंध और मजबूत हुआ है। वहीं भारत इजरायल के बीच इस दोस्ती को देखकर पाकिस्तान को झटका लगा है।

पाकिस्तान की घबराहट उसके हालिया प्रस्ताव में साफ दिखाई दे रही है। दरअसल, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी के इस दौरे पर भारत और दूसरे देशों के साथ क्षेत्रीय गठबंधन बनाने के बारे में बताया, जिसका नाम हेक्सागन अलायंस होगा। पाकिस्तान को पीएम नेतन्याहू की ये बात चुभ रही है। तभी तो पाकिस्तान ने इजरायली प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पास कर दिया है। भारत और इजरायल रक्षा, व्यापार और सुरक्षा क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने पर फोकस कर रहे हैं। भारत और इजरायलने एक सुरक्षा एमओयू पर भी हस्ताक्षर किया है जो भारत में हथियार की व्यवस्था को एक साथ विकसित करने पर फोकस है। यह समझौता आयरन डोम को भारत में इजरायलके सहयोग से विकसित करने पर हुआ है।

## अमेरिका उत्तर कोरिया के परमाणु राष्ट्र संपन्न दर्जा स्वीकार करे: किम जोंग उन

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि यदि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीति छोड़कर उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र के संवैधानिक दर्जे को स्वीकार करता है, तो उत्तरी कोरिया अमे. रिका के साथ संबंधों को सुधारने के लिए तैयार होगा। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की नौवीं कांग्रेस के अवसर पर आयोजित एक परमाणु सैन्य परेड में किम ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका उत्तर कोरिया के संविधान में परिभाषित परमाणु राष्ट्र की वर्तमान स्थिति का सम्मान करता है और उत्तर कोरिया के प्रति अपनी शत्रुतापूर्ण नीति वापस लेता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम अमेरिका के साथ अच्छे संबंध स्थापित न कर सकें। किम ने कहा कि अमेरिका और उत्तर कोरिया साथ चल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब अमेरिका यह स्वीकार कर ले कि उत्तर कोरिया के परमाणु हथियार स्थाई रूप से रहेंगे। उत्तरी कोरिया के सुप्रीम लीडर की टिप्पणियों को अप्रैल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा से पहले अमेरिका के साथ बातचीत का रास्ता खोलने के रूप में देखा गया।

## चीन के वैश्विक जासूसी नेटवर्क का खुलासा



■ हैकिंग समूह ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी

**न्यूयार्क।** तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने एक बेहद संगठित और खतरनाक अंतर्राष्ट्रीय साइबर जासूसी नेटवर्क को ध्वस्त करने का दावा किया है।

गूगल ने बताया कि चीन से जुड़े एक हैकिंग समूह यूएनसी2814 (जिसे गैलियम भी कहा जाता है) ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी। गूगल थ्रेट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुख्य विश्लेषक जान हल्टक्विस्ट ने कहा कि यह एक विशाल जासूसी तंत्र था, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और विशिष्ट संस्थानों की निगरानी करना था। यह समूह लगभग एक दशक से सक्रिय है। वैसे, गूगल ने स्पष्ट किया कि यह किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्लेटफार्म का दुरुपयोग था। हैकरों ने ग्रिडटाइड नामक एक गुप्त बैकडोर स्थापित किया था, जिससे उन्हें लोगों के नाम, फोन नंबर, जन्म तिथि, मतदाता पहचान पत्र और नेशनल आईडी जैसे बेहद निजी डेटा तक पहुंच मिल गई थी। हल्टक्विस्ट ने कहा कि जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार कंपनियों को अपना निशाना बनाता रहा है। हालांकि, गूगल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैकिंग समूह की ओर से नियंत्रित क्लाउड प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है और उनके इंटरनेट बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय कर दिया है। हमलों का उद्देश्य काल डाटा रिकॉर्ड और एसएमएस संदेशों की चोरी करना था।

## ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का तीसरा दौर शुरू

■ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर

**जिनेवा।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम एशिया में अमे. रिकी सैन्य जमावड़े के कारण दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। इससे पहले वार्ता के पहले और दूसरे दौर इस महीने की शुरुआत में मस्कट और जिनेवा में आयोजित किए गए थे।

इससे पहले ओमान के विदेश मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी ने बुधवार शाम जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों मंत्रियों ने हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा क्योंकि सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने ऐसे हथियारों के विकास प्रतिबंध लगा रखा है। पेजेशकियन ने कहा कि किसी समाज का धार्मिक नेता राजनेताओं की तरह झूठ नहीं बोल सकता और जब उन्होंने घोषणा कर दी है कि हमारे पास परमाणु हथियार नहीं होंगे, तो इसका मतलब है कि हम इसे नहीं बनाएंगे।

## मार्च की शुरुआत मे हो सकती है अमेरिका, यूक्रेन रूस के बीच बैठक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधिमंडलों के बीच अगले दौर की बातचीत मार्च की शुरुआत में होने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया ने जेलेंस्की के हवाले से कहा कि बातचीत से पहले यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार एवं राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद सचिव रुस्तम उमरोव गुरुवार को अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जैरेड कुशनर से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस द्विपक्षीय बैठक में आगामी तीन-तरफ़ा बातचीत की तैयारियों, यूक्रेन की पुनर्निर्माण निधि और यूक्रेन तथा रूस दोनों देशों के बीच कैदियों की संभावित अदला-बदली पर ध्यान दिया जाएगा।

## पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### अदालत ने दिए केंद्र सरकार को बैठक में शामिल होने के निर्देश, 14 मार्च को अहम मीटिंग

■ 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है कि वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे द्वारा दी गई दलीलों के बाद यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश एमिकस क्यूरी द्धन्यायालय का मित्रऋ वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को हुई बैठक में केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी। इस दलील पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने आदेश दिया कि भारत सरकार के वकील ने पहले ही क्षमा मांग ली है कि संचार में कुछ गड़बड़ी के कारण वे बैठक में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि अगली बैठक में वे पूरा सहयोग देंगे। पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च, 2026 की तारीख सुझाई है। बैठक पहले दिए गए निर्देशानुसार 14 मार्च, 2026 को आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च 2026 को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एक मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए पुलिस स्टेशनों में कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया था। दिसम्बर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्धएनआईएऋ सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकार्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, मुख्य द्वार पर, लाक-अप में, गलियारों में, लाबी और रिसेप्शन में, साथ ही लाक-अप कमरों के बाहर के क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भी हिस्सा बिना सुरक्षा के न रह जाए।

## ब्राजील में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हुई

**रियो डी जनेरियो।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी मिनास गेरैस राज्य में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं। प्रशासन की ओर से बुधवार को आए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित शहर जुइज डे फोरा में 40 मौतें हुई हैं, जबकि पास की उबा नगरपालिका में छह मौतों की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि जुइज डे फोरा में 19 और उबा में दो लोग लापता हैं। जुइज डे फोरा में लगभग 3000 लोग और उबा में 26 लोग बेघर हो गए हैं, जबकि भूस्खलन और बाढ़ के खतरे के कारण क्रमश: 400 और 178 लोगों को निकाला गया है।

## कनाडाई धरती पर अपराधों से नहीं जुड़ा भारत: कनाडा

### पीएम कार्नी के भारत दौरे से पहले दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत दिए

■ भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे



**ओटावा।** प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे से पहले कनाडा ने दोनों देशों के बीच तनाव खत्म होने की संभावनाओं का संकेत देते हुए कहा है कि भारत अब उसकी सरजमीन पर हिसक अपराधों में शामिल नहीं है। टोरोंटो स्टार की ओर से प्रकाशित एक खबर के अनुसार, एक वरिष्ठ कनाडाई अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा सरकार को विश्वास है कि अब इस तरह की घटनाएं नहीं हो रहीं।

रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से कहा गया कि हमारा कूटनीतिक आदान-प्रदान बहुत मजबूत है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच भी है। मुझे लगता है कि अब यह कह सकते हैं कि उस तरह की कोई गतिविधि जारी नहीं है। अप्रैल 2025 में कनाडा की कमान संभालने वाले कार्नी गुरुवार को भारत के लिए रवाना होंगे। यह उनके हिंद-प्रशांत दौरे का पहला पड़ाव होगा। भारत में मुंबई और नई दिल्ली का दौरा करने के बाद कार्नी ऑस्ट्रेलिया और जापान भी जाएंगे। इस दौरे का लक्ष्य द्विपक्षीय संबंधों को फिर से कायम करना और व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में सहयोग का विस्तार करना है। उल्लेखनीय है कि कनाडा ने 2023 में खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते कटु हो गए थे। इस विवाद के कारण दोनों देशों ने अक्टूबर 2024 में उच्चायुक्तों और राजनयिकों को वापस बुला लिया गया। कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायुक्तों को काम पर लौटा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि वरिष्ठ स्तर पर व्यवस्थित बातचीत ने संवाद के लिए रास्ता बनाया है। अपने भारत दौरे पर कार्नी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अन्य उद्यमियों से मिलकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और निवेश संबंध मजबूत करेंगे। साल 2024 में भारत कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार-साथी था। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30.8 अरब डॉलर था। नों ही देश फिलहाल एक विस्तृत आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत कर रहे हैं जिससे व्यापार 2030 तक 70 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है।

## यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग

■ चीन ने कहा: देशों की प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान जरूरी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र स्थित चीनी स्थाई मिशन के राजनयिक थंग फेइ ने एक आपात विशेष यूएन महासभा में यूक्रेन संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की। शांति के समर्थन पर फैसले का मसौदा पारित होने के बाद अपने भाषण में थंग फेइ ने कहा कि वर्तमान नाजुक वक्त में चीन को इंतजार है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय संकट के राजनीतिक समाधान के लिए लाभकारी वातावरण तैयार करेगा।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यूएन महासभा शांति के लिए रचनात्मक भूमिका निभाएगी। चीन इस संकट के राजनीतिक समाधान के लिए सकारात्मक कोशिश जारी रखेगा। थंग फेइ ने कहा कि चीन अभी यूएन महासभा के फैसले मसौदे पर मतदान से अलग हुआ है। चीन का हमेशा से विचार है कि विभिन्न देशों की प्रभुसत्ता और प्रादे. शिक अखंडता का सम्मान करना जरूरी है, और साथ ही यूएन चार्टर के सिद्धांतों का पालन करना है। विभिन्न पक्षों की सुरक्षा चिंताओं को महत्व देना है और संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए लाभदायक सभी कोशिशों का समर्थन करना चाहिए। थंग फेइ ने कहा कि समस्या का जड़ से समाधान करना चाहिए ताकि अधिक संतु. लित, प्रभावी और सतत् यूरोपीय सुरक्षा ढांचा बन जाए। जिनेवा में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने फोन पर विस्तार से चर्चा की। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने का रास्ता खोजना है। यूक्रेनी राष्ट्रपति का मानना है कि इन बैठकों के माध्यम से बातचीत को शीर्ष नेताओं के स्तर तक ले जाने का मौका मिलेगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108